दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 154 | जयपुर | बुधवार, 09 अप्रैल, 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष द्वादशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan

**मौसम** जयपुर

41.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार

सेंसेक्स 74,227.08 +1,089.18 (1.49%)

निफ्टी 22,535.85 +374.25 (1.69%)

**सर्राफा** सोना/चांदी

सोना 90,855 /10g

चांदी 1,03,000 /Kg

# जयपुर सीरियल ब्लास्ट-जिंदा बम केस में आतंकियों को उम्रकैद

## हाईकोर्ट ने माना था दोषी, 8 धमाकों के मामले में सभी हो चुके थे बरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में करीब 17 साल पहले हुए सीरियल बम धमाकों के दौरान जिंदा मिले बम केस में चारों आतंकियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने 600 पेज का फैसला दिया है। 13 मई को 2008 को जयपुर में 8 सीरियल ब्लास्ट हुए थे, नौंवा बम चांदपोल बाजार के गेस्ट हाउस के पास मिला था। बम फटने के 15 मिनट पहले इसे डिफ्यूज कर दिया गया था।

सबसे बड़ा न्यायालय, हमारा मन होता है क्या गलत है, क्या सही, यह हमारा मन जानता है,सजा हुई है, मतलब गुनाह भी हुआ है। इससे पहले मंगलवार को सजा पर बहस के दौरान सरकारी वकील स्पेशल पीपी सागर तिवाड़ी ने आरोपियों को शेष जीवनकाल तक जेल में रखने की सजा देने की मांग की। उन्होंने कहा- दोषियों का कृत्य गंभीरतम अपराध है। इनके साथ किसी भी सूरत में नरमी नहीं बरती जा सकती है। वहीं, आरोपियों के वकील मिन्हाजुल हक ने बहस करते हुए कहा- दोषी 15 साल से जेल की सजा भुगत रहे हैं। अन्य आठ मामलों में हाईकोर्ट इन्हें बरी कर चुका है। ऐसे में भुगती हुई सजा के आधार पर कम से कम सजा दी जाए।

### शुक्रवार को दोषी करार दिया था

इससे पहले शुक्रवार को जयपुर बम ब्लास्ट मामलों की विशेष अदालत ने चारों को दोषी करार दिया था। अदालत ने जिंदा बम केस में सैफुर्रहमान, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद सरवर आजमी और शाहबाज अहमद को दोषी ठहराया था। चारों आतंकियों को इंडियन पेनल कोड की 4 धाराओं, अनलॉफुल एक्टिविटी प्रिवेंशन एक्ट (यूएपीए) की दो, विस्फोटक पदार्थ कानून की 3 धाराओं में दोषी ठहराया गया है। इन धाराओं में अधिकतम आजीवन कारावास का प्रावधान है। इनमें शाहबाज को छोड़कर अन्य को सीरियल ब्लास्ट के मामले में फांसी की सजा सुनाई गई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने इन्हें बरी कर दिया था। फांसी की सजा के मामले में राज्य सरकार की अपील सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है।



### 112 गवाहों के बयान हुए थे

**एटीएस ने जिंदा बम मामले में इन सभी आरोपियों को 25 दिसंबर 2019 को जेल से गिरफ्तार कर लिया था। एटीएस ने जिंदा बम मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश की थी। इसमें एटीएस ने तीन नए गवाह शामिल किए थे। सुनवाई के दौरान एटीएस ने पत्रकार प्रशांत टंडन, पूर्व एडीजी अरविंद कुमार और साइकिल कसने वाले दिनेश महावर सहित कुल 112 गवाहों के बयान दर्ज करवाए थे।**

# राममंदिर में गंगाजल छिड़कने वाले ज्ञानदेव आहूजा बीजेपी से सस्पेंड



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राम मंदिर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के दर्शन के बाद गंगाजल छिड़कने के मामले में बीजेपी के सीनियर लीडर ज्ञान देव आहूजा को पार्टी ने प्राथमिक सदस्यता से निलंबित कर दिया है। साथ ही, कारण बताओ नोटिस जारी किया है। तीन दिन में बीजेपी ने आहूजा से जवाब भी मांगा है। उधर, ज्ञानदेव आहूजा के खिलाफ प्रदेशभर में कांग्रेस ने मंगलवार को प्रदर्शन किया। सोमवार देर रात एक संगठन के कार्यकर्ताओं ने जयपुर में मानसरोवर स्थित आहूजा के आवास के बाहर लगे नेम प्लेट पर कालिख पोत दी थी।

### आखिर विवाद क्या है?

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली 6 अप्रैल को अपना घर शालीमार (अलवर) में रामलला मंदिर गए थे।

### ज्ञानदेव आहूजा ने कहा था-

टीकाराम जूली हिंदू विरोधी हैं। वो करणी माता मंदिर गए और श्रीराम मंदिर भी गए। अब उनके जाने के बाद मैं जाऊंगा और इनके जो अपवित्र पैर पड़ेंगे वहां, हाथ लगेंगे मूर्तियों को, वहां गंगाजल छिड़कर कर भगवान श्री राम का पूजन करूंगा। अगले दिन 7 अप्रैल को रामगढ़ (अलवर) के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा रामलला मंदिर पहुंचे और गंगाजल का छिड़काव किया था।

## संक्षिप्त समाचार

# 5 दिन में 3400 रुपए सस्ता हुआ सोना

## अमेरिकी टैरिफ के बाद सर्राफा बाजार में आई मंदी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अमेरिकी सरकार द्वारा दुनियाभर में टैरिफ लागू करने की घोषणा के साथ ही दुनिया भर के बाजार में अस्थिरता आ गई है। इसकी वजह से जहां शेयर बाजार में उठा पटक का सिलसिला बढ़ गया है। वहीं, सोनी की बढ़ती कीमत भी घटने लगी है। यही कारण है कि अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ ऑल टाइम हाई 93 हजार 800 रुपए पर पहुंची सोने की कीमत में पिछले 5 दिनों में 3400 की गिरावट आई है। जबकि चांदी की कीमत 92 हजार 100 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। सर्राफा व्यापारी राकेश खंडेलवाल ने बताया- फिलहाल दुनियाभर में अमेरिकी टैरिफ को लेकर असमंजस की स्थिति बन गई है। इसकी वजह से शेयर बाजार लगातार गिर रहा है। इसके साथ ही टैरिफ लागू होने के बाद सोने की कीमत में भी बड़ी गिरावट होने की आशंका है। इसका असर पिछले 5 दिनों में नजर आने लगा है। क्योंकि 5 दिनों में सोने की कीमत 3400 रुपए टूट गई है। जिसकी वजह से बाजार में ग्राहकों की कमी नजर आ रही है। क्योंकि जनता भी सोने की कीमत घटने का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर बाजार के हालात इसी तरह बरकरार रहे, तो आने वाले दिनों में सोने की कीमत में 5000 रुपए तक की गिरावट हो सकती है। वहीं चांदी की कीमत घटकर 90 हजार रुपए से नीचे पहुंच सकती है। जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 90 हजार 400 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 84 हजार 200 रुपए पहुंच गई है।



# जयपुर में कांग्रेस-जिला उपाध्यक्ष ने कार से 9 को कुचला : 3 की मौत

**जयपुर।** जयपुर में तेज रफ्तार एसयूवी कार ने सोमवार रात सड़कों पर कोहराम मचा दिया। आरोपी ड्राइवर कांग्रेस का जिला उपाध्यक्ष उस्मान खान था। जिसे मंगलवार सुबह पार्टी ने पद से हटा दिया।

आरोपी ने शहर के भीड़ भरे इलाके में 7 किलोमीटर तक एसयूवी दौड़ाते हुए 9 लोगों को कुचल दिया। घटना में भाई-बहन सहित 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 6 लोग अब भी गंभीर घायल हैं। पुलिस के अनुसार सबसे पहले शहर की एमआई रोड पर कार के वाहनों को टक्कर मारने की जानकारी मिली थी। इसके बाद कार शहर की तंग गलियों में घुस गई। यहां लोगों को टक्कर मारने के बाद कार एक तंग गली में फंसी तो आरोपी को पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ लिया। मंगलवार सुबह से लोग नाहरगढ़ थाने के बाहर प्रदर्शन कर रहे हैं। वे मृतकों के लिए मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

**एक घंटे तक सड़कों पर मौत बनकर दौड़ी कार-** एडिशनल डीसीपी (नॉर्थ) बजरंग सिंह शेखावत ने बताया कि आरोपी ड्राइवर उस्मान खान (62) ने सबसे ज्यादा टक्कर करीब 500 मीटर के एरिया में मारी है। नाहरगढ़ थाना क्षेत्र में संतोष माता मंदिर के पास आरोपी ड्राइवर ने पहले स्कूटी-बाइक को टक्कर मारी, फिर सड़क पर गिरे लोगों को कुचलते हुए भाग गया। उस्मान खान ने थाने के बाहर खड़ी गाड़ियों को भी टक्कर मारी है। आरोपी ने सोमवार रात 9 .30 बजे सबसे पहले एमआई रोड पर एक गाड़ी को टक्कर मारी थी। उसके बाद शहर की गलियों से वाहनों को टक्कर मारते हुए वो नाहरगढ़ रोड पहुंचा था।

# अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा, मैं बांग्लादेश लौटूंगी वो दिन दूर नहीं जब हमारे गुनहगार कठघरे में होंगे : शेख हसीना

बढ़ता राजस्थान



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा, 'अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा है। मैं वापस लौटूंगी। वो दिन जरूर आएगा जब अवामी लीग के नेताओं को निशाना बनाने वालों को इंसाफ के कटघरे में लाया जाएगा।' अवामी लीग की अध्यक्ष हसीना ने यह बात उस वक्त कही जब वो सोशल मीडिया पर अपने पार्टी नेताओं के परिवार वालों से बात कर रही थीं। पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश छोड़ने के बाद से वे भारत में शरण लेकर रह रही हैं। हसीना ने बांग्लादेश सरकार के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस को लेकर कहा कि वो ऐसा शख्स है जिसे लोगों से कभी मोहब्बत नहीं थी। यूनुस ने गरीबों को छोटे-छोटे कर्ज ऊंची ब्याज दरों पर दिए और इस पैसे से कई देशों में ऐशोआराम की जिंदगी जी। हसीना ने कहा कि उस वक्त हम यूनुस की चालाकी नहीं समझ पाए, इसलिए उसकी मदद करते रहे। लेकिन इससे लोगों को कोई फायदा नहीं हुआ, सिर्फ वह अमीर होता गया।




# अमेरिका ने चीन पर 104% टैरिफ लगाया : 9 अप्रैल से लागू होगा; ट्रम्प ने 50% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की चेतावनी के एक दिन बाद यानी मंगलवार को व्हाइट हाउस ने चीन पर 104प्रतिशत टैरिफ लगाने की पुष्टि की, जो 9 अप्रैल यानी कल से लागू होगा।

ट्रम्प ने सोमवार को कहा था कि अगर चीन ने अमेरिका पर लगाया गया 34प्रतिशत टैरिफ वापस नहीं लिया तो उसे पहले से घोषित 34 प्रतिशत के अलावा बुधवार से 50त्न एक्स्ट्रा टैरिफ का सामना करना पड़ेगा।

ट्रम्प ने कहा कि मैंने चेतावनी दी थी कि कोई भी देश जो अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करेगा, उसे तुरंत नए और काफी ज्यादा टैरिफ का सामना करना पड़ेगा, जो शुरुआत में तय किए गए टैरिफ से ज्यादा होंगे। इसके अलावा हमारी चीन के साथ तय बैठकों को रोक दिया जाएगा और वो अन्य देश जिन्होंने अमेरिका से बैठक का अनुरोध किया है, उनसे बातचीत तुरंत शुरू हो जाएगी।

चीन ने कहा था हम ट्रेड वॉर के लिए तैयार ट्रम्प के बयान पर चीन ने कहा था कि हमारे ऊपर लगे टैरिफ को और बढ़ाने की धमकी देकर अमेरिका गलती के ऊपर गलती कर रहा है। इस धमकी से अमेरिका का ब्लैकमेलिंग करने वाला रवैया सामने आ रहा है। चीन इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। अगर अमेरिका अपने हिसाब से चलने की जिद करेगा तो चीन भी आखिर तक लड़ेगा। रविवार को चीन ने दुनिया के लिए साफ संदेश भेजा था- 'अगर ट्रेड वॉर हुआ, तो चीन पूरी तरह तैयार है- और इससे और मजबूत होकर निकलेगा। चीनी



कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपल्स डेली ने रविवार को एक टिप्पणी में लिखा- अमेरिकी टैरिफ का असर जरूर होगा, लेकिन आसमान नहीं गिरेगा।किसी देश पर जैसे को तैसा टैरिफ नहीं रोकेंगे ट्रम्प ट्रम्प किसी भी देश पर रेसिप्रोकल (जैसे को तैसा) टैरिफ को नहीं रोकेंगे। व्हाइट हाउस ने उन सभी खबरों को खारिज कर दिया है जिनमें दावा किया गया था कि ट्रम्प चीन को छोड़कर सभी देशों पर 90 दिनों तक रेसिप्रोकल टैरिफ रोकने पर विचार कर रहे हैं। दूसरी तरफ, यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने सोमवार को कहा कि यूरोपीय यूनियन (श्व) अमेरिका के साथ समझौते के लिए तैयार है। श्व ने अमेरिका को इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स पर टैरिफ हटाने की पेशकश की है। ब्रूसेल्स में बोलते हुए उर्सुला ने कहा कि इन टैरिफ की वजह से सबसे पहले अमेरिकी उपभोक्ताओं और व्यापारियों को भारी लागत उठानी पड़ती है, लेकिन इनका दुनिया की अर्थव्यवस्था पर भी असर पड़ता है।

सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

## महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वी जयंती की तैयारियों को दिया अंतिम रूप, विशाल शोभा यात्रा आज

बढ़ता राजस्थान

**श्रीमहावीरज( अंशु गुप्ता )।** बस स्टैंड के पास सैनी धर्मशाला परिसर में महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वी जन्म जयंती एवं विशाल शोभायात्रा को लेकर सैनी समाज के प्रमुख लोगों की बैठक मंगलवार को संपन्न हुई कई घंटे तक चली बैठक में बुधवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती एवं शोभा यात्रा की व्यवस्थाओं के बारे में विस्तार से चर्चा कर तैयारीयो को अंतिम रूप दिया। आयोजन कमेटी के महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति के जियालाल, गोविंद सिंह सैनी, तरुण कुमार आदि ने बताया कि जन्म जयंती एवं शोभायात्रा के लिए अलग-अलग समितियां बनाकर जिम्मेदारी सौंप गई है।

आज प्रात: 11बजे कस्बे में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती एवं शोभा यात्रा सैनी समाज धर्मशाला बस स्टैंड के पास से लेकर मोदी कॉलोनी मुख्य बाजार के मार्गों से होते हुए निकाली जावेगी शोभायात्रा में प्रमुख एवं आकर्षण संजीव झांकियो का केंद्र रहेगा। समिति के पदाधिकारीयो ने बताया कि इस अवसर पर सैनी समाज के राजनीतिक पदाधिकारी एवं श्री महावीर जी तहसील, हिंडौन तहसील एवं सूरोठ तहसील तीनों तहसीलों के सैनी समाज के प्रमुख पंच पटेल और सैनी समाज के प्रत्येक गांव से सैनी समाज के महिला पुरुष शामिल होंगे और कार्यक्रम स्थल पर माला की बोली और झंडा की बोली लगाई जाएगी जो इस बोली को लगाएगा उसका सम्मान करके घोड़ी पर बैठाकर उसका स्वागत किया जाएगा।

# आपत्तिजनक बयान बाजी के विरोध में प्रदर्शन, भाजपा नेता का पुतला जलाया

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. ) ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा नेता ज्ञान देव आहूजा का पुतला दहन कर कलेक्ट्रेट चौराहे पर जिला अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया।

जिला महामंत्री अहसान पठान ने बताया कि ज्ञानदेव आहूजा द्वारा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के खिलाफ जो आपत्तिजनक बयान बाजी की एवं दलित नेता व दलित समाज का अपमान कर भाजपा नेता ने अपनी औछी मानसिकता दिखाई है। इस संदर्भ में जिले के सभी प्रमुख कांग्रेस जनों द्वारा आहूजा का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

विरोध प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी व राज्य मंत्री सुरेंद्र सिंह जाड़ावत ने कहा कि भाजपा नेता ज्ञान देव आहूजा द्वारा नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के मंदिर जाने के बाद गंगाजल छिड़कने की घटना दलित के प्रति भाजपा की दुर्भावना को दर्शाती हैं , 21वीं सदी में ऐसी मानसिकता एक सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है ।

इस दौरान वरिष्ठ नेता प्रेम प्रकाश मुंद्रडा पीसीसी सचिव ललित बोरीवाल सदस्य पीयूष त्रिवेदी प्रमोद सिसोदिया ब्लॉक अध्यक्ष अनिल सोनी विक्रम जाट उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम जवर नागेंद्र सिंह राठौड़ महामंत्री अहसान पठान रविंद्र सिंह राणावत आजाद पालीवाल दिनेश सिसोदिया शंभू सुथार अंबालाल शर्मा राजीव सोनी प्रमोद तवर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश नाथ उपसभापति कैलाश पवार जिला प्रवक्ता हर्षवर्धन गार्डन राजेश सोनी जिला सचिव गजानन शर्मा कन्हैयालाल माली रफीक खान राकेश गारू गेरू गिरी गोस्वामी गणेश लाल जाटोलिया शंकर लाल सेन पिंटू विजयवर्गीय नुसरत खान मंडल अध्यक्ष विजय चौहान बालमुकुंद मालीवाल दिनेश सोनी राजदीप सिंह राणावत पूर्व पार्षद टिंकू दमानी रवि सोनी देवराज साहू शैलेंद्र सिंह शक्तावत अशोक वैष्णव राजेंद्र मुंद्रडा संदीप सिंह अरोड़ा मनोहर



मेनारिया घोष मोहम्मद युवा विधानसभा अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना वीपी सिंह नरदारी छत्रपाल सिंह सुनील जाट अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष इम्तियाज हुसैन लोहार मनोहर लाल मीणा किशोर धाकड़ लादू लाल धाकड़ जमाल अहमद सरपंच गौतम विजयवर्गी दिनेश खटीक शांतिलाल डांगी मिट्ठू लाल रेवलिया संपत लाल अहीर अनिल भारद्वाजशहर प्रवक्ता नवरत्न जीनगर शंभू लाल प्रजापतओबीसी प्रकोष्ठ के प्रकाश मेवदा मदनलाल जाट बद्रीलाल जाट नासिर हुसैन युवराज श्रीमाली एनएसयूआई प्रदेश सचिव संजय सेन घूमेंद्र गुर्जर लादू लाल धाकड़ देवीलाल धाकड़ नारायण धाकड रामेश्वर अहीर मनीष चावला आदि सैकड़ो कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ब्यावरः कृषि उपज मण्डी में आग, लाखों का माल जलकर राख, आग बुझाने के लिए फायर बिग्रेड ने करीब 8-9 फेरे से ज्यादा फेरे लगाये

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर स्थित कृषि उपज मण्डी के रूई के यार्ड में अचानक आग लग जाने से मण्डी में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन यह घटना देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर गई। हालांकि, इस घटना में किसी भी प्रकार की जनहानी नहीं हुई है, लेकिन लाखों रुपये के माल के जलने का अनुमान है।

सूचना मिलते ही व्यापारियों ने तत्काल फायर बिग्रेड को बुलाया और मौके पर दमकल की गाड़ियाँ पहुंचीं। फायर बिग्रेड की टीम ने अब तक पांच बार यार्ड में पानी का छिड़काव किया है, लेकिन आग पर काबू पाना अभी तक संभव नहीं हो पाया है। तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैल रही है और उसका असर और बढ़ता जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, आग बुझाने के लिए ट्रैक्टरों से पानी की व्यवस्था की जा रही है और जेसीबी मशीनों से सड़क पर सुख रही ऊन को एकत्रित किया जा रहा है ताकि आग और न फैले। उपखण्ड अधिकारी दिव्यांश सिंह, पुलिस उपाधीक्षक राजेश कसाना और विधायक शंकरसिंह रावत ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उपखण्ड अधिकारी ने आसपास की फैक्टरियों से फायर बिग्रेड बुलवाने के निर्देश दिए, जिसके बाद अल्ट्रा सीमेंट फैक्ट्री की फायर बिग्रेड टीम भी मौके पर पहुंची।

आग लगने के कारणों का अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने जलती हुई बीडी या सिगरेट की तिली कचरे में फेंकी, जिससे धीरे-धीरे आग लगी और वह अचानक विकराल रूप ले ली। घटना स्थल पर अधिकारी लगातार तैनात हैं और आग पर काबू पाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस घटना में आग के कारण हुए नुकसान का आंकलन करना मुश्किल है, लेकिन अनुमान है कि लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया है। आग बुझाने की कोशिशें जारी हैं, और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# बीआर कृषि महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार ) ।** कस्बे के बीआर कृषि महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया ।

सोमवार को मनीराम कस्वाँ की अध्यक्षता में हुए समारोह के मुख्य अतिथि डॉ रणधीर सिंह ढाका, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर श्रवण स्वामी, रामनिवास बेनीवाल, महेंद्र गोदारा ,राजकीय महाविद्यालय साहवा के प्रवक्ता डॉ पवन नेहरा, धर्मचंद भाकर ,महासिंह सहारण आदि थे। मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतिया दी। गायन में पूजा व पायल सैनी, मॉडल में अनुज व मोहित , पोस्टर में अंकित व अंकिता , मेंहदी में पूजा सैनी व स्नेहा के क्रमश: प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहने पर प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर अंतिम वर्ष में प्रथम स्थान पर रहे छात्र अभिषेक डांडिया को 11000 रुपए व द्वितीय स्थान पर रही छात्रा सुप्रिया महला को 5100 रुपए का नगदी पुरस्कार और प्रतीक चिन्ह तथा क्रिकेट, कबड्डी, खो खो, कुश्ती ,रस्सा कस्सी ,दौड़ में विजेता टीमों को प्रतीक चिह्न देकर पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम में तृतीय वर्ष के छात्र



नरेंद्र कुमार राहड़ को स्टूडेंट ऑफ द ईयर के खिताब से नवाजा गया। कार्यक्रम में डॉ रणधीर सिंह ढाका ने कृषि शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय द्वारा संचालित प्रायोगिक गतिविधियों की सराहना की। डॉ श्रवण स्वामी ने खेती व पशुपालन की अंतर्निर्भरता पर विस्तार से जानकारी दी । महाविद्यालय संरक्षक देवकरण कस्वाँ ने सभी का स्वागत करते हुए उन्नत कृषि तकनीक तैयार करने में कृषि वैज्ञानिकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के आठवीं सेमेस्टर के विद्यार्थियों को विदाई दी गई ।संस्था के अध्यक्ष डॉ आजाद सहारण द्वारा विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी जयपुर से पीएचडी की डिग्री पूर्ण करने पर महाविद्यालय परिवार द्वारा अभिनंदन किया गया ।कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों और अभिवावकगणों का डॉ आजाद सहारण व दिनेश कस्वाँ ने आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर संस्था सचिव कमला कस्वाँ , प्राचार्य डॉ नेमीचंद मीणा, प्रवक्ता सुनील नाथ , प्रमोद कुमार, हरीश कुमार , रविंद्र भादू , शिवराज , द्रौपदी , अंकुर ,शंकर लाल ,पूनम ,लखविंदर, कमलेश व समस्त छात्र-छात्रा उपस्थित रहे ।संचालन तृतीय वर्ष के छात्र नरेंद्र कुमार व छात्रा मिनाक्षी ने किया ।

## पोषण अभियान अन्तर्गत सप्तम पोषण पखवाड़े का शुभारंभ्म



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक मनाये जाने वाले सप्तम राष्ट्रीय पोषण पखवाडे का शुभारंभ्म जिला स्तर पर रैली निकाल कर एवं आंगनवाडी केन्द्रों पर पोषण संबंधित विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर किया गया ।उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग सतपाल यादव ने बताया कि पखवाडे के दौरान भारत सरकार निर्देशानुसार मुख्य रूप से 4 थीम पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी जिनमें जीवन के प्रारम्भिक 1000 दिनों पर ध्यान केद्रित करना, पोषण ट्रेकर में लाभार्थी मॉड्यूल का लोकप्रियकरण,छ्रुरू मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन एवं बच्चों में मोटापे की समस्या से निपटने के लिए स्वस्थ जीवनशैली शामिल है ।उन्होंने बताया कि पोषण पखवाडे के दौरान थीम आधारित गतिविधियों के अतिरिक्त सामुदायिक सम्पर्क और जन जागरूक के माध्यम से कुपोषण को समाप्त करने के संबधिंत गतिविधियों का आयोजन किया जाऐगा। आंगनवाडी केन्द्रों पर आयुष और वाश प्रथाओं के माध्यम से सतत् खाद्य प्रणाली और स्वस्थ जीवनशैली को बढावा देने, दस्त प्रबंधन, एनिमिया निवारण आदि से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा ।उन्होंने बताया कि आंगनवाडी केन्द्र, ग्राम पंचायत, सैक्टर एवं ब्लॉक स्तर पर विविद्य गतिविधियों का आयोजन कर पोषण ट्रेकर / जन आंदोलन डैश बोर्ड पर एंट्री की जाएगी। साथ ही ब्लॉक स्तर पर आंगनवाडी केन्द्र वार्ड नंबर 19 पर सप्तम पोषण पखवाडे के तहत सुपोषण दिवस एवं गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन कर वहां उपस्थिति महिलाओं एवं बच्चों को फल वितरित किये गये, बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य के संबंध में समुदाय को जानकारी दी गई तथा पोषण रेली का आयोजन किया गया।

## शहीद मंगल पांडे का 168 वाँ बलिदान दिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** समाजसेवी रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में ज्ञानदीप आदर्श विद्यालय सांगटेडा में मंगल पांडे का बलिदान दिवस मनाया गया ।इस दौरान समाजसेवी रतनलाल शर्मा ने कहा कि मंगल पांडे ने 29मार्च 1857 को बैरकपुर परेड ग्राउंड में लेफ्टिनेंट ब्रांऊ और मेजर सार्जेंट हुसन पर गोली चलाई थी हिंदुस्तान की आजादी की पहली गोली से अंग्रेज भयभीत हो गए अंग्रेजों को मंगल पांडे ने मौत के घाट उतार दिया। शहीद मंगल पांडे को 8 अप्रैल 1857 को फांसी दे दी गई जिससे पूरे देश में आजादी के लिए सुर उठने लगे मंगल पांडे नेटिव इन्फैंट्री की 34 सी रेजीमेंट में सिपाही थे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में भारत माता जिंदाबाद मंगल पांडे अमर रहे नारे गूंजे । और कार्यक्रम के दौरान 2 मिनट का मौन रखा गया इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बाबूलाल चौधरी ने छात्रों को संबोधित करते हुए देशभक्ति के लिए प्रेरित किया और छात्रों को बताया राष्ट्र सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं । इस दौरान समाज सेवा रतन शर्मा ,बाबूलाल चौधरी, प्रताप सिंह ,रामानंद, जितेंद्र ,महेंद्र मुक्कड़ ,कुलदीप व समस्त विद्यालय के छात्र मौजूद रहे।

## श्री निंबार्ककृष्ण बिहारी जी भगवान के नवम् पाटोत्सव के उपलक्ष्य में श्रीमद् भागवत् सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** श्री निंबार्क कृष्ण बिहारी जी भगवान के नवम् पाटोत्सव के अवसर पर आयोजित श्रीमद् भागवत् सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर एक भव्य धार्मिक आयोजन हुआ। इस आयोजन में बाबा संत महाराज श्री कृष्ण शरण जी (कल्याण दास जी) के द्वारा श्रीमद् भागवत् सप्ताह के चतुर्थ दिवस पर पंडित रमेश चंद शास्त्री (करौली वाले) ने व्यास पीठ पर आसीन होकर श्रद्धालुओं को भगवान श्री राम चरित्र,कृष्ण जन्म की कथा,जन्मोत्सव,पूतना प्रसंग,नामकरण आदि पर प्रकाश डाला एवं जन्मोत्सव को धूम धाम से मनाया। उन्होंने भगवान के रूपों की महिमा और उनके अद्वितीय कार्यों का विस्तृत रूप से वर्णन किया। इस धार्मिक आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और श्रीमद् भागवत के संदेश को ध्यान से सुना। आयोजकों ने इस पावन अवसर पर सभी भक्तों को भगवान के भव्य दर्शन और आशीर्वाद का लाभ उठाने का मौका दिया। आयोजन के दौरान बाबा संत महाराज श्री कृष्ण शरण जी ने भी भक्तों को सत्य, धर्म और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी, साथ ही सभी को आध्यात्मिक उन्नति की दिशा में आगे बढ़ने के लिए उत्साहित किया।

## तपती गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य - आक्या



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. ) ।** ग्रीष्म ऋतु की तपती गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। गोल प्याउ सेवा समिति के समस्त पदाधिकारी व सदस्य धन्यवाद के पात्र है जो विगत अनेक वर्षो से इस पुनीत कार्य को अंजाम दे रहे है। यह बात चित्तौडगढ़ विधायक चंद्रभानसिंह आक्या ने मंगलवार को शहर के गोल प्याउ चैराहे पर गोल प्याउ सेवा समिति द्वारा स्थापित वॉटर कुलर मय आरओ के उदघाटन अवसर पर उपस्थित समिति पदाधिकारीयो, सदस्यो व शहरवासीयो के संबोधित करते हुए कही।

गोल प्याउ सेवा समिति अध्यक्ष कृष्णगोपाल मालु ने बताया की समिति द्वारा गत 50 वर्षो से प्याउ के माध्यम से आमजन को पेयजल उपलब्ध कराने का पुनीत कार्य किया जा रहा है। पन्नाधाय बस स्टैंड पर प्याऊ, गांधी चौक पर शिवालय जल मंदिर के माध्यम से समिति सदस्य अपनी सेवाएं दे रहे है। मंगलवार को नगर के गोल प्याऊ चौराहा पर स्थापित वाटर कूलर व आर.ओ. की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिसका विधि विधान व पूजा अर्चना के साथ शुभारम्भ विधायक चंद्रभानसिंह आक्या द्वारा मोलीबंधन खोलकर किया गया।

इस अवसर पर सुरेश झंवर, भरत जागेटिया, शेलेन्द्र झंवर, अनिल ईनाणी, भोलाराम प्रजापत, हरीश ईनाणी, समिति उपाध्यक्ष ओमप्रकाश बजाज, सचिव गोविन्द बजाज, कोषाध्यक्ष व प्रबंधक ओमप्रकाश खटोड़, समिति सदस्य गोपाललाल बाहेती, जमनालाल सोमानी, कमलनयन आगाल, सत्यनारायण ईनाणी, प्रवीण सोनी, मोतीलाल पेंटर, सुरेश ईनाणी, गोविन्द, रामनिवास तोषनीवाल, सुरेश डांगी, सत्यनारायण तोषनीवाल, कैलाशचंद्र, मांगीलाल छीपा, गणेश छीपा, सुनील छाजेड़ व मेघराज बिड़ला सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य व नगरवासी उपस्थित थे।

## श्री श्याम मंदिर सेवा धाम में कामदा एकादशी पर भक्तों का उमड़ा जनसैलाव

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** मोहन नगर स्थित श्री श्याम मंदिर सेवा धाम में कामदा एकादशी का विशेष आयोजन हुआ। मंगला आरती से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। सुबह 10 बजे तक मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष पप्पू संघई के बताया की भक्तों को गर्मी से राहत देने के लिए मंदिर प्रांगण में विशेष व्यवस्था की गई। मुख्य प्रांगण में फव्वारे से इत्र की वर्षा की गई। साथ ही मंदिर परिसर में कूलर भी लगाए गए। श्री श्याम का मनमोहक फूलों से श्रृंगार पंडित



कृष्ण शास्त्री, अमन पंडित दीपक पंडित संदीप तिवारी मनीष जोशी मोहित संघई ने किया मंदिर परिसर श्याम बाबा के जयकारों से गूंजता रहा। भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर के बाहर जल सेवा समिति द्वारा शर्बत और शीतल पेयजल के काउंटर लगाए गए। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं का शर्बत और शीतल पेय से स्वागत किया गया।मंदिर के आसपास विशेष बाजार भी सजा।

यहां फूल, प्रसाद और धार्मिक तस्वीरों की दुकानें लगीं। साथ ही खिलौने, घरेलू सामान और सौंदर्य प्रसाधन की अस्थायी दुकानों पर भी खूब खरीदारी हुई।

## सांखला कॉलोनी में आगजनी बनी गंभीर समस्या, प्रशासन बेखबर

### कॉलेज रोड स्थित गंगा मैया मंदिर के पास रोजाना लगती है आग, जनहानि की आशंका

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** शहर के कॉलेज रोड स्थित सांखला कॉलोनी में गंगा मैया मंदिर के पास एक प्लॉट पर रोजाना बीड़ी का कचरा जलाकर आग लगाई जा रही है। यह आग कभी-कभी इतना विकराल रूप ले लेती है कि आसपास के लोगों का दम घुटने लगता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस आग से निकलने वाला जहरीला धुआं राहगीरों और पास के मकानवासियों के लिए जानलेवा बन चुका है। आग लगने वाले स्थान के पास ही एक बिजली का ट्रांसफार्मर, एक लाइब्रेरी, प्रीतम म्यूजिक की दुकान, जय हिंद स्टेशनरी सहित कई रिहायशी मकान स्थित हैं। ऐसे में आग कभी भी बड़े हादसे में तब्दील हो सकती है। स्थानीय पार्षद पति राजेश झंवर और पार्षद राजेंद्र तुनगरिया इस संबंध में कई बार प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं, परंतु आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। प्लॉट मालिक और आग लगाने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होना प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है।

# जेडीए की अपील पर आमजन और व्यापारी दूसरे दिन भी स्वयं के स्तर पर निरन्तर हटा रहे है निर्माण

## झारखण्ड मोड तिराहा से खातीपुरा तिराहा होते हुए 200 फीट बाईपास तक सड़क चौड़ाईकरण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा झारखण्ड मोड तिराहा से खातीपुरा तिराहा होते हुए 200 फीट बाईपास तक रोड की चौड़ाई को जोनल डवलपमेंट प्लान के अनुसार करने की कार्यवाही हेतु जेडीए द्वारा आमजन एवं व्यापारियों से स्वयं के स्तर पर अतिक्रमण हटाने की अपील की गई। आमजन एवं व्यापारियों द्वारा जेडीए की अपील को स्वीकार्य करते हुए दूसरे दिन भी स्वयं के स्तर पर सड़क सीमा में आ रहे अपने निर्माण को हटा रहे हैं जिससे सड़क चौड़ाईकरण की कार्यवाही सौहार्दपूर्ण रूप से संपादित हो सकेगी। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय द्वारा दायर रिट याचिका संख्या 17971/2022 में पारित आदेश की पालना में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा झारखण्ड मोड तिराहा से खातीपुरा तिराहा होते हुए 200 फीट बाईपास तक रोड की चौड़ाई को जोनल डवलपमेंट प्लान के अनुसार करने की कार्यवाही की जा रही है। इस कार्यवाही हेतु जेडीए द्वारा पांच टीमों का गठन किया गया, जिसमें उपायुक्त, ए.टी.पी., तहसीलदार, इंजीनियर और प्रवर्तन अधिकारी शामिल है। जेडीए द्वारा दिनांक 05.04.2025 को गठित टीमों द्वारा जोनल डवलपमेंट प्लान के अनुरूप उक्त मार्ग का चिन्हीकरण किया गया। इस कार्यवाही में मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन और उपनियंत्रक प्रवर्तन तृतीय भी उपस्थिति रहे। टीमों ने मौके पर जाकर आवश्यक चिन्हीकरण कार्य को पूर्ण किया। गठित टीमों द्वारा 08 अप्रैल, 2025 को भी स्थानीय व्यापारियों और निवासियों से समझाईश की गई एवं उन्हें सडक सीमा से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए सूचित किया गया। जेडीए द्वारा अपील की गई कि वे सभी अतिक्रमणों को दिनांक 09.04.2025 से पूर्व हटा लेने का श्रम करें। इसके साथ ही जेडीए द्वारा आमजन की सहायार्थ आवश्यकता होने पर अतिक्रमण/निर्माण हेतु जेसीबी/लोखण्डा की सुविधा भी निरंतर उपलब्ध करवाई जा रही है। जेडीए द्वारा बुधवार 09 अप्रैल, 2025 को अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी।जेडीए द्वारा की गई अपील को आमजन द्वारा दूसरी दिन भी स्वीकार्य करते हुए आमजन द्वारा सौहार्दपूर्ण रूप से स्वयं के स्तर पर सड़क सीमा में आ रहे निर्माण को हटा रहे हैं जिससे सड़क चौड़ाई की कार्यवाही संपादित हो सके तथा सुलभ यातायात की सुविधा सभी को उपलब्ध हो सकेगी। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किए गए इस कदम से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार आने की संभावना है, साथ ही स्थानीय निवासियों और व्यापारियों के सहयोग से यह कार्य अधिक प्रभावी तरीके से



## प्राचीन राम भवन व श्रीराम मंदिर में भण्डारे का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** स्थानीय कस्बे के सुभाष चौक स्थित प्राचीन राम भवन व श्रीराम मंदिर में ग्रामीणों के जन सहयोग से 09 दिवसीय अखंड रामायण पाठ व हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। पंडित द्वारकेश मिश्रा के नेतृत्व में एकादशी मंगलवार के दिन वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मंदिर महंत महेश टीलावत ने बताया कि यज्ञ के साथ हि विधि विधान से पूजा अर्चना कर भगवान श्रीराम को भोग लगाकर पंगत प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम का लुप्त उठाया। गुजेड़ा धाम महंत भगवत दासजी ने कहा कि संत समागम से कार्यक्रम बेहद शानदार होता है और जहां संतों का आगमन होता है, वहां दुख दुविधा दूर होती है। श्रद्धालुओं ने मंदिर में धोक लगाकर सुख सम्रद्धि की कामना की। इससे पूर्व मंदिर का भव्य तरीके से सौंदर्यकरण किया गया। इस दौरान कन्हैया लाल मीणा, कमलेश शर्मा, लालचंद खण्डेवाल, बनवारी लाल शर्मा, सावर मल बंसल, महेश टीलावत, सुरेश शर्मा, पहलाद सैन, सुगन चंद, नरेश बंसल, जगदीश प्रसाद, सुशिल योगी, मामराज मीणा, कैलाश चंद, अनिल शर्मा, पुष्पा मीणा, किरण देवी, ममता देवी, आंचूकी देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बाइक को बचाने के चक्कर में कार लेकर जा रहा ट्रेलर पुलिया से नीचे गिरा, चालक-खलासी घायल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बाइक को बचाने के चक्कर में ट्रेलर नांगल पुलिया से नीचे गिर गया। इससे ट्रेलर चालक व खलासी घायल हो गए। हादसे में ट्रेलर का आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेलर में कार भरी थी। वह मुंबई से गुड़गांव जा रहा था। गनीमत रही कि हादसे के दौरान पुलिया के नीचे कोई गुजर नहीं रहा था। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। हादसे की जांच दुर्घटना थाना पश्चिम कर रही है। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम करीब सवा चार बजे मुंबई से गुड़गांव जा रहा ट्रेलर अचानक सामने आई बाइक को बचाने के चक्कर में नांगल पुलिया से बेकाबू होकर नीचे जा गिरा। हादसे में ट्रेलर चालक व खलासी घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायलों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उनका उपचार जारी है। पुलिस ने ट्रेलर को सड़क के साइड में खड़ा करवा दिया है।

## अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (कानून एवं व्यवस्था) ने किया वर्ष 2024 का वार्षिक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

- जिला पश्चिम जयपुर के थानों में दर्ज अपराधों की गई समीक्षा
- अपराध नियंत्रण एवं समुचित कानून व्यवस्था बनाने रखने के लिए जिले के अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश
- पुलिस उपायुक्त पश्चिम के कार्यालय की सभी शाखाओं का किया निरीक्षण

**जयपुर (का.स.)** अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (कानून एवं व्यवस्था) ने जिला जयपुर पश्चिम का वर्ष 2024 का वार्षिक निरीक्षण किया और जिला पश्चिम जयपुर के थानों में दर्ज अपराधों की समीक्षा की गई। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. रामेश्वर सिंह ने जिला जयपुर पश्चिम का वर्ष 2024 का वार्षिक निरीक्षण किया। कार्यालय पुलिस उपायुक्त जिला पश्चिम की अपराध शाखा, जिला विशेष शाखा, कार्यप्रणाली शाखा, तकनीकी शाखा मानव तस्करी विरोधी यूनिट, बल शाखा एवं गोपनीय शाखा का अवलोकन व निरीक्षण किया। अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर द्वारा कार्यालय की शाखाओं के अवलोकन व निरीक्षण से पूर्व कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के पुलिस अधिकारियों की बैठक ली जाकर जिले में दर्ज अपराधों एवं कानून व्यवस्था की स्थिति के बारे में समीक्षा की गई तथा बैठक के दौरान जिले में घटित होने वाले अपराधों पर नियंत्रण के लिए नवाचार करने एवं कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाये जाने एवं अनसुलझे प्रकरणो में कार्य योजना बनाकर विशेष टीम गठित कर अपराधियों को गिरफ्तार किये जाने एवं साइबर अपराध के प्रकरणो में और प्रभावी कार्यवाही करने बाबत निर्देशित किया। जिले में बेहतरीन कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र दिये जाने बाबत आदेशित किया। थानाधिकारियो को थाने पर आने वाले सभी परिवादियों के साथ मधुर व्यवहार करने एवं उनका रिकॉर्ड संधारित करने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने बाबत निर्देशित किया। आम रास्ते पर भवन निर्माण सामग्री डालने एवं अतिक्रमण कर रास्ता अवरुद्ध करने से विवाद होने पर कभी कभी कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसलिए ऐसे व्यक्तियों विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करने एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार थानो में प्रतिदिन किये जाने वाले रॉलकॉल का इन्द्राज सीसीटीएनएस में किये जाने एवं नये कानूनो के बारे में आम लोगों को जानकारी दिए जाने के निर्देश प्रदान किये।

## भीमराव ने ड्राफ्टिंग कमेटी अध्यक्ष के रूप में काम किया

### 14 अप्रैल एवं 06 दिसम्बर को शुष्क दिवस की मांग

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** अखिल अनुसूचित जाति समन्वय परिषद उपाध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश उर्फ गन्नी भाई ने सीएम भजन लाल शर्मा को ज्ञापन भेंजकर आगामी 14 अप्रैल एवं 06 दिसम्बर को प्रदेश में शुष्क दिवस घोषित करवाने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि डॉ. अम्बेडकर ने संविधान सभा की सबसे महत्वपूर्ण समिति, ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष के रूप में काम किया तथा उन्हें भारतीय संविधान के पिता के रूप में जाना जाता है, और उनकी भूमिका संविधान निर्माण में बहुत प्रभावशाली थी। बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया और अपने विचार प्रस्तुत किए। अम्बेडकर ने दलित वर्गों के लिए राजनीतिक सुरक्षा और सामाजिक न्याय की वकालत कर अस्पृश्यता के उन्मूलन के लिए प्रयास किया और सामाजिक न्याय, समानता और बंधुत्व के सिद्धांतों को सुनिश्चित किया। ग्राम रघुनाथपुरा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश उर्फ गन्नी भाई ने बताया कि प्रदेश के सीएम भजन लाल द्वारा अम्बेडकर के जन्मदिन पर शुष्क दिवस घोषित करने से उनके योगदान को सम्मानित करने और उनके आदर्शों को प्रोत्साहित करने में मदद मिल सकती है। यह दिन उनके जीवन और कार्यों को याद करने और उनके संदेश को फैलाने के लिए एक अवसर प्रदान कर



## 'पोषण पखवाड़ा' का सातवाँ एडिशन मंगलवार से शुरू : डॉ. लियाक़त अली मंसूरी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** राजस्थान सरकार द्वारा पोषण पखवाड़ा का यह 7 वां संस्करण 8 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। पोषण अभियान का मकसद तकनीक और परंपरा के तालमेल से बच्चों और महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना है पोषण पखवाड़े का 7 वां एडिशन मातृ व शिशु पोषण, डिजिटल पहुंच और बचपन के मोटापे जैसे मसलों पर ध्यान फोकस करता है और पोषण सुधार के लिए ठोस कदम उठाने का आह्वान करता है । भारत जैसे विशाल देश में, जहां विज्ञान और तकनीक में निरंतर प्रगति हो रही है, वहीं कुपोषण अब भी एक गंभीर और जटिल सामाजिक संकट बना हुआ है। यही वजह है कि सरकार ने वर्ष 2018 में 'पोषण अभियान' की शुरुआत की थी, ताकि महिलाओं, बच्चों और पूरे परिवार को उचित पोषण सुनिश्चित किया जा सके । इस मिशन की एक महत्वपूर्ण पहल है कि पोषण पखवाड़ा, जो हर साल एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान के रूप में मनाया जाता है। इस साल 8 अप्रैल से 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़े का 7 वां संस्करण मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य है मातृ और शिशु पोषण, डिजिटल पहुंच के ज़रिए लाभार्थियों को जोड़ना और बचपन के मोटापे जैसी नई चुनौतियों से निपटना। इस वर्ष का फोकस केवल जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि समुदायों की भागीदारी और परिणाम आधारित उपायों पर आधारित है। पोषण पखवाड़ा– यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आंदोलन ही है ।पोषण पखवाड़ा 2025 एक समर्पित कोशिश है। हर माँ, हर बच्चे और हर परिवार तक पोषण पहुंचाने की है। जब परंपरा और तकनीक एक साथ मिलते हैं, जब आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सशक्त होते हैं और जब हर नागरिक भागीदारी निभाता है, तभी एक मजबूत और स्वस्थ भारत की नींव रखी जा सकती है।



**डॉ. लियाक़त अली मंसूरी**
**( यूनानी चिकित्सक एवं हिजामा थैरेपी स्पेशियलिस्ट )**
**एस.एम.एस.अस्पताल**
**जयपुर ( राज.)**

## जलदाय मंत्री ने टोंक कलेक्ट्रेट सभागार में ली अधिकारियों की बैठक


# सक्षम जयपुर अभियान के तहत छात्राओं को मिली स्मार्ट क्लास की सौगात

### 10 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में लगवाए गए आईएफपीडी

### निष्पादक समिति की बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने दिये थे निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** सक्षम जयपुर अभियान जयपुर जिले में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में सकारात्मक पहल साबित हो रही है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर सक्षम जयपुर अभियान के तहत जयपुर के 10 कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में ढ्ढस्नक्कष्ठ यानी इंट्रेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले लगवाए गए हैं, जिनसे छात्राओं को स्मार्ट क्लासेज की सौगात मिली है। अतिरिक्त जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बालिका शिक्षा को और भी अधिक रोचक एवं रूचिकर बनाने की मंशा से जिला निष्पादक समिति की बैठक में ढ्ढस्नक्कष्ठ यानी इंट्रेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले लगवाए जाने के निर्देश जारी किये थे। जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय किशनगढ़-रेनवाल, चाकसू, चंदवाजी, अनोपपुरा, मुहाना, पंवालिया, कल्याणपुरा, जमावारामगढ़, बस्सी एवं शीतलामाता (चाकसू) में इंट्रेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले लगवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इंट्रेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले से बालिकाओं को स्मार्ट क्लासेज की समस्त सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। स्मार्ट लर्निंग से ना केवल बालिकाओं में पढ़ाई को लेकर उत्साह का संचार हुआ है वे पढ़ाई के इस रोचक, रचनात्मक एवं रूचिकर बदलाव से काफी सहज एवं प्रसन्न नजर आ रही हैं। वहीं, शिक्षकों को भी अध्ययन कार्य में नवाचारों का आत्मसात कर अपने अध्ययन कौशल को परिष्कृत करने का अवसर मिल रहा है। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मंजू शर्मा ने बताया कि सक्षम जयपुर अभियान की कड़ी में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत इंट्रेक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में लगवाए गए हैं। यह पहल राजकीय विद्यालयों में बालिकाओं के लिए उच्च स्तरीय सुविधाओं के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने में कारगर सिद्ध होगी।




## एडीएम ने स्नेह एवं सुपोषण शिविर रैली को हरी झंडी दिखाई

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग टोंक के संयुक्त तत्वावधान में सप्तम पोषण पखवाड़ा शुरू हुआ। इसके तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर से बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर खेल स्टेडियम तक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली को अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामरतन सौंकरिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपनिदेशक सरोज मीणा ने बताया कि विभाग द्वारा पोषण अभियान योजना के तहत 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत उपखंड स्तर की सर्वाधिक कुपोषित बच्चों वाली पंचायतों का चयन कर उनमें शिविर लगाए जा रहे है। साथ ही, ग्राम पंचायत द्वारा बच्चों के पोषाहार सामग्री तैयार करने की व्यवस्था की जा रही है। उपनिदेशक मीणा ने कहा कि पोषण अभियान का उद्देश्य प्रौद्योगिकी और परंपरा के मिश्रण से बच्चों और महिलाओं के बीच स्वस्थ और पौष्टिक आहार को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़ा मनाने का उद्देश्य पोषण अभियान, कुपोषण से लड़ने, गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली माताओं, किशोरियों और छह वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पोषण संबंधी परिणामों में सुधार करना है। साथ ही, 3-6 वर्ष के प्रारंभिक देखभाल, शिक्षा के प्रति जागरूकता बनाने के लिए जन आंदोलन का रूप दिए जाने का प्रयास है।

## जयपुर शहर में नवम पाटोत्सव की धूम, श्रद्धालुओं ने भाग लिया विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** श्री निंबार्क कृष्ण बिहारी जी भगवान के नवम पाटोत्सव के अवसर पर श्री कृष्ण शरण जी महाराज (कल्याण दास) द्वारा कई महत्वपूर्ण धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस पवित्र अवसर पर श्रीमद्भागवत का मूल पाठ, गोपाल सहस्त्रनाम पाठ, नवाहन पारायण, रामचरितमानस का पाठ, अखंड हरी नाम संकीर्तन, और रात्रि रासलीला का आयोजन किया गया। यह आयोजन जयपुर के धार्मिक केंद्रों में एक विशेष महत्व रखता है, जहां श्रद्धालुओं ने भक्ति और समर्पण के साथ इन कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। बाबा कृष्ण शरण जी महाराज ने भक्तों को भगवान श्री कृष्ण के दिव्य उपदेश दिए और उन्हें जीवन में धार्मिकता और सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। यह धार्मिक उत्सव समाज में आध्यात्मिक जागृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ जयपुर शहर के धार्मिक परंपराओं को और सशक्त बनाने का काम कर रहा है।

## सम्पादकीय

# मंदी की आशंका और टैरिफ की मार- आरबीआई के सामने अब दोहरी चुनौती

भारतीय रिजर्व बैंक की छह सदस्यों वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक इस सप्ताह शुरू हो गई है। नए वित्त वर्ष की यह पहली बैठक है, जो वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण अत्यधिक जटिल माहौल में हो रही है। अमेरिका ने पिछले हफ्ते सभी व्यापार साझेदारों पर जवाबी शुल्क लगा दिया। अब सभी देशों पर 10 फीसदी बुनियादी शुल्क लग रहा है। जिन देशों को वह निर्यात कम करता है मगर जहां से आयात ज्यादा होता है उन पर अतिरिक्त शुल्क लगाया गया है। उदाहरण के लिए भारत से होने वाले आयात पर 26 फीसदी टैरिफ लगेगा। चीन पर 34 फीसदी जवाबी शुल्क लगा है और पहले से लगे 20 फीसदी शुल्क को मिला दें तो चीनी माल पर कुल शुल्क 54 फीसदी हो जाता है। चीन ने भी जवाब में अमेरिकी आयात पर 34 फीसदी शुल्क लगा दिया है। अमेरिका के ये शुल्क और दूसरे बड़े व्यापार साझेदार देशों के जवाबी शुल्क विश्व व्यापार पर क्या असर डालेंगे या वैश्विक वृद्धि को किस तरह प्रभावित करेंगे इसका अंदाजा लगाना अभी मुश्किल है। यही वित्तीय बाजारों में भी नजर आ रहा है। अस्थिरता बहुत बढ़ गई है और दुनिया भर के शेयर बाजार गिर रहे हैं। बंबई स्टॉक एक्सचेंज सोमवार को 2.95 फीसदी गिर गया। दुनिया भर के बाजारों में कच्चा तेल सस्ता हुआ है और ब्रेंट क्रूड अप्रैल में 15 फीसदी से ज्यादा नीचे आ चुका है। 10 साल के अमेरिकी सरकारी बॉन्ड पर यील्ड इस महीने करीब 25 आधार अंक घट गई है। इससे पता चलता है कि वित्तीय बाजार मान रहे हैं कि फेडरल रिजर्व नीतिगत दरों में तेजी से कमी करेगा। आशंका यह भी है कि अमेरिका मंदी की गिरफ्त में जा सकता है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए हालात तेजी से प्रतिकूल होते जा रहे हैं। मुश्किल यह है कि मंदी तब आ रही है, जब शुल्क बढ़ने से अमेरिका में उपभोक्ता कीमतें चढ़ सकती हैं। फेड के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने पिछले हफ्ते कहा कि शुल्क के कारण महंगाई कुछ समय तक बढ़ी रह सकती है। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मंदी आई तो विश्व युद्ध के बाद के सबसे बड़े वैश्विक व्यापारिक झटके के साथ मिलकर यह वैश्विक वृद्धि पर बहुत बुरा असर डाल सकती है। एमपीसी के सामने चुनौती यह भांपना है कि बढ़ी हुई अनिश्चितता भारत में वृद्धि और मुद्रास्फीति पर कैसा असर डालेगी क्योंकि नीतिगत निर्णय इसके आधार पर ही लिया जाएगा। एमपीसी का निर्णय बुधवार को आएगा और उस पर तथा रिजर्व बैंक के अधिकारियों के बयान पर ही वित्तीय बाजारों की नजर टिकी रहेगी। आज के हालात में एमपीसी को लगता है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक वाली मुद्रास्फीति की दर इस वित्त वर्ष में औसतन 4.2 फीसदी रहेगी, जो केंद्रीय बैंक के मध्यम अवधि के लक्ष्य के आसपास है। भारत निर्यात पर अधिक शुल्क लगाता है (बेशक वह कुछ एशियाई देशों से कम है), जिसका असर उत्पादन और वृद्धि पर पड़ेगा। हालांकि अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी क्योंकि भारत सरकार अमेरिका के साथ द्विपक्षीय समझौते पर बातचीत कर रही है। फिर भी खाद्य मुद्रास्फीति नरम रहने पर धीमी वृद्धि कंपनियों की मूल्य तय करने की ताकत घटाएगी, जिससे कुल मिलाकर मुद्रास्फीति में कमी आएगी। कच्चे तेल की कीमतों में कमी भी मुद्रास्फीति को कम करेगी। केंद्र सरकार ने सोमवार को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में दो रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया है, जिससे कच्चा तेल सस्ता होने का ज्यादा फायदा नहीं मिल पाएगा। इसके अलावा अमेरिका में शुल्क अधिक रहने से आयात मांग घटेगी। दुनिया भर में अधिक उत्पादन के कारण इस सूरत में कुछ समय वैश्विक मूल्य घटे रहेंगे।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 9 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मुगल साम्राज्य का बादशाह औरंगजेब ने 1669 में सभी हिन्दू स्कूलों और मंदिरों को ध्वस्त करने का आदेश दिया।
- लंदन में 1838 में नेशनल आर्ट गैलरी खोली गई।
- यूनाइटेड स्टेट्स एटोमिक एनर्जी कमीशन की 1945 में स्थापना की गई।
- वार्नर ब्रदर्स ने 1953 में 'हाउस ऑफ वैक्स' शीर्षक से पहली 3 डी फिल्म प्रदर्शित की।
- अमेरिका ने नेवादा में 1955 को परमाणु परीक्षण किया।
- मिस्र की स्वेज नहर को 1957 में साफ किया गया और जहाजों के लिए खोला गया।
- भारतीय और पाकिस्तान की सेना के बीच 1965 में कच्छ के रण में लड़ाई छिड़ी।
- सोवियत संघ और इराक ने 1972 में मैत्री संधि पर हस्ताक्षर किए।
- अमेरिका ने 1988 में पनामा पर आर्थिक प्रतिबंध लगाये।
- नाइजर के राष्ट्रपति इब्राहिम बारे मैनसारा की 1999 में हत्या हुयी।
- ईराक में संघर्ष तेज़ पर अमेरिकी काफ़िले पर 2004 में हुए हमले में 9 लोगों की मौत।
- पुर्तगाल के सर्वोच्च न्यायालय ने 2004 में भारत के कई आपराधिक मामलों में वांछित माफिया सरगना अबू सलेम के भारत प्रत्यर्पण सम्बन्धी आदेश की पुन: समीक्षा करने को कहा।
- ब्रिटेन के युवराज चार्ल्स का विवाह 2005 में कैमिला के साथ हुआ।
- अन्ना हजारे को 2011 में भ्रष्टाचार विरोधी अभियान के लिए एक करोड़ रूपए के आईआईपीएम रवीन्द्रनाथ टैगोर अन्तरराष्ट्रीय शांति पुरस्कार दिए जाने की घोषणा की गई।
- फ्रांसिसी सीनेट ने 2013 में समलैंगिक विवाह संबंधी एक विधेयक को मंजूरी दी।

### 9 अप्रैल को जन्मे व्यक्ति

- हिन्दी के एक प्रमुख साहित्यकार राहुल सांकृत्यायन का जन्म 1893 को हुआ।
- 'हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत' की विद्वान् और सुप्रसिद्ध सरोद वादिका शरन रानी का जन्म 1929 को हुआ।
- भारतीय अभिनेत्री जया बच्चन का जन्म 1948 को हुआ।
- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ और अर्थशास्त्री जयराम रमेश का जन्म 1954 को हुआ।

### 9 अप्रैल को हुए निधन

- बंगाल के नवाब अली वर्दी खान का 1756 में 80 वर्ष की आयु में निधन।
- प्रथम महिला नेता दुर्गाबाई देशमुख का 1981 को निधन हुआ था।
- प्रसिद्ध फ़िल्म निर्माता एवं निर्देशक शक्ति सामंत का 2009 को निधन हुआ था।
- स्वतंत्रता पूर्व जिम्बाब्वे के प्रधानमंत्री बिशप एबेल मुजोरेवा का 2010 को निधन हुआ था।

## विशेष आलेख

# अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रेसिप्रोकल टैरिफ एक खूबसूरत चीज बताया

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के विरोध में अमेरिका में हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतर आए और एलन मस्क के खिलाफ नारेबाजी की. ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी का गुस्सा प्रदर्शनकारियों के नारों में जाहिर हुआ और ट्रंप द्वारा लगाई गई नई टैरिफ बढ़ोतरी आज सचमुच धराशायी हो गई. कई लोगों ने नोट किया है कि यह सबसे बड़ा प्रशासन-विरोधी विरोध था, और यह ट्रम्प के टैरिफ युद्ध पर अमेरिकी लोगों के गुस्से को दर्शाता है। ट्रम्प की टैरिफ नीतियां एकमात्र मुद्दा नहीं हैं जिनके लिए उच्च करों की आवश्यकता होती है, लेकिन यह हजारों लोगों की नौकरियों को खर्च करने और उन्हें बेरोजगार बनाने और सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले लाभों को भी खर्च करने वाला है।**



– अशोक भाटिया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दुनियाभर में टैरिफ लगाने के बाद मार्केट में भूचाल आया हुआ है। भारत समेत लगभग हर देश की स्टॉक मार्केट धड़ाम हो गई। बात अगर भारत की करें तो यहां सेंसेक्स में 3000 से ज्यादा और निफ्टी में 900 अंक से ज्यादा की गिरावट आई। वहीं ट्रंप ने टैरिफ को लेकर एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि रेसिप्रोकल टैरिफ एक खूबसूरत चीज है। उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकियों को यह बात किसी दिन समझ जरूर आएगी। वहीं ट्रंप की इस खूबसूरत चीज यानी टैरिफ के कारण सोमवार को भारतीय शेयर मार्केट के निवेशकों को 19 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। सोमवार बाजार ने अपनी उथल-पुथल के साथ दिखाया कि यह कितना अस्थिर था। यह गिरावट, निश्चित रूप से, सभी देशों पर आयात शुल्क लगाने के ट्रम्प के फैसले का परिणाम है। आयात कर दो चरणों में लागू होंगे. पहला चरण 2 अप्रैल से लागू हुआ था। इसके तहत अमेरिका के साथ कारोबार करने वाले सभी देशों पर 10 प्रतिशत का न्यूनतम आयात शुल्क लगता था। दूसरा चरण 9 अप्रैल से लागू होगा। उस समय, प्रत्येक देश के उत्पादों पर कर लगाया जाएगा क्योंकि वे अमेरिकी बाजार में प्रवेश करते हैं। जैसे, संयुक्त राज्य अमेरिका अब अमेरिकी उत्पादों पर समान कर नहीं लगाएगा क्योंकि ये देश अमेरिकी उत्पादों पर लगाते हैं। इस हास्यास्पद जैसा है नीति की घोषणा के बाद से, अमेरिकी पूंजी बाजार गिर रहा है और निवेशकों को लगभग 6.5 ट्रिलियन डॉलर (समग्र भारतीय बाजार का संयुक्त मूल्य 4.5 ट्रिलियन डॉलर) का नुकसान हो रहा है। इस गिरावट को अब भारतीय बाजार द्वारा समर्थित किया गया है, जो ट्रम्प के आगे क्या है, इसका प्रतिबिंब है। संयुक्त राज्य अमेरिका में बड़ी संख्या में मध्यम आयु वर्ग के और वृद्ध लोग हैं, इसलिए सेवानिवृत्ति लाभों का वहां बहुत महत्व है, लेकिन ट्रम्प के टैरिफ अमेरिकियों को इन लाभों का भुगतान करने के लिए मजबूर करेंगे, इसलिए लोग सड़कों पर ले गए हैं। यदि आप कुछ पाना चाहते हैं, तो आपको कुछ खोना होगा। जापान और ब्रिटेन सहित कई विश्व नेताओं ने ट्रम्प के साथ टैरिफ पर बातचीत की है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि ट्रम्प उनकी बात नहीं सुनेंगे। ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ सबसे पहले नेशनल मॉल में विरोध प्रदर्शन आयोजित किए गए थे और लहर धीरे-धीरे पूरी दुनिया में फैल रही है। इसी तरह के समूह कई अन्य शहरों में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका ध्यान ट्रम्प पर है। वे मस्क और कई अरबपतियों पर हमें बर्बाद करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हैं, जिस पर ट्रम्प ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि ट्रम्प के पारस्परिक टैरिफ ने दुनिया को हिला दिया है, कुछ का कहना है कि भारत सबसे कम प्रभावित हुआ है। लेकिन यह कोई रहस्य नहीं है कि वैश्विक बाजार सदमे और भ्रम की स्थिति में हैं। जबकि ट्रम्प के टैरिफ ने मुक्त व्यापार को चोट पहुंचाई है, कुछ ने कहा है कि मुक्त व्यापार के झटके को गंभीर रूप से चोट नहीं पहुंचाई जाएगी, लेकिन यह निश्चित है कि अमेरिकी टैरिफ युद्ध का वैश्विक बाजारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। यह किसी भी बाजार के लिए खतरा है, ट्रम्प के टैरिफ के कारण दुनिया भर के लोग सड़कों पर हैं, और वे अपने भविष्य के बारे में चिंतित हैं। ट्रम्प के टैरिफ ने वैश्विक बाजारों में भारी आर्थिक उथल-पुथल पैदा कर दी है, और इसलिए, निवेशक डर या भावना से प्रेरित नहीं हैं। ट्रम्प की टैरिफ योजना की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि लोग इससे कैसे निपटते हैं। वित्तीय बाजार अनिश्चितता से भरा है, इसलिए लोगों को यह पहचानना चाहिए कि स्थिति को स्वीकार करना और बिना किसी तत्काल निर्णय के शांति से निर्णय लेना आज की जिम्मेदारी है। ट्रंप के ट्रेड टैरिफ शेयरों में जो गिरावट आई है, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है . दुनिया को 1929 की वैश्विक मंदी याद आ रही होगी जब अमेरिका में भी ऐसी ही मंदी आई थी और फिर अमेरिका ढह गया था । तब संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति हर्बर्ट हूवर थे। शेयर बाजार ढह गया था और उनके समय में कई लोगों ने आत्महत्या कर ली थी। आज, इस स्थिति के बावजूद, अमेरिका अभी भी उसी दयनीय स्थिति में है। आज, अमेरिकी लोग सड़कों पर हैं और इसके नतीजे पूरी दुनिया में हैं। वहाँ हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में आज के विरोध प्रदर्शन को सबसे बड़ा कहा जाता है, लेकिन ट्रम्प के टैरिफ युद्ध ने एक और गंभीर परिणाम सामने लाया है- वैश्विक अर्थव्यवस्था ने एक हिट लिया है, और यह प्रत्येक देश पर निर्भर है कि दुनिया इससे कैसे उबरेगी। उद्योग में गिरावट आई है और प्रतिशोधी खतरों की लहर चल रही है, जिससे दुनिया भर में प्रतिस्पर्धी माहौल बन रहा है और चीन संयुक्त राज्य अमेरिका पर धमकाने का आरोप लगा रहा है।

यूरोपीय संघ ने अमेरिका पर टैरिफ लगाने की धमकी दी है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि व्यापार युद्ध और टैरिफ युद्ध में कोई विजेता नहीं है। यह बिल्कुल सच है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने संयुक्त राज्य अमेरिका से अपने टैरिफ वापस लेने का आह्वान किया है। बेशक, यह सच है कि संयुक्त राज्य अमेरिका इसे स्वीकार नहीं करेगा। यह एक स्थिति है। लेकिन ट्रम्प और उनके सहयोगियों को परवाह नहीं करनी चाहिए। क्योंकि यह राष्ट्रपति अपनी क्रांतिकारी नीतियों के लिए अपनी ही बुद्धिमत्ता की तारीफ करने में व्यस्त है!

# किसी को उजाड़ कर बसे तो क्या बसे : हैदराबाद के जंगलों की चीख

**खजागुड़ा जैसे जंगलों को शहरीकरण के नाम पर नष्ट किया जा रहा है, जिससे न केवल पेड़, बल्कि वन्यजीव और स्थानीय समुदाय भी प्रभावित हो रहे हैं। यह विनाश पर्यावरणीय असंतुलन, जलवायु संकट और सामाजिक अन्याय को बढ़ावा देता है। आज न्याय के दोहरे मापदंड है- जहाँ आम आदमी पेड़ काटे तो अपराध, परंतु सरकार या कंपनियाँ जब हज़ारों पेड़ काटें तो वह विकास कहलाता है। हमें ऐसे विकास मॉडल की ज़रूरत है जो प्रकृति के साथ सामंजस्य में हो। अन्यथा, यह विकास हमें एक अंधकारमय भविष्य की ओर ले जाएगा।**



–डॉ सत्यवान सौरभ

किसी को उजाड़ कर बसे तो क्या बसे- यह पंक्ति सुनने में भले ही काव्यात्मक लगे, लेकिन इसके पीछे छिपा दर्द, पीड़ा और चेतावनी आज के तथाकथित विकास के मॉडल पर करारी चोट करती है। जब हम हैदराबाद के जंगलों की कटाई और अंधाधुंध शहरी विस्तार की तरफ़ देखते हैं, तो यह सवाल और भी प्रासंगिक हो जाता है: क्या हम सचमुच बसा रहे हैं, या उजाड़ने की प्रक्रिया को ही विकास कहकर महिमामंडित कर रहे हैं?

**जंगलों की चीख और शहरी बहरापन :** हैदराबाद का खजागुड़ा रिजर्व फॉरेस्ट, जो कभी वन्य जीवन, जैव विविधता और स्थानीय समुदायों के लिए एक सुरक्षित आश्रय था, अब क्रेनों और बुलडोज़रों की चपेट में है। वहाँ अब पेड़ों की जगह कंक्रीट खड़े हो रहे हैं, और पक्षियों की चहचहाहट की जगह मशीनों की कराह सुनाई देती है। यह केवल एक क्षेत्र की बात नहीं, बल्कि पूरे भारत में फैली उस प्रवृत्ति का प्रतिबिंब है जहाँ प्रकृति के मूल तत्वों को मिटाकर गगनचुंबी इमारतों को प्रगति का प्रतीक माना जाने लगा है।

**विकास या विनाश :** यह सच है कि शहरीकरण आवश्यक है। बढ़ती आबादी, रोजगार के अवसर और जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए सुविधाओं की ज़रूरत होती है। परंतु जब यह विकास जंगलों की आहुति लेकर आता है, जब हज़ारों पेड़ कटते हैं और वन्यजीव बेघर हो जाते हैं, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि यह प्रगति है या प्रकृति का सुनियोजित विनाश? विकास की परिभाषा ऐसी होनी चाहिए जिसमें संतुलन हो। पर्यावरणीय स्थिरता के बिना कोई भी विकास दीर्घकालिक नहीं होता। लेकिन अफ़सोस कि हमारे नीति-निर्माता और निजी कंपनियाँ अक्सर अल्पकालिक लाभ को ही प्राथमिकता देते हैं।

### जंगल नहीं, तो जीवन नहीं

हम यह भूल रहे हैं कि जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं होते। वे पारिस्थितिकीय तंत्र का आधार होते हैं। वे न केवल ऑक्सीजन का स्रोत हैं, बल्कि वर्षा, तापमान नियंत्रण, भूजल संरक्षण और जैव विविधता के लिए अपरिहार्य हैं। जब हम जंगल काटते हैं, तो हम केवल हरियाली नहीं मिटाते, हम अपनी साँसों, अपने पानी, अपने मौसम और अपने जीवन के आधार को भी खो देते हैं। हैदराबाद जैसे शहर, जहाँ पहले से ही गर्मी की तीव्रता और जल संकट बढ़ रहा है, वहाँ जंगलों का समाप्त होना खतरे की घंटी है। यूँ समझिए, कि हम अपने हाथों से अपनी ही कब्र खोद रहे हैं।

### वन्य जीवन पर संकट

जंगलों की कटाई केवल पेड़ों पर नहीं, वहाँ रहने वाले असंख्य जीवों पर भी अत्याचार है। खजागुड़ा हो या आरावली, जंगलों में हो रहे निर्माण कार्यों के कारण जानवर अपने प्राकृतिक आवास से बेदखल हो रहे हैं। यही कारण है कि आजकल शहरों में तेंदुए, साँप, या सूअर देखे जाने की घटनाएँ आम होती जा रही हैं। क्योंकि हमने उनका घर छीना, अब वे हमारे बीच भटक रहे हैं।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान



सुघड़सिंह
(डिप्टी एसपी ट्रेफिक पाली)

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं, डिप्टी एस.पी सुघड़ सिंह। गरीब परिवार गाँव बासौली तहसील रूपबास, जिला भरतपुर में जन्म हुआ शिक्षा पांचवी तक गांव में ही रही। आठवीं तक मिलकपुर करीब खुद के गांव से 7 किलोमीटर दूरी पर था जहां रोज पैदल जाकर पढ़ाई की। 12वीं तक उच्चैन में जो करीब 15 किलोमीटर दूर था साइकिल से जाकर पढ़ाई पूरी की। स्नातक प्राइवेट किया (राजस्थान यूनिवर्सिटी) से किया। सन 1995 में राजकीय सेवा में प्रथम नियुक्ति कनिष्ठ लिपिक के रूप में शासन सचिवालय कार्मिक विभाग जयपुर में हुई। उसके बाद आरपीएससी से उप निरीक्षक पद पर नियुक्ति हुई 3 नवंबर सन 1997 में पुलिस बेड़े में शामिल हुए प्रोबेशन अलवर जिले में पूरा किया। प्रतिस्थापन अरावली विहार ,भिवाड़ी, टहला,गोविंदगढ़ ,हिंडौन, करणपुर और सपोर्टर में रहा। पुलिस निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होकर वर्ष 2008 में शास्त्री नगर थाना अधिकारी, जयपुर कोतवाली थाना अधिकारी, झालावाड़ कोतवाली, करौली, टोड़ा भीम, बसेड़ी थानाधिकारी रहे। स्वेच्छा से पुलिस ट्रेनिंग स्कूल भरतपुर में आरआई इंड़ोर प्रशासन रहे उसके बाद वर्ष 2021 में डिप्टी एसपी पद पर पदोन्नति हुई प्रथम पोस्टिंग स्वेच्छा से पुलिस ट्रेनिंग स्कूल भरतपुर में डिप्टी कमांडेंट के पद पर रही। वृत अधिकारी वृत थानागाजी और आज यातायात पुलिस के डिप्टी एसपी जिला पाली में पद को सुशोभित कर रहे हैं। बहुत सरल, सहज और शानदार व्यक्तित्व के धनी है। मुझे आज भी याद है सन 1999 में प्रोबेशन के दौरान अलवर में पुलिस टीम पर हमला हुआ ऐसे में सुघड़सिंह जी पथराव में घायल हो गए और सामान्य चिकित्सालय में उनका उपचार चल रहा था मेरे अच्छे मित्र हैं उसे समय के तो जब मैं इनके वहां हर रोज जाकर इनका हाल पूछता था तो इन्होंने कहा कि सच्चे मित्र की भांति हो आप जो समय निकाल कर हाल जानने आ जाते हो। सुघड़ सिंह जी एक गरीब परिवार से ब्लांग करते हैं ऐसे में दुर्भाज्य का रोना नहीं राए बल्कि एक गरीब परिवार से निकल अपनी शिक्षा दिक्षा के दम पर आपने कर्मयोग की ताकत को समझाते हुए आज इस पद को हांसिल किया है। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_093 a बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 7 | | | | | 4 | |
| | | | | 6 | | 8 | | |
| 9 | 3 | | | | 4 | 2 | | 5 |
| 3 | | | | | 5 | | | 9 |
| 8 | 6 | | 4 | 2 | 9 | 5 | | |
| 7 | | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 2 | |
| 4 | | 9 | 7 | 1 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| | 1 | 3 | | 4 | | 7 | 5 | 8 |
| 6 | | 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | |

### Ans_2025_092

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 6 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 |
| 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 8 |
| 5 | 3 | 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 9 | 7 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 | 1 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 8 | 3 | 6 |
| 3 | 1 | 9 | 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 9 | 3 | 4 | 6 | 1 | 5 | 8 | 2 |
| 6 | 2 | 5 | 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 5 | 2 | 7 | 6 | 3 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। कारोबार में बुद्धिबल से उन्नति होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक है।

**वृष**
राज्य से प्रसन्नता रहेगी। कोई बड़ा काम हो सकता है। नई योजना बनेगी। नया उपक्रम प्रारंभ हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कोई नई समस्या आ सकती है।

**मिथुन**
प्रेम-प्रसंग में आशातीत सफलता प्राप्त होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। सुख के साधन जुटेंगे। शत्रु परास्त होंगे।

**कर्क**
आय में वृद्धि होगी। कारोबार लाभप्रद रहेगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। दूर से शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय बढ़ेगा। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**सिंह**
व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नेत्र पीड़ा हो सकती है। मानसिक बेचैनी रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। अधिकार प्राप्ति के योग हैं। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। भागदौड़ रहेगी।

**कन्या**
शत्रु भय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। आर्थिक उन्नति होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**तुला**
पुराना रोग उभर सकता है। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है। पार्टनरों से मतभेद संभव है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों से अपेक्षा न करें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृश्चिक**
आंखों को चोट व रोग से बचाएं। धन प्राप्ति सुगम होगी। सुख के साधन जुटेंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। थकान व कमजोरी महसूस हो सकती है।

**धनु**
पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। अज्ञात भय सताएगा। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। कुसंगति से बचें। चिंता रहेगी। धन प्राप्ति में अवरोध दूर होंगे।

**मकर**
लेन-देन में जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। किसी के उकसाने में न आएं। बात बिगड़ सकती है। आवश्यक निर्णय सोच-समझकर करें। नौकरी में कार्यभार रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ**
घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। आय में वृद्धि होगी। कारोबार का विस्तार होगा। नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। निवेश लाभदायक रहेगा। घर में सुख-शांति रहेगी।

**मीन**
राजभय रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। लेन-देन में जल्दबाजी हानि देगी। शारीरिक कष्ट संभव है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में मुश्किल होगी। दूसरों से अपेक्षा न करें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। अनहोनी की आशंका रहेगी। मातहतों से कहासुनी हो सकती है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# राज्य में बढ़ सकती हैं 2500 से ज्यादा ग्राम पंचायतें

## 4 जून तक पूरा होगा पुनर्गठन का काम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान में ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों के पुनर्गठन और नवसृजन के प्रस्ताव बनाने का कार्य पूरा हो गया है। प्रस्तावों पर 6 मई तक आपत्तियां ली जाएंगी। इन प्रस्तावों के बाद राज्य में ढाई हजार नई ग्राम पंचायतें बढ़ सकती हैं। वहीं नई पंचायत समितियों की संख्या में 100 से अधिक की बढ़ोतरी हो सकती है। राज्य में अभी करीब 11304 ग्राम पंचायत हैं और 352 पंचायत समितियां हैं।

**6 मई तक ली जाएंगी प्रस्तावों पर आपत्तियां :** प्रस्तावों पर 6 मई तक आपत्तियां ली जाएंगी। आपत्तियों का निस्तारण 7 से 13 मई तक किया जाएगा। पंचायतों के पुनर्गठन का काम 4 जून तक पूरा होगा।

**मरुस्थलीय जिलों में होगा सबसे ज्यादा सृजन** राज्य में सबसे ज्यादा ग्राम पंचायतों का सृजन मरुस्थलीय जिलों में होगा। वहां 2 हजार की आबादी पर प्रस्ताव बनाए हैं। अन्य जिलों में न्यूनतम 3 हजार की जनसंख्या पर प्रस्ताव तैयार किए हैं।

**नवसृजन आसान नहीं, जनप्रतिनिधियों का दखल जारी, उठे विरोध के सुर :** राजस्थान में पंचायत राज संस्थाओं के पुनर्गठन, पुनर्सीमांकन और नवसृजन प्रक्रिया के बीच आम सहमति बनाना मुश्किल होती दिख रही है। एक ग्राम पंचायतों के गांवों को दूसरी ग्राम पंचायत में शामिल करने और नई ग्राम पंचायत के मुख्यालय को लेकर विरोध के स्वर उठने लगे हैं। पूर्व पंचायत राज मंत्री भरतसिंह ने तो अपने गांव कुंदनपुर को तोड़कर अन्य ग्राम पंचायत में मिलाने के प्रस्ताव पर आपत्ति दर्ज कराई है। अकेले कोटा जिले में 155 ग्राम पंचायतें और 15 से 20 नई ग्राम पंचायतों के सृजन के प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। आरोप है कि कांग्रेस से जुड़े जनप्रतिनिधियों वाली ग्राम पंचायतों में नए गांव शामिल किए जा रहे हैं, वहीं कुछ गांवों को हटाया जा रहा है।

**नगर पालिका में शामिल करने का विरोध :** बूंदी जिले के खानपुरा एवं टोपा गांव को नैनवा नगर पालिका में शामिल करने का विरोध हो रहा है। दोनों गांव के लोग 53 दिन से धरने पर बैठे हैं।

**जोधपुर -100 नई ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव तैयार हो रहे :** जोधपुर जिले में करीब 100 नई ग्राम पंचायतों और 5 नई पंचायत समिति बनाने के प्रस्ताव तैयार हो रहे हैं। शेरगढ़ और ओसियां विधानसभा क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों में बड़े स्तर पर ग्राम पंचायतों को तोड़कर नई पंचायतें बनाने की प्रक्रिया चल रही है। विवाद भी सामने आ रहे हैं। नए राजस्व गांवों को ग्राम पंचायतों में तब्दील किया जा रहा है। इनमें विधायक दखल कर रहे हैं।

### जयपुर जिले में आ रही आपत्तियां

जयपुर जिले में प्रस्तावित सोरठां का बास ग्राम पंचायत में सोरठां का बास, नयाबास, धोलिया की ढाणी, बासड़ा व गोपालपुरा को जोड़ने पर सोरठा का बास को छोड़कर अन्य गांवों के लोगों ने आपत्ति जताई है। ग्राम पंचायत आकोदा के रामसागर पालवास गांव को नई पंचायत बनाने के प्रस्ताव के साथ इसमें महेशवास व सैनीपुरा ग्राम को जोड़ने पर यहां के लोगों ने एसडीएम को आपत्ति दर्ज कराई है। ग्राम पंचायत गाड़ोता के ग्राम नासनोदा मे कापड़ियावास कला ग्राम को शामिल करने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई है।

### कहां कितने प्रस्ताव

| जिला - | ग्राम पंचायत - | पंचायत समिति |
|---|---|---|
| जोधपुर - | 244 - | 14 |
| बाड़मेर - | 277 - | 08 |
| भीलवाड़ा - | 121 - | 03 |
| जयपुर - | 143 - | 04 |
| डूंगरपुर - | 87 - | 04 |
| पाली - | 50 - | 02 |
| सिरोही - | 50 - | 03 |
| जालोर - | 109 - | 07 |
| कोटा - | 54 - | 04 |
| झालावाड़ - | 18 - | 00 |
| अजमेर - | 43 - | 00 |
| भरतपुर - | 30 - | 00 |
| झुंझुनूं - | 70 - | 03 |
| नागौर - | 81 - | 04 |
| सवाईमाधोपुर - | 39 - | 01 |
| दौसा - | 89 - | 04 |
| करौली - | 69 - | 03 |
| डीग - | 00 - | 01 |
| बालोतरा - | 74 - | 04 |
| जैसलमेर - | 45 - | 02 |
| हनुमानगढ़ - | 14 - | 00 |
| बारां - | 46 - | 0 |



# कांटोली ग्रामवासियों ने पंचायत पुनर्गठन पर जताई आपत्ति, ग्राम को नोहटा पंचायत में यथावत रखने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/ नोहटा।** कांटोली ग्रामवासियों ने पंचायत पुनर्गठन के प्रस्ताव पर नाराजगी जताते हुए ग्राम कांटोली को नोहटा पंचायत में ही बनाए रखने की मांग की है। इस संबंध में सोमवार को ग्रामवासियों ने उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार हरसोलिया को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने ग्राम कांटोली को नवीन प्रस्तावित ग्राम पंचायत रामनगर, धतूरी और टोरडी में शामिल किए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई है। ग्रामीणों का कहना है कि कांटोली गांव, नोहटा पंचायत मुख्यालय से मात्र एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और वर्तमान में पटवार हल्का एवं गिरदावर हल्का भी नोहटा के अधीन ही आता है। ग्रामीणों ने बताया कि कांटोली और नोहटा गांव की सीमाएं आपस में जुड़ी हुई हैं। दोनों गांवों के आराध्य देवताओं का स्थान भी एक ही जगह स्थित है, जिससे सामाजिक और धार्मिक संबंध भी गहरे हैं। आवागमन के लिए दोनों गांवों के बीच डामरीकृत सड़क भी मौजूद है, जिससे जनसंपर्क सुगम बना हुआ है।ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रस्तावित ग्राम पंचायत रामनगर, धतूरी और टोरडी तीनों गांवों से होकर गुजरने वाला रास्ता उचित नहीं है, क्योंकि रास्ते में नदी-नालों की बाधाएं हैं, जिससे कांटोली के लोगों को आवागमन में कठिनाई होगी। ग्रामीणों ने यह भी तर्क दिया कि यदि कांटोली को नोहटा से हटाकर नवीन पंचायत में जोड़ा गया, तो नोहटा ग्राम पंचायत की जनसंख्या में भारी कमी आ जाएगी, जबकि रामनगर, धतूरी और टोरडी की जनसंख्या अत्यधिक बढ़ जाएगी, जो पंचायत के संतुलन को प्रभावित करेगा।ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पंचायत पुनर्गठन के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करते हुए ग्राम कांटोली को पूर्ववत नोहटा ग्राम पंचायत में ही शामिल रखा जाए, जिससे ग्रामीणों की सुविधाएं और सामाजिक संरचना बनी रहे।

# चैत्र में ही महसूस हुई मई-जून जैसी गर्मी

## सूर्य की तल्खी से शहरवासी आहत, सूनीं हुई सड़कें



बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** चैत्र माह में ही गर्मी रंग दिखाने लगी है। तेज धूप व गर्म हवाओं से अब गर्मी परवान चढने लगी है। वहीं लू के थपेड़े भी लोगों को झुलसाने लगे हैं। धूप में तेजी के चलते लोग आहत दिखाई दिए। हालात यह है कि अभी लोगों को मई-जून जैसे गर्मी महसूस होने लगी है।

जिले में सुबह से ही धूप में तेजी बनी रहती है। दिन चढने के साथ ही गर्म हवाओं ने लोगों को झकझोर दिया। ऐसे में दिनभर लोग गर्मी से बेहाल रहे। जिले में अभी से मौसम का मिजाज गर्म होने लगा है। ऐसे में सुबह से शाम तक तीखी धूप ने लोगों को परेशान किया।

**42 डिग्री पहुंचा पारा :** गर्मी के तीखे तेवर होने के साथ ही अब दिन व रात का तापमान भी बढने लगा है। सोमवार को जिला मुख्यालय पर अधिकतम तापमान 42 डिग्री व न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।

**तीखी गर्मी के साथ शुरू हुई होगी लू :** मौसम विभाग के अनुसार अब तीखी गर्मी के साथ लू का दौर शुरू होगा। तेज गर्मी के चलते जिला मुयालय पर हमीर ब्रिज, कोटा-लालसोट हाइवे सहित कई कॉलोनियों में दिन में सडकें सूनी रही। जरूरत होने पर ही लोग घर से बाहर निकले। तेज धूप और चढ़ते पारे ने आम जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

**अप्रेल में जून जैसी गर्मी :** जिले का मौसम पिछले एक सप्ताह में तेजी से बदला है। तेज धूप और लगातार बढ़ता तापमान अप्रेल के पहले सप्ताह में ही मई-जून जैसी गर्मी का अहसास करा रही है। जिला मुयालय पर सुबह से ही धूप खिली रही और जैसे-जैसे दिन चढ़ा वैसे-वैसे तेज धूप ने लोगों को पसीना-पसीना कर दिया।

# भड़के शिक्षक, देरी से परीक्षा शुरू कराने का आरोप

## पांचवीं बोर्ड परीक्षा में बैठक व्यवस्था नहीं होने पर केन्द्र में हंगामा, स्टूल-टेबल फेंके

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** खण्डार कस्बे में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में गत दिवस पांचवीं बोर्ड परीक्षा में बैठक व्यवस्था नहीं करने पर अभिभावक, निजी स्कूल संचालक व परीक्षार्थी भड़क गए। उन्होंने शिक्षकों को परीक्षा से पहले बैठक व्यवस्था करने का उलाहना दिया तो सरकारी शिक्षक भड़क गए। उन्होंने जवाब में कमरों में रखे स्टूल टेबलों को विद्यालय के बरामदों व परिसर में फेंक दिया। हालांकि बाद में शिक्षकों ने आनन फानन में परीक्षार्थियों को नीचे फर्श पर बैठाकर परीक्षा कराई। आरोप है कि इसके चलते परीक्षा निर्धारित सुबह आठ बजे के स्थान पर 15 मिनट देरी से शुरू हो सकी।

**यह था मामला :** अभिभावक सुरेन्द्र मथुरिया, खेमराज, इन्द्रकुमार मथुरिया, अरविंद जैन आदि ने बताया कि 5 अप्रेल तक स्कूल में 10वीं व 12वीं बोर्ड का परीक्षा केन्द्र था। ऐसे में वीक्षक परीक्षा के तुरंत बाद चले गए। विद्यालय प्रशासन व परीक्षा प्रभारी की अनदेखी के चलते पांचवी बोर्ड परीक्षा की बैठक व्यवस्था नहीं की। सोमवार सुबह करीब 7 बजकर 50 मिनट पर विद्यार्थी परीक्षा देने केन्द्र पर पहुंचे तो, वहां उनके लिए बैठक व्यवस्था नहीं कर रखी थी। विद्यार्थियों ने बाहर आकर परिजनों व निजी स्कूल संचालकों से शिकायत की। इस पर पांचवी बोर्ड परीक्षा केन्द्र पर ड्यूटी में कार्यरत शिक्षकों से कारण पूछा तो वे भडक् गए। उन्होंने गुस्से में कमरों में रखे स्टूल टेबलों को बाहर फेंकना शुरू कर दिया। परीक्षा प्रभारी बृजबिहारी गुप्ता ने मामला शांत कर अभिभावकों से समझाइश कर आनन फानन में परीक्षा शुरू कराई।

**दो दिन पूर्व करनी थी बैठक व्यस्था :** अभिभावकों का कहना है कि शिक्षा विभाग व परीक्षा केन्द्र प्रभारी को पांचवी बोर्ड परीक्षा के सोमवार से शुरू होने की जानकारी थी तो उन्हें शनिवार को ही बैठक व्यवस्था दुरस्त कर कक्षा कक्षों में रोल नबर अंकित कराने थे। ताकि सोमवार को समय परीक्षा संपन्न कराई जा सके। अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल में शिक्षकों के दो तीन अलग अलग गुट होने सरकारी कार्य प्रभावित हो रहे है। वहीं शैक्षणिक कार्य भी प्रभावित हो रहे है।

इस संबंध में मुय ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी तक स्कूल की गुटबाजी की मौखिक शिकायत पहुंचा दी गई है। इसके बावजूद संबंधितों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे एक ओर विद्यार्थियों का भविष्य अंधकार में हो रहा है। वहीं ग्रामीणों में रोष है। उन्होंने जिला कलक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी से मामले जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

**यह बोले जिम्मेदार :** मै पेपर लेने थाने चला गया था। समय पर बैठक व्यवस्था नहीं होने से अभिभावकों व विद्यार्थियों ने स्कूल परिसर में हंगामा कर दिया था। इस पर स्कूल में कार्यरत शिक्षकों ने कमरे में रखे स्टूल टेबल बाहर फेंक दिए थे। समझाइश के बाद बैठक व्यवस्था करा समय पर परीक्षा शुरू करवा दी गई है। 5 अप्रेल को 10वीं बोर्ड की परीक्षा समाप्त होते ही वीक्षक चले गए थे, ऐसे में पूर्व में बैठक व्यवस्था नहीं हो सकी। आरोप निराधार है।

**बृजबिहारी गुप्ता**
**पांचवी बोर्ड परीक्षा प्रभारी,**
**राउमावि खण्डार**

# भविष्य की उड़ान कार्यक्रम से प्रेरित भामाशाहों का राजकीय विद्यालयों के कायाकल्प की दिशा में बड़ा कदम

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी की प्रेरणा से जिले में संचालित अभिनव कार्यक्रम भविष्य की उड़ान के अंतर्गत राजकीय विद्यालयों के विकास के लिए जनसहभागिता का अनुपम उदाहरण सामने आया है। ग्राम सांचौली निवासी सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक कैलाशचंद मीणा ने मुख्यमंत्री जनसहभागिता विद्यालय विकास योजना के तहत ज्ञान संकल्प पोर्टल के माध्यम से पाँच लाख रुपये का योगदान दिया है। यह चैक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांचौली के प्रधानाचार्य लल्लू लाल मीणा द्वारा जिला कलक्टर शुभम चौधरी को सौंपा गया। इस अवसर पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा एवं एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश कुमार गुप्ता भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा हेमराज मीणा ने बताया कि रा.उ.मा.वि. सांचौली से प्राप्त 5 लाख रुपये की राशि पर राज्य सरकार द्वारा 60 प्रतिशत अंशदान के रूप में 7 लाख 50 हजार रुपये सहित कुल 12 लाख 50 हजार रुपये की राशि से विद्यालय में कक्षा-कक्ष निर्माण, सौंदर्यकरण तथा आवश्यक मरम्मत कार्य कराए जाएंगे। इसी क्रम में पीईईओ हथडोली मोहन सिंह चंदेल द्वारा जन सहयोग से राउ.प्रा.वि. बांसड़ा नदी की छत मरम्मत हेतु 60 हजार रुपये, रा.प्रा.वि. सहरावता में विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर क्रय हेतु 40 हजार रुपये, राउ.प्रा.वि. संवासा नदी में फर्श निर्माण हेतु 21 हजार रुपये का चैक मुख्यमंत्री विद्यालय विकास जनसहभागिता योजना अंतर्गत जिला कलक्टर को सुपुर्द किए। कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जिले में सरकारी विद्यालयों की आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण हेतु शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे भविष्य की उड़ान कार्यक्रम जनसहयोग के माध्यम से एक नई दिशा प्राप्त कर रहा है। इस अवसर पर रा.प्रा.वि. बांसड़ा नदी के प्रधानाध्यापक धर्मराज सैनी, सहरावता के प्रधानाध्यापक मोहम्मद इशाक खान, संवासा नदी के प्रधानाध्यापक कृष्ण गोपाल गुर्जर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बजट घोषणाओं को धरातल पर उतराने की कवायद, नटवाड़ा पहुंची पर्यटन विभाग की टीम



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** सरकार की बजट घोषणाओं को जल्द से जल्द धरातल पर उतारने के लिए प्रशासन ने कवायद शुरू कर दी है। मंगलवार को नटवाड़ा में स्थित श्री बद्रीनाथ धाम पर पर्यटन विभाग की टीम ने दौरा कर बजट घोषणा के तहत हुए कार्यों की समीक्षा की। पर्यटन विभाग के उपनिदेशक मधुसूदन चारण ने श्री बद्रीनाथ मंदिर मे विकास कार्यो के लिए प्रस्तावित जमीन का अवलोकन किया। उपनिदेशक चारण ने कहा कि मंदिर परिसर में विकास कार्यो एवं सोंदर्यकरण के लिए की पर्याप्त जमीन उपलब्ध है और भविष्य में मंदिर के विस्तार के लिए भी जमीन की कमी नहीं आएगी। उपनिदेशक मधुसूदन चारण ने सानिवि के अधिशासी अभियंता को जल्द से जल्द मंदिर की जमीन पर होने वाले विकास कार्यो की कागजी कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए ताकि जल्द निर्माण कार्य शुरू हो सके। गौरतलब है कि बजट में श्री बद्रीनाथ मंदिर सहित टोंक जिले के तीन मंदिरो को जीर्णोंद्वार एवं विकास कार्यो के लिए शामिल किया गया। बजट में शामिल प्रदेश के 31 मंदिरो पर 57 करोड़ रूपए की राशि खर्च की जावेगी। इसके साथ-साथ मंदिर परिसर में यात्री विश्राम गृह बनवाने, पार्क, रसोईघर निर्माण करवाने और पार्किंग का निर्माण करवाने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर सानिवि निवाई के अधिशासी अभियंता गौतम मीना, नटवाड़ा मण्डल अध्यक्ष बद्री विजय, तेजभंवर सिंह राठौड़, कृष्णबिहारी शर्मा, मुकेश कीर, सांवरा जोशी, भगवान जाट, श्याम जोशी, रामजी लाल बोकण, शंकर मोठिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# हाइटेंशन लाइन की चपेट में आया युवक, बाराती बाल-बाल बचे

## हादसे के बाद डरे व सहमे नजर आए लोग

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** शिवाड़ कस्बे में महापुरा चौराहा पर गत दिवस एक निजी बस बिजली की हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गई। इस दौरान बस में सवार बाराती बाल-बाल बचे। हादसे के दौरान एक युवक बस की छत पर खड़ा था। ऐसे में उसको करंट का झटका लगा और वह गिर गया। गंभीर हालत में उसे जयपुर रैफर कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शाम चार बजे बारातियों से खचाखच भरी एक बस खिड़गी गांव से रहमानपुरा बंजारा ढाणी जा रही थी। बस शिवाड़ में महापुरा चौराहे के पास ही पहुंची थी कि बस की छत पर खड़ा एक 35 वर्षीययुवक अचानक से हाइटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। इस दौरान की हाइटेंशन लाइन ने युवक को झटके से फेंक दिया। इसके बाद अचानक से किसी के गिरने की आवाज आई। बस कुछ दूरी पर पहुंची थी कि युवक पीछे रास्ते में गिरा मिला। देखते ही बस के सभी लोग दौड़कर युवक के पास पहुंचे। इस दौरान एक कमरू नामक युवक ने युवक का प्राथमिक उपचार किया। इसके अलावा मुरारी माली, हनुमान जाट आदि ने बस में सवार बारातियों को बाहर निकाला। इसमें ज्यादातर महिलाएं एवं बच्चे शामिल थे। हादसे के दौरान चालक सहित सभी लोग डरे व सहमे नजर आए। जानकारों के अनुसार बस में करीब 150 से 200 लोग सवार थे। इनमें से कुछ लोग बस की छत पर भी बैठे थे। गनीमत रही कि हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया युवक नीचे गिर गया, इससे अन्य लोग बच गए।

**हादसे के बाद भी देरी से पहुंची पुलिस :** ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक युवक घायल हो गया और लोगों की जान सकते में आ गई। इस दौरान पुलिस घटनास्थल पर समय पर नहीं पहुंची,




जबकि जिस जगह हादसा हुआ था, उससे शिवाड़ चौकी की दूरी केवल 500 मीटर भी नहीं है।

**झूलते तारों से मंडरा रही मौत :** विद्युत निगम की लापरवाही से कस्बे में महापुरा चौराहे पर झूलते तारों मौत मंडरा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि झूलते तारों को लेकर कई बार विद्युत निगम को शिकायत की है, लेकिन तारों को ऊंचा नहीं कराया जाता। इससे हादसे का अंदेशा बना है।


# अनियंत्रित बस की टक्कर से बालिका घायल

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले के मलारना चौड़ क्षेत्र में लालसोट-कोटा मेगा हाईवे स्थित मलारना चौड़ बाइपास पर गत दिवस जयपुर जा रही बस ने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी बालिका को टक्कर मार दी। हादसे में बालिका गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सवाईमाधोपुर रैफर कर दिया, जहां बालिका का उपचार जारी है। मौके पर उपस्थित लोगों ने बताया कि सड़क पर चल रहे ट्रक से आगे निकलने के दौरान ट्रक ने बस को साइड से टक्कर मार दी। इससे बस अनियंत्रित हो गई और विपरीत दिशा में जाकर भोली फिलिंग स्टेशन की पार्क की दीवार को तोड़ते हुए साइड में खड़ी बालिका अलीना पुत्री अलमुद्दीन (10) गद्दी निवासी मलारना चौड़ को चपेट में ले लिया। हादसे में वह गभीर रूप से घायल हो गई।



मलारना चौड़, दुर्घटनाग्रस्त हुई बस तथा मौके पर उपस्थित भीड़।



घायल बालिका अलीना।

## लावारिस घूमती मिली अबोध बच्ची को महज 10 घंटे में तलाश कर पुलिस थाना खुशखेडा पुलिस ने परिजनों को सुपुर्द किया



बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी( मुकेश शर्मा )।** लावारिस घूमती मिली अबोध बच्ची के परिजनों की महज 10 घंटे में तलाश कर अबोध बच्ची को परिजनों के सुपुर्द किया गया। दिनाँक 07/04/2025 को एक व्यक्ति वीरेन्द्र यादव पुत्र श्री विमल यादव उम्र 30 साल जाति यादव निवासी चोसा थाना पानापुर जिला छपरा (बिहार) हाल सतीश यादव कॉलोनी श्री सिमेन्ट के पास खुशखेडा मय एक बच्ची उम्र करीब 04 साल की जो अपना नाम पता नही बता पा रही है जिसने बताया की यह बच्ची सिल्वर एक्स मेटल्स स्न-631 के सामने लावारिस घुमती मिली जिसको मैने अपने साथ लेकर बच्ची के परिजन की तलाश औधोगिक क्षेत्र खुशखेडा व कॉलोनी मे काफी तलाश करने पर बच्ची के परिजन का कोई भी पता नही चलने पर खुशखेडा थाने पर बच्ची के साथ उपस्थित आया उक्त सूचना पर मन थानाधिकारी मय जाप्ता औधोगिक क्षेत्र खुशखेडा मे बच्ची के परिजनो कि तलाश शुरू कि गई बच्ची बोलने व समझने में असमर्थ थी । जिसका रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है व आँखे सूजी हुई है। जिसके परिजनों की तलाश हेतु थाना हाजा के सोशल मीडिया ग्रुप (सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षक, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र) से व सरकारी, प्राईवेट वाहन पर माईक से अनाउसमेन्ट करवाया तथा जागरूक नागरिकों के सहयोग व पुलिस की तत्परता से लावारिस अबोध बच्ची कृति उम्र करीब 04 साल के परिजनों की तलाश औधोगिक क्षेत्र में बनी कॉलोनियों एवं झुग्गी झोपडियों में सरगर्मी से की गई व अबोध बच्ची के परिजनों को महज 10 घंटों में

लिए तलाश कर अबोध बच्ची को उसकी माता श्रीमती चन्दा कुमारी को सुपुर्द किया गया। अबोध बच्ची को पाकर बच्ची के माँ कि खुशी से आँखें भर आई व अपनी माँ को देख कर बच्ची कृति माँ चन्दा कुमारी के लिपट गई। परिजनों ने पुलिस का धन्यवाद किया।

## द्वेषता की भावना से नई ग्राम पंचायत गठन में की गई मनमानी-गुर्जर

### विधानसभा क्षेत्र में नई 12ग्राम पंचायतों का हुआ गठन।



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** पंचायत समिति क्षेत्र में नई 12ग्राम पंचायतों के गठन को लेकर ग्राम अणतपुरा के ग्रामीणों ने रोष जाहिर किया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भीमसिंह ने कहा कि यह ग्राम पंचायतों का गठन व उसमें समलित गाँव में से मेरा भी एक गाँव है जिसके लिए ग्रामीण तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि द्वेषता की भावना से विधायक देवीसिंह शेखावत ने यह कृत्य किया है। जब मेरा गाँव तीन ओर लेकड़ी से घिरा हुआ है हमें 2.5किलोमीटर दूर क्यों भेजा जा रहा है यह विधायक की मानसिकता का उज्व्वल उदाहरण है। मेरे ग्राम वासियों द्वारा आज आपत्ति दर्ज करवाई गईं है कि हमें लेकड़ी में ही रहने दिया जाए। वहीं वरिष्ठ अधिवक्ता ख्यालिराम गुर्जर ने बताया कि जब हम तीन ओर से लेकड़ी से घिरे हुए हैं तो यह हमारे साथ ना इंसाफ़ी है। वहीं एडवोकेट मुकेश गुर्जर ने बताया कि स्थानीय निर्वाचक अधिकारी ध्यान दें कि कहाँ क्या गड़बड़ हों रही है। और हमें ग्राम पंचायत लेकड़ी में ही रहने दिया जाए। उपस्थित अन्य जागरूक लोगों ने भी नवगठित ग्राम पंचायत बिसालू में अणतपुरा को लगाने पर लोगों को कितनी तकलीफ उठानी पड़ेगी।

## जिला कलेक्टर ने किया सीएचसी कोटकासिम का निरीक्षण

### जिला कलेक्टर ने दिए मरीज को बेहतर सुविधा के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा,( मुकेश शर्मा )।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटकासिम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में उपस्थित मरीजों से वार्ता कर हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं एवं डॉक्टर के बारे में फीडबैक लिया। इसके साथ-साथ उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनको दी जाने वाली सुविधा का अवलोकन किया। उन्होंने अस्पताल के उपकरणों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अस्पताल में काम कर रहे कार्मिकों से उनके कार्य की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा साफ-सफाई का भी जायजा लिया।

### नेता प्रतिपक्ष का अपमान कांग्रेस को नहीं मंजूर

# भाजपा नेता आहूजा का संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर सर्किल पर रावण जैसा पुतला जलाकर जताया आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गाँधी एवं नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के खिलाफ भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा के द्वारा की गई विवादित टिप्पणी के बाद पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश पनप गया है। अलवर के अंबेडकर सर्किल से विरोध स्वरूप उठी सुनामी शाम तक पूरे प्रदेश में फैल गई।

राजस्थान प्रदेश के सभी जिलों सहित अलवर जिले के सभी ब्लॉकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञान देव आहूजा का पुतला जलाकर विरोध प्रकट किया। जिला प्रवक्ता रिपू दमन गुप्ता ने बताया कि भाजपा नेता द्वारा की गई आपत्तिजनक और दलित विरोधी टिप्पणी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अंबेडकर सर्किल पर आहूजा का रावण जैसा दशानन पुतले का दहन किया और आहूजा के पुतले की चप्पलों से जमकर पिटाई कर डाली, नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सर्किल पर जाम लगाकर अपना विरोध प्रदर्शन किया वहां से सामूहिक रूप से अपना घर शालीमार स्थित भगवान श्री राम मंदिर में पहुंचकर रामधुनी कर रघुपति राघव राजा राम के साथ भाजपा नेता को सद्बुद्धि देने के लिए धार्मिक गीत गाये।

कांग्रेस जिला अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली के मंदिर जाने के बाद भाजपा नेता श्री ज्ञानदेव आहूजा द्वारा गंगाजल छिड़कना भारतीय जनता पार्टी की दलितों के प्रति दुर्भावना को दर्शाती है। वर्तमान के दौर में भाजपा नेताओं द्वारा दर्शाई गई संकीर्ण मानसिकता कतई स्वीकार्य नहीं है। इसकी जितने शब्दों में निंदा की जाए वह कम है।

जिस मिट्टी में राम बसे हों, वहाँ भेदभाव का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। लेकिन भाजपा और उनके नेताओं की सोच में जाति और धर्म का जहर भरा हुआ है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देना — सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं, एक पूरे समाज का अपमान है। टीकाराम जूली न सिर्फ एक जनप्रतिनिधि हैं, बल्कि राजस्थान के दलित समाज का वो चेहरा हैं जो हर वर्ग की आवाज़ उठाते हैं। उनकी जाति को आधार बनाकर मंदिर की पवित्रता पर सवाल उठाना हमारी सनातन संस्कृति के मूल्यों के विरुद्ध है। राजस्थान के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष को आहूजा को निलंबित नहीं बर्खास्त करना चाहिए और उनके खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए ।



इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, विधायक मांगेलाल मीणा, इमरान खान, विश्राम गुर्जर,अजीत यादव, रोहिताश चौधरी गोपाल दास खटीक, गफूर खान, जोगेंद्र कोचर, विजेंद्र महलावत, राजेन्द्र पॉल शर्मा, हिम्मत चौधरी, बलराम यादव, मुकेश सारवान, रिपुदमन गुप्ता, कमलेश सैनी, राकेश बैरवा, अनवर साजिद, उमरदीन, राहुल पटेल, नरेंद्र मीणा,जफरु खान, जे डी आर्यन,विक्रम यादव , रमन सैनी, दीपेंद्र सैनी, जमशेद खान, पंकज शर्मा, राम प्रकाश शर्मा, ललित भारद्वाज, जीत कौर, लिली यादव. कमलेश सैनी, वसमीना खान, शशिकला, नीमा चौधरी, कुलदीप माथुर, प्रशांत राजा, ओम प्रकाश सैन,नवीन शर्मा, कमल सेन ओम प्रकाश सेन, आरएस यादव, ,रवि मीणा , महेंद्र सैनी, अंशुल सैनी, दशरथ सिंह शेखावत,सुदर्शन अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

## जिला कलक्टर ने ली स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) एवं अन्य योजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक

### सीवरेज लाइन निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करवाने, एनकैप के तहत प्राप्त वित्तीय सहायता के शत-प्रतिशत उपयोग एवं नालो की सफाई के कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आज मिनी सचिवालय स्थित कलक्ट्रेट सभागार में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), अमृत 2.0, एनकैप एवं अन्य योजनाओं की नगर निगम के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला कलक्टर ने नगर निगम के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये कि अमृत 2.0 के तहत शहर में संचालित सीवरेज लाइन निर्माण कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों का वार्ड नंबर 8 व 20 में 10 मई तक तथा शेष सभी वार्डों में 25 मई तक पुनर्निर्माण या मरम्मत कार्य करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि शहर में सीवरेज लाइन निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में मानक अनुरूप एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कराए एवं साथ ही इस दौरान क्षतिग्रस्त सड़कों को मरम्मत कार्य भी किया जाए, ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पडे। उन्होंने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनकैप) के तहत प्राप्त वित्तीय सहायता के शत-प्रतिशत उपयोग के निर्देश दिये। उन्होंने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि चिन्हित स्थानों पर सडक मरम्मत एवं टाइल बिछाने का कार्य, अधिकाधिक पौधारोपण कराने के साथ मैकेनिकल स्वीपिंग मशीन, एंटी स्मोग गन इत्यादि का नियमित प्रयोग करें। जिला कलक्टर ने अतुल्य अलवर अभियान, स्वच्छ भारत मिशन के कार्य, ठोस कचरा प्रबंधन, गोलेटा में स्थित विरासती अपशिष्ट निस्तारण साइट पर घास लगवाने एवं पौधारोपण कार्य, अग्यारा स्थित सीएण्डडी वेस्ट प्लांट के संचालन व म्यूनसिपल सोलिड वेस्ट प्लांट में एकत्रित कचरे के निस्तारण की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि 1 मार्च से निगम द्वारा प्रारम्भ किए गए विशेष नाला सफाई अभियान के तहत स्लज/गाद सहित संपूर्ण कचरे को हटवाएं, ताकि आमजन को मानसून के दौरान जलभराव व गंदगी का सामना न करना पडे।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में अलवर जिले को राज्य में प्रथम रैंक प्राप्त करने पर सराहना की एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा करते हुए लक्ष्यानुसार प्रगति अर्जित करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त जितेंद्र सिंह नरूका, लेखाधिकारी श्री हंसराज मीणा, अधिशासी अभियंता खेमराज मीणा, सहायक अभियन्ता श्री दिनेश कुमार व राजकुमार सैनी, एसडब्ल्यूएम सहायक अभियन्ता श्री धर्मेन्द्र यादव, एनकैप सलाहकार योगेश पूनिया सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री राजपूत शिक्षा समिति के आदर्शों के लिए कटिब्ध-शेखावत

### शेखावत बने निर्विरोध श्री राजपूत शिक्षा समिति के अध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित श्री राजपूत छात्रावास भवन में श्री राजपूत शिक्षा समिति के कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सर्वसहमति से अध्यक्ष पद पर पूर्णसिंह राजपूत को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट विक्रमसिंह राजपूत ने बताया कि पूर्व की भांति इस बार भी श्री राजपूत शिक्षा समिति के चुनाव करवाए गए जिसमें सर्वसहमति से अध्यक्ष पद पर पूर्णसिंह शेखावत,उपाध्याय पद पर श्रीपालसिंह शेखावत,उपाध्याय द्वितीय नटवरसिंह शेखावत,कोषाध्यक्ष पद पर किरोड़ीसिंह चौहान,सचिव पद पर ओमेंद्रपालसिंह तथा खड़कसिंह शेखावत को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष पूर्णसिंह शेखावत ने कहा कि मैं श्री राजपूत शिक्षा समिति के आदर्शों के लिए कटिब्ध रहूँगा !जहाँ समाज के पानी को बहाने की चेष्टा की जाएगी वहाँ मैं अपना रक्त बहा दूँगा। श्री राजपूत समाज ने भारत की वीर धरा के लिए अपना खून बहाया है मैं अन्य जाति, संप्रदाय और क्षेत्र में निवासित धर्मवालंबियों को सुरक्षा और शिक्षा दिलवाने का प्रयास करूँगा। जो मंगलवार को श्री राजपूत समाज ने मुझे जिम्मेदारी दी है उसको सही तरीके से निभाते हुए हमारे महान पूर्वज महाराव शेखा जी महाराज व अन्य राजपूत सरदारों के आदर्श अपने दिलोंदिमाग़ में रखते हुए सेवा करूँगा। श्री राजपूत समाज के इतने गौरव हुए हैं कि मुझे अधूरा ज्ञान है। जिनमें श्री गोगा जी महाराज, महाराणा सांगा, महाराणा प्रताप,पृथ्वीराज चौहान, वीर दुर्गादास, हमारी जननी स्वरूपा राष्ट्रमाता पद्मिनी, और अन्य माता सतियों की कुरबानीयों की कसम लेता हूँ। शपथ तो मुझे बाद में मिलेगी, लेकिन मैंने ह्रदय से शपथ आज ही ले ली है। इस मौके पर पूर्व तहसीलदार पीएस शेखावत,रघुवीरसिंह बसई,मातादीनसिंह राठौड़,जीतेन्द्र सिंह शेखावत,गोपालसिंह बसई,भवानीसिंह शेखावत बिसालू,दीपकसिंह नीमचाणा,चन्द्रपालसिंह खोहरी,सुरेन्द्रसिंह बिडाला,हरकेशसिंह खरखड़ा,मुकेशसिंह शेखावत सहित श्री राजपूत समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सैनी समाज का तीसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन सम्पन्न, 16 जोड़ों ने रचाई शादी

बढ़ता राजस्थान

**तिजारा,( मुकेश शर्मा )।** रामनवमी के शुभ अवसर पर सैनी आदर्श सामूहिक विवाह समिति, तिजारा द्वारा तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन भव्य रूप से किया गया। यह कार्यक्रम एमपी जैन फार्म हाउस में सम्पन्न हुआ, जिसमें समाज के 16 जोड़ों ने विवाह के पवित्र बंधन में बंधकर एक नई शुरुआत की।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8.15 बजे सैनी स्कूल तिजारा से दूल्हों की भव्य सामूहिक निकासी के साथ हुई। वैण्ड-बाजों की गूंज और पुष्पवर्षा के बीच बारात विभिन्न मार्गों से होते हुए विवाह स्थल तक पहुंची। मार्ग में जगह-जगह समाजजनों द्वारा बारातियों का स्वागत किया गया। विवाह स्थल पर पारंपरिक



तोरण, वरमाला और आशीर्वाद कार्यक्रमों के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आयोजित की गईं, जिससे माहौल भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बन गया। इस सम्मेलन में तिजारा, अलवर, किशनगढ़बास, खैरथल, कोटपूतली, नारनौल, रेवाड़ी, धारूहेड़ा, भिवाड़ी और फिरोजपुर सहित अनेक क्षेत्रों से समाज के लोग उपस्थित रहे और आयोजन की शोभा बढ़ाई।

## आहूजा ने प्रतिपक्ष नेता का नहीं सम्पूर्ण दलित समाज का अपमान किया-पुरोहित

### कांग्रेसियों ने जलाया आहूजा का पुतला



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** भाजपा के पूर्व विधायक और निलंबित भाजपा नेता ज्ञानदेव आहूजा के बयान, व्यवहार और उनकी नीती से कांग्रेसी आहत हुए। इस आहत का बदला लेने के लिए ब्लॉक अध्यक्ष भीमसिंह गुर्जर के नेतृत्व में ज्ञानदेव आहूजा का पुतला फूंका गया। इस मौके पर बोलते हुए युवा नेता कांग्रेस पुरोहित ने कहा कि टीकाराम जूली सिर्फ कांग्रेस के नेता नहीं बल्कि वे दलित पिछड़ों सहित आमजन की आवाज हैं। वे राजस्थान सरकार में प्रतिपक्ष नेता भी हैं यदि उनके जाने से मन्दिर अपवित्र हो सकता है तो कोई दलित मन्दिर में घुस ही नहीं पाएगा। भगवान सबके होते हैं सिर्फ मुछों वालों के ही नहीं !हम उनके द्वारा किए गए कृत्य के लिए मांफी की मांग करते हैं और दूसरा हमारा सवाल था कि भाजपा उनको पार्टी से निकाले !भाजपा ने आहूजा को पार्टी से निलंबित कर दिया है। इस मौके पर अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर गिरीश गुप्ता ने किया 72 वीं बार स्वेच्छिक रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** शांति देवी ओर डॉ क्षितिज गॉगल की स्मृति में हाई टेक हॉस्पिटल अलवर, इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी अलवर , आई एम ए अलवर के संयुक्त तत्वाधान में 7 अप्रैल 2025 को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर हाई टेक हॉस्पिटल अलवर में श्री मति शांति देवी मेमोरियल ट्रस्ट अलवर के मुख्य सहयोग द्वारा सुबह 10 बजे स्वेच्छिक रक्तदान शिविर प्रारम्भ हुआ जिसका फीता काटकर उदघाटन अलवर शहर की अतिरिक्त जिला कलेक्टर बीना महावर तथा विशिष्ट अतिथि सेन्ट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर के चेयरमैन गिरीश गुप्ता ने किया । इस मौके पर गिरीश गुप्ता ने अपना 72 वीं बार स्वेच्छिक रक्तदान भी किया ये हर 3 माह में स्वेच्छिक रक्तदान करते रहते है गिरीश गुप्ता द्वारा अब तक तकरीबन 4000 से ज्यादा लोगो की जान बचाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है 24×7 हरपल वो और उनकी टीम ये कार्य नि:शुल्क करते है उनका धेय है कि किसी भी व्यक्ति को रक्त की कमी के कारण नही मरने दिया जाएगा । याद रहे कोविड महामारी के वक्त भी जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह ने अलवर जिले में फ़ूड डिस्ट्रीब्यूशन का जिम्मा अलवर कोरोना फाइट टीम को दिया था जिसमे गिरीश गुप्ता ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी उन्ही दिनों जब सभी ब्लड बैंकों में रक्त की कमी चल रही थी उस वक्त भी गिरीश गुप्ता ने स्वयं एवं अपनी टीम के सदस्यों के साथ मिलकर के ब्लड बैंकों में रक्त उपलब्ध करवाया था ।

गिरीश गुप्ता को रक्तदान करते देखकर उनकी पत्नी यामिनी भी अब तक 3 बार और उनकी 22 वर्षीय बेटी मुस्कान भी अब तक 4 बार स्वेच्छिक रक्तदान कर चुकी है वही 18 वर्षीय बेटा शाश्वत भी 1 बार रक्तदान कर चुका है । इस मौके पर डॉ के सी गागल, डॉ शर्मिला माहेश्वरी, डॉ सुधीर गुप्ता सहित कुल 31 यूनिट रक्तदान किया था ।

गिरीश गुप्ता मित्तल हॉस्पिटल के डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेटर, सेन्ट जॉन एम्बुलेंस इंडिया अलवर के चेयरमैन , अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फ़ेलोशिप के अध्यक्ष , राजस्थान स्टेट के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर , लायंस क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट 3233 ई1 के रीजन 2 साँवरियाँ के रीजन चेयरपर्सन ,आर डी एन सी मित्तल फाउंडेशन के



जॉइंट सेक्रेटरी, भारत विकास परिषद अलवर शाखा के शाखा संयोजक सम्पर्क पद पर तथा तकरीबन 27 संस्थाओं में कार्य करते हुए मानव सेवा कर रहे है । रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए नेशनल , राज्य स्तर, जिला स्तर तथा अनेको बार लायंस इंटरनेशनल के डायरेक्टर , प्रेसिडेंटस तथा कई नेशनल चैनल तथा अखबारों द्वारा सम्मानित किए जा चुके है ।

# मंत्री दिलावर के सामने ही ठेकेदार को लेकर बड़े अधिकारी उलझ पड़े, एक दूसरे पर लगाए गम्भीर आरोप, मंत्री ने शांत करवाया मामला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (राजीव सक्सेना)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर द्वारा रामगंजमंडी के श्री महाराज अग्रसेन अतिथि गृह, बाजार नंबर एक में आयोजित पेयजल समस्या समाधान शिविर में अधिकारियों की कार्यशैली पर जनता ने जमकर आरोप लगाए, वहीं एक ठेकेदार को लेकर अधिकारी अपनी गुटबाजी के चलते मंत्री दिलावर के सामने ही आपस में उलझ पड़े।

दरअसल, हुआ यूं कि मंत्री दिलावर जब लोगों की पेयजल समस्या की सुनवाई कर रहे थे और बारी बारी अधिकारियों से सवाल जवाब कर रहे थे, तभी एक ठेकेदार फर्म मैसर्स धरेंद्र एंटरप्राइजेज का मालिक ठेकेदार सामने आया और उसने यह दावा किया कि रामगंजमंडी में तैनात सहायक अभियंता बच्चू सिंह पेयजल समस्या को उलझाने के मुख्य सूत्रधार हैं।

फर्म के मालिक ने मंत्री के सामने माइक पर आरोप लगाया कि 15 वें वित्त आयोग में रामगंजमंडी खंड की पुरानी पाइन लाइन बदलने का ठेका हुआ था। ठेकेदार का कहना था कि इसके तहत उसने गरीब नवाज कॉलोनी में नई पाइप लाइन डाल भी दी, परंतु सहायक अभियंता उसे भुगतान नहीं कर रहे हैं। ठेकेदार का यह भी कहना था कि, वह तो आगे भी पूरे क्षेत्र में नई पाइप लाइन डालने के लिए तैयार है, लेकिन सहायता अभियंता उसे आदेश नहीं दे रहे।

## फिर जनप्रतिनिधि भी आ गए मैदान में

ठेकेदार को लेकर दो गुटों को पक्ष और विपक्ष में बंटे अधिकारियों को लड़ता देख रामगंजमंडी के जनप्रतिनिधि भी आवेश में आ गए। पार्षद और मंडल महामंत्री अखिलेश मेडतवाल, भाजपा नेता नितिन शर्मा, जिला परिषद सदस्य कृष्ण गोपाल अहीर, मंडल अध्यक्ष हंसराज रायका, नरेंद्र कला सहित तमाम नेता कोटा से आए अतिरिक्त मुख्य अभियंता देवकी नंदन व्यास के खिलाफ मंच पर आ गए। नेताओं ने दावा किया कि मैसर्स धरेंद्र एंटरप्राइजेज में अतिरिक्त मुख्य अभियंता देवकी नंदन की हिस्सेदारी है। इस फर्म को अपात्र होते हुए भी देवकीनंदन ने इसी फर्म को निविदा दिलवाई है, जबकि नियमानुसार जिस फर्म को ठेका मिलना था, उसे बाहर कर दिया और अभी भी इस फर्म को अनावश्यक लाभ पहुंचने के लिए रामगंजमंडी के अधिकारियों को झूठा फंसाने की चाल चल रहे हैं। इस फर्म को कोई परेशानी ना हो, इसे लेकर देवकीनंदन ने गत दिनों अधीक्षण अभियंता कोटा भारत भूषण मिगलानी को गलत तरीके से फंसा कर एपीओ करवा दिया। अब शिविर में सबके सामने मंत्री को बदनाम करने का आरोप लगाकर रामगंजमंडी के अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही करवाना चाहते हैं। नेताओं ने मंत्री मदन दिलावर से अतिरिक्त मुख्य अभियंता के ही खिलाफ कार्यवाही करने की मांग भी की। मामला बढ़ता देख मंत्री मदन दिलावर

### *इस तरह बिगड़ी बात*

*इस पर अधिशाषी अभियंता सोमेश मेहरा और सहायक अभियंता बच्चू सिंह जवाब दे रहे थे, तभी अतिरिक्त मुख्य अभियंता देवकीनंदन ने बीच में टोकते हुए अधिशाषी अभियंता पर आरोप लगाया कि आप तो कह रहे थे कि मंत्री जी ने भुगतान रोकने को बोला है। इस पर अधिशाषी अभियंता सोमेश मेहरा ने कहा कि, मैंने ऐसा कब कहा? इस पर व्यास ने कहा, आप झूठ बोल रहे हो। मामला बढ़ने लगा तो फिर ठेकेदार ने सहायक अभियंता पर आरोप लगा दिए। इस पर बच्चू सिंह ने मंत्री के सामने पानी का गिलास हाथ में लेकर कहा- मेरे दो बच्चे हैं, मैं उनकी कसम खाता हूं जो मैंने कभी ठेकेदार से कोई मांग की*



# संभावित भीषण गर्मी और हीट वेव की चुनौती से निपटने के लिए प्रशासन ने दिखाई गम्भीर चिंता

- जिला कलेक्टर डॉ रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में बैठक हुई आयोजित, कहा- लू-तापघात से बचाव के लिए दिखाएं प्रतिबद्धता
- सब मिलकर ही हीट वेव की चुनौती से पार पा सकेंगे, संगठनों से की अपील



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में मंगलवार आगामी दिनों सम्भावित भीषण गर्मी एवं हीटवेव की चुनौती से निपटने के मद्देनजर किए जाने वाले कार्यों को लेकर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। इसमें जिला कलेक्टर ने कहा कि मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार इस बार हीट वेब का दौर पहले ही आ सकता है। इसकी तीव्रता भी अधिक हो सकती है। ऐसे में समय रहते आमजन, राहगीरों, मजदूरों, बेघर एवं घुमन्तू लोगों को लू-तापघात से बचाने के लिए विभिन्न स्तरों पर कार्य करने होंगे। उन्होंने विभिन्न संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, समाजसेवियों एवं भामाशाहों का इन कार्यों में जुटने का आह्वान किया। डॉ. गोस्वामी ने कहा कि सब मिलकर ही भीषण गर्मी और हीट वेव की चुनौती से पार पा सकेंगे। सभी संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस सेवा कार्य के लिए प्रतिबद्धता दर्शाई है।

## पहले भी संगठनों ने किया सराहनीय कार्य

जिला कलेक्टर ने कहा कि कोटा में जरूरत की घड़ी में हर समय विभिन्न संगठनों ने आगे आकर सराहनीय कार्य किया है। गत वर्ष हीटवेव के दौर में जिस तरह संगठनों और संस्थाओं की मदद से जिले में सुनियोजित कार्य हुआ, उससे आमजन के हित में श्रेष्ठ कार्य हो सका। इसे सरकार के स्तर पर भी सराहना मिली है। उन्होंने कहा, हालांकि गर्मी को लेकर अभी येलो अलर्ट है, लेकिन संगठन अभी से सक्रिय होकर अपने कार्य क्षेत्र का निर्धारण कर तैयारी शुरू कर दें, ताकि ऑरेंज और रेड अलर्ट होने पर जरूरी गतिविधियां तत्काल शुरू हो जाएं।

बैठक में शहर के ये गणमान्य रहे मौजूद

बैठक में व्यापार महासंघ अध्यक्ष क्रांति जैन, महासचिव अशोक माहेश्वरी, एसएसआई अध्यक्ष गोविन्द राम मित्तल, पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष तरुमीत सिंह बेदी, हम लोग संस्था से डॉ. सुधीर गुप्ता, एलन, मोशन एवं अन्य कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधि, जेसीआई, रेलवे, केडीए कॉन्ट्रेक्टर्स एसोसिएशन एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न कार्यों के लिए अपनी सहमति जताई। नगर निगम, चिकित्सा एवं अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को भी आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए निर्देशित किया गया। एडीएम प्रशासन, सीलिंग व पुलिस व प्रशासन के अन्य अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे।

# दो दिवसीय वाल्मीकि महासभा अधिवेशन के लिए पदाधिकारियों को दी गईं जिम्मेदारियां

12 अप्रेल को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे सत्र का शुभारम्भ



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** वाल्मीकि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा का दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 12-13 अप्रेल को कोटा के रंगबाड़ी केडीए ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। इस अधिवेशन की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को सम्भागीय बैठक आयोजित हुई। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल राजा ने अधिवेशन के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां बांटीं। कोटा जिलाध्यक्ष दिनेश सरसिया ने बताया कि प्रथम दिन, 12 अप्रेल को सुबह 11 बजे सत्र का शुभारम्भ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला करेंगे।

## इन गणमान्यों के आने की मिली स्वीकृति

दो दिन तक विभिन्न सत्रों में चलने वाले इस राष्ट्रीय अधिवेशन में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौर, शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक दक्षिण संदीप शर्मा, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, हाथरस सांसद अनूप वाल्मीकि, राज्यसभा सांसद एवं वाल्मीकि धाम उज्जैन पीठाधीश्वर बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी उपाध्यक्ष अंजना पंवार, महाराष्ट्र विधायक श्याम खोड़े (वाल्मीकि), पूर्व राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष मनहर जाला, पूर्व विधायक पिलानी जेपी चंदेलिया, सतीश डागोर महाराष्ट्र राज्य सफाई कर्मचारी आयोग अध्यक्ष, भाजपा देहात अध्यक्ष प्रेम गोचर, कोटा सरस डेयरी चेयरमैन चैनसिंह राठौर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीना व मुकेश दाधीच की स्वीकृति मिल चुकी है।

## बैठक में ये भी रहे मौजूद

बैठक में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष रामगोपाल राजा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओम प्रकाश खजोतिया, राष्ट्रीय कार्यालय सचिव नरेंद्र राजा, राष्ट्रीय संगठन सचिव शैलेन्द्र महाराजा, राष्ट्रीय सचिव जगदीश डांगी, राष्ट्रीय संगठन सह सचिव रोहित घाटोड, राष्ट्रीय सह सचिव जगदीश पंवार, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुखदयाल घाटोड, प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश वाल्मीकि, जिलाध्यक्ष शहर कोटा दिनेश सरसिया, तहसील अध्यक्ष सुनील पटोना एसपी, देहात जिलाध्यक्ष रामहेत पटोनिया, बारां जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद पंवार, सुरेश पचेरवाल, सेठ मांगीलाल पटूना, राजू सफेला, वीरेंद्र टांक, रेवडीलाल तमोली आदि मौजूद रहे।

# जिला क्रीड़ा परिषद की बैठक में जिले में खेल ढांचे को मजबूत करने पर हुआ मंथन, निर्णय लिए गए



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** जिला क्रीड़ा परिषद कोटा की बैठक मंगलवार को कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में खेलों के विकास और आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ बनाने को लेकर कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में जिला खेल अधिकारी वाईबी सिंह ने पूर्व में आयोजित बैठक के प्रस्तावों की प्रगति से सभी सदस्यों को अवगत कराया। आवासीय स्पोर्ट्स स्कूल की स्थापना के लिए भूमि आवंटन पर चर्चा की गई। साथ ही, बालिका फुटबॉल अकादमी में एक मंजिला भवन निर्माण एवं चारों ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने जेके पेवेलियन स्टेडियम की मरम्मत व रंग-रोगन कार्य तथा क्रिकेट मैदान में फ्लड लाइट (रोशनी) की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कोटा विकास प्राधिकरण को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने खेल अधोसंरचना को समयबद्ध रूप से सुदृढ़ करने पर बल दिया। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी केके शर्मा, नगर निगम, केडीए एवं पुलिस विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# कोटा में 54 ग्राम पंचायत और 4 पंचायत समितियां बनाईं, 101 पंचायतों का किया पुनर्गठन, 6 मई तक दर्ज करा सकेंगे आपत्तियां

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (राजीव सक्सेना)।** पंचायती राज चुनाव के तहत जिले में नई पंचायत समितियां और नई ग्राम पंचायत के प्रस्ताव तैयार कर प्रस्ताव का प्रकाशन कर दिया है। पंचायती राज चुनाव के तहत कोटा जिले में नई पंचायत समितियां और नई ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव तैयार कर प्रस्ताव का प्रकाशन कर दिया है। प्रस्ताव के तहत 54 नई ग्राम पंचायतें व 4 नई पंचायत समितियों के गठन की तैयारी की है, जिन पर 6 मई तक आपत्ति मांगी गई है। एडीएम प्रशासन मुकेश चौधरी ने बताया कि प्रस्ताव के अनुसार चेचट, कनवास, सीमल्या और खातौली नई पंचायत समितियां बनेंगी। नए प्रस्ताव के अनुसार जिले में अब 206 ग्राम पंचायत और 9 पंचायत समितियां होंगी। जिले में 101 ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन किया गया है, जबकि 51 को यथावत रखा है। आमजन 6 मई तक तहसील कार्यालय, विकास अधिकारी कार्यालय, उपखंड कार्यालय, कलेक्ट्रेट में आपत्तियां दर्ज करवा सकेंगे। वर्तमान में जिले में 5 पंचायत समितियां हैं। इनमें लाडपुरा, खैराबाद, सांगोद, सुल्तानपुर और इटावा पंचायत समिति है। इनमें 152 ग्राम पंचायतें आती हैं। सांगोद और खैराबाद में 36-36 ग्राम पंचायतें, सुल्तानपुर में 31, इटावा में 30 और लाडपुरा में सबसे कम 19 ग्राम पंचायतें हैं। अब नए प्रस्ताव में 54 नई ग्राम पंचायतें व 4 पंचायत समितियां बनाई गई हैं।

**जवाब में जिला कंज्यूमर कोर्ट को सुनवाई का अधिकार भी नहीं होने की बात कही**

**विमल पान मसाले में केसर होने का भ्रमित प्रचार करने की याचिका का मामला**

# शाहरुख-अजय देवगन व टाइगर श्रॉफ ने दिया कोटा कंज्यूमर कोर्ट को जवाब, कहा कि पान मसाला विज्ञापन में सभी जानकारियां सही

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (राजीव सक्सेना)।** विमल पान मसाले में केसर होने का भ्रमित प्रचार करने की याचिका पर बॉलीवुड स्टार अजय देवगन, शाहरुख खान और टाइगर श्रॉफ ने कोटा कंज्यूमर कोर्ट को अपना जवाब दिया है। अपने इस जवाब में अभिनेताओं की ओर से बताया गया है कि सभी कथन निजी ज्ञान, जानकारी के आधार पर सही और सत्य हैं। जवाब में यह भी लिखा कि स्थानीय उपभोक्ता कोर्ट को इस मामले को सुनने का अधिकार ही नहीं है। उल्लेखनीय है कि सामाजिक कार्यकर्ता और भाजपा नेता एडवोकेट इंद्रमोहन सिंह हनी ने धारा 89 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत 13 नवंबर 2024 को याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि केसर का बाजार भाव ही करीब 4 लाख रुपए किलो है, ऐसी स्थिति में इतनी कम दर (5 रुपए का पाउच) पर विमल पान मसाला में केसर होने का भ्रमित प्रचार किया जाता है। इस परिवाद पर आयोग के अध्यक्ष अनुराग गौतम और सदस्य वीरेंद्र सिंह रावत ने 21 फरवरी 2025 को शाहरुख, अजय, टाइगर और विमल पान मसाला के निर्माता को नोटिस जारी कर उपभोक्ता कोर्ट में तलब किया था।

## कोर्ट में आकर जवाब देने की मांग की

मामले को लेकर भाजपा नेता एडवोकेट इंद्रमोहन सिंह हनी ने बताया- कोटा उपभोक्ता कोर्ट में याचिका पर अभिनेता शाहरुख खान, अजय देवगन और टाइगर श्रॉफ की ओर से जवाब पेश किए गए हैं। उन्होंने दिए गए जवाब में खुद को बचाने का प्रयास किया है। हमने अभिनेताओं को स्वयं कोर्ट में उपस्थित होने की कोर्ट से मांग की है, जिससे कोई भी अभिनेता/ सेलिब्रिटी जर्दा खाकर देश के युवाओं को बर्बाद करने का प्रयास न करें। उन्हें जर्दा खाने के लिए प्रेरित नहीं करें।

## जवाब में कहा- युवा वर्ग भ्रमित नहीं हो रहा

वहीं एडवोकेट हनी के वकील विवेक नंदवाना ने बताया- तीनों अभिनेताओं की ओर से कोर्ट में पेश हुए जवाब में लिखा है कि इस मामले की सुनवाई का अधिकार सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) को है। साथ ही उन्होंने जवाब में लिखा कि हम किसी भी पान मसाला तम्बाकू युक्त उत्पाद का प्रचार प्रसार नहीं करते हैं। किसी कानून का उल्लंघन नहीं किया, भ्रामक विज्ञापन नहीं किया। हमारे विज्ञापन से कोई भी युवा वर्ग भ्रमित नहीं हुआ है।

## याचिका में यह कहा गया था

केसर का बाजार भाव ही करीब 4 लाख रुपए किलो है, ऐसी स्थिति में इतनी कम दर (5 रुपए का पाउच) पर विमल पान मसाला में केसर होने का भ्रमित प्रचार किया जाता है। इस संब6ध में कोई पुख्ता प्रमाण भी विमल पान मसाला की ओर से नहीं दिया हुआ है। अन्य चेतावनी इतने छोटे शब्दों में होती है कि उसे पढ़ा जाना सम्भव भी नहीं होता है। याचिकाकर्ता ने भ्रामक विज्ञापन पर अविलम्ब रोक लगाने की मांग की है। साथ ही इन पर जुर्माना लगाने की भी मांग की है। जुर्माने की राशि को भारत सरकार के युवा मंत्रालय में युवा कल्याण कोष में जमा करवाए जाने का अनुरोध किया

# जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए, जानकारी भी ली



**अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक में बजट घोषणाओं की प्रगति एवं मानसून पूर्व तैयारियों की विभागवार समीक्षा हुई**

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (हरिमोहन मेहरा)।** अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक मंगलवार को जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने बजट घोषणाओं से सम्बंधित विषयों पर विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने मथुराधीश मंदिर से सम्बंधित प्रस्ताव, स्वास्थ्य केन्द्रों के क्रमोन्नयन, स्थानीय स्तर पर पेयजल व्यवस्था के लिए ट्यूबवेल एवं हेंडपम्प की प्रगति, 5 हजार से अधिक आबादी वाले क्षेत्रों में प्रस्तावित अटल पथ सहित विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा करते हुए स्थिति की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा, आईसीडीएस और शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मानसून से पूर्व सम्बंधित विभागीय भवनों, पुलिया आदि की मरम्मत से सम्बंधित कार्यों के सम्भावित एस्टीमेट तैयार करें। सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि वे अन्य विभागों को विशेषज्ञ तकनीकी सहायता उपलब्ध कराएं, ताकि प्रस्तावित कार्यों के लिए एस्टीमेट तैयार किया जा सके। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं से सम्बंधित समस्त कार्यों का सम्बंधित विभाग और अधिकारी नियमित फॉलोअप करें और घोषणाओं को शीघ्र धरातल पर उतारें। जिला कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने विभागवार सम्पर्क पोर्टल पर लम्बित परिवादों की स्थिति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी विभाग परिवादों के निस्तारण में न्यूनतम समय लें ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला सहित विभिन्न विभागों

# जिले में अवैध खनन की रोकथाम के लिए संयुक्त प्रयास कर अधिकारी करें तत्परता से कार्यवाही : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर(राजू शर्मा)।** जिले में अवैध खनन रोकने के लिए अब खनन विभाग के साथ पुलिस, परिवहन, राजस्व और वन विभाग के अधिकारी संयुक्त टीम बनाकर सख्त कार्रवाई करेंगे। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने जिले में अवैध खनन पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन निर्गमन पर चौकस निगरानी रखकर निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। महत्वपूर्ण निर्गमन स्थानों पर चेक पॉइंट्स स्थापित करें। उन्होंने खान विभाग को गैर-वन क्षेत्र में कार्रवाई करने, वन विभाग को वन क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और खातेदारी भूमि के अवैध खनन गतिविधियों में उपयोग पाए जाने पर राजस्व विभाग को कड़ी कार्यवाही हेतु निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित हो कि सिवायचक, चारागाह एवं वन भूमि से किसी भी स्थिति में अवैध खनन न हो। जिला कलक्टर ने सभी उपखण्ड अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी इस समन्वित प्रयास को गंभीरता से लेकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील रहें। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरड़ा ने पुलिस अधिकारियों को नियमित पेट्रोलिंग करने और अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। बैठक में अवैध खनन को रोकने के लिए ठोस रणनीति तैयार करने और संबंधित विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव, खनन अभियंता, सभी उपखण्ड अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




# नाराज हुए शिक्षकों ने हाथों पर काली पट्टी बांध किया विरोध

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** तृतीय श्रेणी अध्यापक तबादले खोलने, पारदर्शी स्थानांतरण नीति बनाने और तृतीय श्रेणी अध्यापक डीपीसी की मांग को लेकर सोमवार को राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के आव्हान पर शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर सरकार के सामने विरोध दर्ज कराया। राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत की प्रदेश इकाई द्वारा बैठक आयोजित की गई, जिसमें यह निर्णय लिया गया था की सरकार तृतीय श्रेणी अध्यापकों के तबादला नहीं खोल रही हैं, जबकि सरकार द्वारा तबादला खोलने का वादा किया गया था। प्रदेशाध्यक्ष गिरिराज शर्मा ने कहा कि सरकार अपना वादा भूल गई हैं। सरकार पारदर्शी स्थानांतरण नीति की बात करती हैं लेकिन उस पर कार्य नहीं करती अगर सरकार पारदर्शी स्थानांतरण नीति को लेकर आती हैं तो कई समस्याओं का हल एक साथ हो जाएगा। प्रदेश महामंत्री डॉ रनजीत मीणा ने कहा कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर द्वारा जनवरी माह में जब सभी विभागों में स्थानांतरण खोले जा रहे थे तब कहा था कि अध्यापकों के तबादले 15 मार्च के बाद होंगे। अब जब बोर्ड परीक्षाएं खत्म हो गई हैं तो शिक्षक सरकार के सामने पूरे प्रदेश में काली पट्टी बांध कर अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं, तृतीय श्रेणी शिक्षक को हर दिन अपमानित किया जा रहा हैं, जबकि ये विद्यालयी शिक्षा की नींव है। प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रभान चौधरी ने कहा कि तृतीय श्रेणी अध्यापकों की सरकार डीपीसी करती है तो आधे तबादले नहीं करने पड़ेंगे और जो रिक्त पद पड़े हुए हैं वो भी भर जाएंगे जिससे विद्यालयों को शिक्षक मिल जाएंगे। सरकार तृतीय श्रेणी अध्यापकों को छोड़कर सबकी डीपीसी कर रही है। जिलाध्यक्ष महेश कुमार शेरावत ने बताया कि जिले में अध्यापक व अध्यापिकाओं ने शिक्षक संघ एकीकृत के इस आंदोलन में भाग लिया। सबने लम्बे समय से तबादले नहीं होने का दर्द सरकार के सामने रखा। जिला महामंत्री बाबूलाल ऐचरा, संगठन मंत्री दिनेश जांगिड़, सत्येंद्र गुर्जर, महेंद्र निठारवाल, भजनलाल, मोहम्मद शहिद, सियाराम मीणा, वकील सहित सैकड़ो शिक्षकों ने इस प्रतीकात्मक विरोध आंदोलन में अपनी भागीदारी निभाई। यह आंदोलन मांग पूरी नहीं होने तक विभिन्न

# खानपुर गांव में पारंपरिक दंगल का भव्य आयोजन

## भूमिया बाबा मंदिर के पास आयोजित दंगल में आखिरी मुकाबला बराबरी पर छूटा

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड के खानपुर मीणा गांव में वर्षो पुरानी परंपरा के अनुसार चैत्र शुक्ल रामनवमी के शुभ अवसर पर तालाबशाही झील किनारे भूमिया बाबा मंदिर के पास पारंपरिक दंगल का भव्य आयोजन किया गया। पूरा आयोजन ग्रामवासियों के सहयोग से तथा भूमिया बाबा विकास सेवा समिति के युवा साथियों की देखरेख में किया गया। जिसमे कई गाँवो के पहलवानो ने हिस्सा लिया और अपने दावपेच दिखाए। दंगल की आखिरी कुश्ती बराबरी पर छूटी। जिसमे इनाम की राशि दोनों पहलवानों को दी गई। यह दंगल गांव की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक एकता का प्रतीक है जो हर वर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया जाता है।

दंगल में गांव के ही सूरा जाटव पहलवान ने डांग क्षेत्र के गुर्जर पहलवान को करारी शिकस्त देते हुए 700 रुपए की कुश्ती जीतकर गांव का नाम रोशन किया। वहीं आखिरी कुश्ती 2100 रुपए की रही। जिसमें गजपुरा में सोनेराम गुर्जर और लखेपुरा के रंजीत बीच जबरदस्त भिड़ंत हुई और काफी दावपेच के बाद आखिरी मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ। ऐसे में गांव के सभी पंच-पटेलों ने दोनों पहलवानों को 1100-1100 रुपए की सम्मान राशि भेंट की।

गांव की टीम हर घर शिक्षा ने



इस प्रकार के आयोजनों को सामाजिक सशक्तिकरण और युवा प्रेरणा का माध्यम मानते हुए समस्त ग्रामवासियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया है और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के लिए सभी को

# सातवें राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के अन्तर्गत विशेष सुपोषण दिवस की हुई शुरूआत

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर(राजू शर्मा)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में सातवें राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े की नरपुरा में विशेष सुपोषण दिवस आयोजित कर विधिवत शुरुआत की । इस अवसर पर विभाग के उपनिदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि अप्रेल 2025 में 8 अप्रेल से 22 अप्रेल तक पोषण पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला प्रशासन के समन्वय से विभिन्न विभागों का सहयोग लेते हुए जिला, ब्लॉक और आंगनबाड़ी केंद्र स्तर तक गतिविधि आयोजित की जाएंगी। इस पखवाड़े में 8 अप्रेल को विशेष सुपोषण दिवस,9 को गृह भ्रमण, 10 को माता और बच्चों की वजन निगरानी, स्वस्थ शिशु स्पर्धा, 11 और 12 अप्रेल को कुपोषण प्रबंधन अभियान, 14 व 15 को सुपोषित पंचायतों में आहार विविधता पर कार्यक्रम,16 को केंद्रों व विद्यालय में पोषण जागरूकता सत्र, 17 को पोषण वेबिनार, 18 को पोषण ट्रेकर पर पंजीयन मॉड्यूल का प्रचार प्रसार, 19 को मीडिया जागरूकता, 21 को पोषण संवाद व 22 को समापन समारोह का आयोजन कर जन आंदोलन के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित सीडीपीओ भूपेश गर्ग ने बताया कि पोषण पखवाड़ा सरकार का महत्वपूर्ण आयोजन है। इस आयोजन की वास्तविक सफलता समुदाय की जागरूकता में है। सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर आयोजित दिवसवार गतिविधियों में भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर वार्ड पंच रामविलास कुशवाह, महिला पर्यवेक्षक ममता जैन, इंदु सक्सेना, अंकुर शर्मा, सविता कुशवाहा व नरपुरा क्षेत्र की माताएं उपस्थित रहीं।

# डॉ. गर्ग की पहल पर राज्य सरकार ने भिजवाई दो एम्बुलेंस




बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर(यतेन्द्र पाण्डेय)।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग के प्रयास निरंतर रंग ला रहे हैं। इसी श्रृंखला में राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से राजस्थान आयुष्मान के तहत विधायक डॉ. गर्ग की पहल पर दो एम्बुलेंस भरतपुर के लिए भिजवाई गईं हैं। जिन्हें मंगलवार को डॉ. गर्ग ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रंजीत नगर कार्यालय के पास से विधायक डॉ. सुभाष गर्ग द्वारा रवाना की गई दोनों एम्बुलेंस। एम्बुलेंस रेल चौकी एवं सारस चौराहे के पास स्थित चौकी पर तैनात रहेगी। किसी भी अनहोनी अथवा दुर्घटना की सूचना पर तुरंत ही घटना स्थल पर यह एम्बुलेंस पहुंचेगी और पीड़ित को निकटतम अस्पताल लेकर पहुंचेगी। इन एम्बुलेंस के जरिये अनायास ही घटित होने वाली घटना में घायल लोगों को त्वरित अस्पताल पहुँचाया जा सकेगा जिससे पीड़ित को शीघ्र इलाज की सुविधा मिल सकेगी।

# पूर्व विधायक के बयान पर कांग्रेस ने जताया आक्रोशः टीकाराम जूली के मंदिर में पूजा करने पर मंदिर को गंगाजल से शुद्ध कराया



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर(राजू शर्मा)।** बीजेपी के पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा के विवादित बयान के विरोध में कांग्रेस ने धौलपुर में जोरदार प्रदर्शन किया। विवाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली द्वारा अलवर में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पूजा करने के बाद शुरू हुआ। आहूजा ने जूली की पूजा के बाद मंदिर को गंगाजल से शुद्ध करने की बात कही। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आहूजा का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने बीजेपी को दलित विरोधी बताते हुए कहा कि पार्टी की कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा ने कहा कि ईश्वर कभी जाति या धर्म नहीं देखते। उन्होंने आहूजा के बयान को दलित समाज का घोर अपमान बताया। शर्मा ने कहा कि बीजेपी बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान और सामाजिक समरसता के मूल्यों को नुकसान पहुंचा रही है। कांग्रेस नेताओं ने बीजेपी नेतृत्व से आहूजा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उनसे सार्वजनिक माफी की भी मांग की है।

# आमने-सामने बाइकों की भिड़ंत में चार जने हुए गंभीर घायल

**बसेड़ी (राजू शर्मा)।** बसेड़ी उपखंड के गांव बनोरा पुलिया के पास हुआ भीषण हादसा, आमने-सामने बाइकों की भिडंत में चार लोग हुए घायल, यह घटना शाम करीब 5ः00 बजे के आसपास की है, घायलों को एंबुलेंस 108 की मदद से सीएचसी बसेड़ी में भर्ती कराया, जहां से सभी गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय धौलपुर के लिए किया गया रेफर, नादनपुर लोकेशन 108 एंबुलेंस ईएमटी डीके कुशवाहा, पायलट दीपसिंह कुशवाहा और बसेड़ी एम्बुलेंस 108 के ईएमटी जयसिंह गुर्जर,पायलट पुष्पेंद्र मीणा द्वारा सीएचसी बसेड़ी में भर्ती कराया और गंभीर घायलों रेफर किये जाने पर तत्परता दिखाते हुए जिला चिकित्सालय धौलपुर में कराया भर्ती, नादनपुर लोकेशन ईएमटी डीके कुशवाहा के अनुसार मोहर सिंह पुत्र हरिसिंह जाटव, अंजलि पत्नी मुनेश जाटव, पुत्री हरिसिंह जाटव निवासी बांसुरई तथा पोखर का पुरा बसेड़ी निवासी गजेंद्रसिंह कुशवाह को जिला अस्पताल धौलपुर में भर्ती कराया।

# भुसावर नगर पालिका क्षेत्र में सीबीईओ कार्यालय यथावत रखने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय) ।** भुसावर नगर पालिका क्षेत्र उपखंड मुख्यालय होने के कारण यहां विभिन्न उपखंड स्तरीय कार्यालय संचालित हैं जिनके पास स्वयं की भूमि भवन नहीं है इसी के चलते हुए वर्तमान में अति प्राचीनतम कचहरी परिसर में संचालित सीबीआई कार्यालय को कस्बे के पूर्व में संचालित राजकीय पंडित रेवती शरण माध्यमिक विद्यालय भगतराज स्थित जलदाय कार्यालय के पीछे स्थानांतरित कर दिया गया है।

कस्बावासियों द्वारा जिलाधीश को उपखंड अधिकारी के माध्यम से भेजे गये पत्र में अवगत कराया गया है कि वर्तमान में इस भवन में पशु चकित्सालय सहित आंगनवाडी केन्द्र संचालित है। सीबीईओ कार्यालय के लिए आवंटित भवन एव भूमि की वर्तमान स्थिति शिक्षा विभाग के कार्यालय चलने के अनुकूल नहीं है। परिसर के नजदीक गाडिया लोहारों का स्थाई बसेरा है जो गर्मी एवं बरसात में उक्त परिसर में ही शरण लेते हैं जो अकसर नशे की हालत में रहते है सहित अनेक कारणों का उल्लेख किया गया है! पत्र में उल्लेख किया गया है कि कार्यवाहक सीबीईओ ने बिना किसी स्थानीय व्यक्ति से परामर्श किये अपने व्यक्तिगत हितों के हिसाब से प्रस्ताव बना कर आपको भिजवा दिया गया है जो कि से कस्बे की भौगोलिक एवं सामाजिक दृष्टि से भी उचित नहीं है। पत्र में उक्त आदेश को निरस्त कर कार्यालय सीबीईओ भुसावर को यथावत परिसर राप्रावि कचहरी बरपाडा भुसावर में संचालिथ करवाने की अनुमति प्रदान करने की बात कही गई है!



# वर्तमान में किसी के लिए दक्ष तकनीकी कृषकों की आवश्यकता : डॉ सिंह

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** सरकार ने युवाओं में हुनर विकसित करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा शुरू की है। कृषि में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। कृषि क्षेत्र में बीज उत्पादन, नर्सरी में पौधे तैयार करना, उच्च तकनीकी खेती, फल व सब्जियों की प्रोसेसिंग तथा तेल व दाल उद्योग के माध्यम से युवा रोजगार विकसित कर सकते हैं। इसके लिए तकनीकी रूप से दक्ष युवाओं की आवश्यकता है। किसानों की खेती के उत्पादों को बाजार से सीधे जोडना होगा तथा अपने उत्पाद को बाजार की जरूरत के मुताबिक तैयार कर ग्राहक तक पहुँचाना होगा। कम जोत वाले छोटे किसानों को मिलकर क्लस्टर आधारित समूह बनाकर काम करना चाहिए, समूह बनाने से ज्यादा माल उपलब्ध होगा, जो कि किसी भी उद्योग की प्राथमिक आवश्यकता है। यह कहना है कृषिमहाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह का। डॉ. सिंह कृषि महाविद्यालय भुसावर के कृषि फार्म एवं बगीचों का राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय महवा जिला दौसा के व्यावसायिक शिक्षा के विद्यार्थियों के भ्रमण पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहे। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को आम व नीबू के फल गिरना, बगीचों में कीट एवं बीमारियों का प्रकोप, अनार व अमरूद में बहार उपचार, बेर में कृतन, वर्मीकम्पोस्ट आदि के बारे में बताया गया। विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के प्राचार्य रिद्धि सिंह, कृषि व्याख्याता रूपेन्द्र कुमार धाकड़, व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षक यादराम, व्याख्याता कुंज बिहारी, लखन लाल, शुभम सिंह

# बीजेपी सरकार दलित विरोधी : कांग्रेंस जिलाध्यक्ष

## ज्ञानदेव आहूजा टीकाराम जूली से मांगे माफी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** बीजेपी दलित विरोधी है। जब तक ज्ञानदेव आहूजा माफी नहीं मांगेगे तब तक कांग्रेस उनके खिलाफ प्रदर्शन करेगी। यह कहना है कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा का। सूपा ने कहा कि बीजेपी के नेता ज्ञानदेव आहूजा ने कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के खिलाफ जो अभद्र टिप्पणी की है। उसके खिलाफ भरतपुर कांग्रेस प्रदर्शन कर रही है। प्रदेश भर पर बीजेपी और ज्ञानदेव आहूजा के खिलाफ प्रदर्शन किया जा रहा है। कांग्रेस जब तक प्रदर्शन करेगी जब तक ज्ञानदेव आहूजा टीकाराम जूली से माफी नहीं मांगेगे। बीजेपी ने यह जाहिर कर दिया है कि वह उनका नेचर




संविधान के खिलाफ है और दलित विरोधी है।उन्होंने कहा कि यह देखने को भी मिला है कि बीजेपी ने पहले भी संविधान के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया गया था। आज इसका जीता जागता उदाहरण सामने आ गया है। राहुल गांधी ने संविधान के प्रति हमेशा अपना वक्तव्य साफ रखा। वह हमेशा संविधान के पक्ष में रहे। संविधान के पक्ष में कांग्रेस हमेशा खड़ी है और खड़ी रहेगी।

# नगर निगम वार्ड परिसीमन को लेकर विधायक कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ हुआ विचार विमर्श, कार्यकर्ताओं ने जताया रोष

बढ़ता राजस्थान





**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** शहर विधायक अशोक कोठारी की अध्यक्षता में कार्यालय पर नगर निगम वार्ड परिसीमन पर आपत्तियां, प्रदेश व केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाएं, विधायक आपके वार्ड तथा विकास कार्यों पर विचार विमर्श किया गया। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि, सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर बैठक का शुभारंभ किया। विधायक अशोक कोठारी की अध्यक्षता में बैठक हुई तथा कार्यसमिति सदस्य भगवान सिंह चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष लादूलाल तेली, उपमहापौर रामनाथ योगी, पूर्व सभापति दिनेश शर्मा, पूर्व जिला महामंत्री तुलसीराम शर्मा, विश्वबंधु सिंह राठौड़, कैलाश जीनगर, गोविंद राठी, सत्यनारायण गुग्गड ने बैठक को संबोधित किया। विधायक कोठारी को कार्यकर्ताओं द्वारा वार्ड परिसीमन को लेकर आक्रोश जताते हुए आपत्तियां बताई, प्रशासन व निगम द्वारा कार्यकर्ताओं की सहमति के बिना परिसीमन तय करना उचित नही है। कार्यकर्तागणो ने अपने विचार रखते हुए बताया कि, इस बारे में निगम, जिला संगठन व प्रशासन की तरफ से कोई बैठक कर किसी भी तरह का विचार विमर्श नही किया गया जबकि भविष्य में भीलवाड़ा नगर को स्वच्छ व क्लीन बनाने में वार्डो के पार्षदों की महत्वपूर्ण भूमिका निगम में होगी। वर्तमान में भी निगम में जनता व कार्यकर्ताओं की समस्या का समय पर निदान नही हो पा रहा है। शहर के चारो ओर गंदगी का अंबार है, नियत समय पर कचरा नही उठ पा रहा है। जिससे बीमारियों का भय बना हुआ है, नालियों व नालो की सफाई भी नियमित नहीं हो रही है, जिससे आमजनता को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, इस बात को लेकर कार्यकर्ताओं में रोष था तथा भाजपा जिला संगठन के बारे में भी कार्यकर्ताओं ने जानकारी दी कि पार्टी के महत्वपूर्ण बैठकों व कार्यक्रमों की सूचनाएं विधिवत रूप से नहीं मिल पा रही है। यह पार्टी विचारधारा के प्रतिकूल है। इस विषय पर सभी कार्यकर्ताओं ने विधायक कोठारी से अनुरोध किया कि विधायक आपके वार्ड अभियान में प्रत्येक वार्ड के अंतर्गत बैठकें होनी चाहिए, जिससे जनता व कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया जा सके। इस अवसर पर विधायक कोठारी ने आश्वस्त किया कि आपकी आपत्तियां व समस्याओं का निदान करने का पूर्ण प्रयत्न करेंगे। अतिशीघ्र इसके किये समन्वय समिति बनाई जाएगी व हम सभी को प्रदेश व केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचानी है जिससे उनको लाभ मिल पाए। संचालन बाबूलाल टाक ने किया। इस मौके पर वक्फ बोर्ड बिल दोनों सदनों में पारित होने पर दुनिया के लोकप्रिय व ताकतवर नेता, युगपुरुष, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। विश्व नवकार महामंत्र दिवस 9 अप्रैल 2025 को प्रात: 8 बजे विश्व कल्याण के लिए चित्रकूट धाम में आयोजित कार्यक्रम में पधारने का आग्रह किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान भवानी शंकर दुधानी, राधेश्याम सोमानी, आनन्द चपलोत, संजय राठी, गोर्वधन सिंह कटार, राजकुमार ईनाणी, हिमांशु शुक्ला, महेंद्र सिंघवी, बिलेश्वर डाड, एडवोकेट अर्पित कोठारी, विजय सोनी, अभिजीत सारड़ा, अरुण विश्नोई, पवन लोढा, बादल सिंह राठौड़, अभिषेक जैन, नेमीचंद खटीक, अभिषेक पाराशर, सूंदर लाल बम्बोड़ा, किशोर लखवानी, रामसिंह शक्तावत, चेतन मानसिंहका, कमल कोठारी, दुर्गालाल बारेठ, राहुल नायक, गजेंद्र सिंह राठौड़, कमलेश तेली, सोनू यादव, ओमप्रकाश व्यास, सूरज जाट, गोविंद भदादा, गिरेन्द्र मिश्रा, भगत सेन, दिनेश सुथार, मनोज शर्मा, हीरा सा गुर्जर, वीरेंद्र सिंह राणावत, प्रिंस जैन सहित कई कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## निम्बाहेड़ा भाजपा मंडल महामंत्री ने लिखा सहकारिता मंत्री को पत्र

### चित्तौड़गढ़ के सहकारिता विभाग के अधिकारियों पर की कार्यवाही की मांग

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा( प्रकाश खत्री )।** भाजपा पश्चिमी मंडल के महामंत्री ने सहकारिता मंत्री गौतम कुमार को पत्र लिखकर चित्तौड़गढ़ सहकारिता विभाग के अधिकारियों द्वारा उनके पिता के खिलाफ की जा रही गलत कार्यवाहियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके पिता, जो कारुण्डा ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड के सेवानिवृत्त व्यवस्थापक हैं, के खिलाफ बिना आधार के गबन का मामला दर्ज किया गया, जिसमें वे निर्दोष साबित हुए।

महामंत्री ने बताया कि उनके पिता की सेवानिवृत्ति के बाद विभागीय कोर्ट में गबन का मामला दर्ज हुआ था, जिसमें जांच जारी थी और वे जांच में सहयोग कर रहे थे। इसके बाद, एक कूटरचित आदेश जारी कर पुलिस में भी मामला दर्ज कराया गया। लगभग चार साल तक चली जांच के बाद उनके पिता निर्दोष साबित हुए। इसके बावजूद कुछ अधिकारियों ने नियमों का उल्लंघन कर पुनः एक आधारहीन जांच शुरू की और निर्णय जारी किया।

महामंत्री ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में भाजपा को छोड़कर कांग्रेस में शामिल करने के उद्देश्य से यह फर्जी जांच की गई थी। उन्होंने सहकारिता मंत्री से निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की अपील की।

उन्होंने पत्र में यह भी कहा कि जब तक इस मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो जाती, तब तक दोषी अधिकारियों को ए.पी.ओ. (अवकाश पर जाने) करने की मांग की है।

# ग्रीष्मकाल के तीव्र प्रकोप तले कपासन के मार्गो एवं बाजारों में पसर रहा सन्नाटा

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्र में ग्रीष्मकाल के तीव्र प्रकोप तले गर्मी के शुरुआती दौर में ही क्षेत्रीय आम जनजीवन प्रभावित होता प्रतीत हो रहा है।साथ ही गर्मी के बढ़ते प्रभाव से प्रमुख बाजारों एवं मार्गो पर दिनभर सन्नाटा पसरा रहता है।

जानकारी अनुसार ग्रीषकाल प्रारंभ होने के साथ कपासन क्षेत्र में भी गर्मी ने शुरुआती दौर में ही अपना रौद्र रूप धारण करना प्रारंभ कर दिया है।

जिसके अंतर्गत क्षेत्र में सुबह से तेज गर्मी आमजन को परेशान करना प्रारंभ करती है।उक्त दौर देर शाम तक बना रहता है।जिससे क्षेत्र में स्थित विभिन्न राजकीय-निजी इत्यादि कार्यालयों में कार्यरत कार्मिक,ग्रामीण अंचल से आगंतुक किसान वर्ग आदि सुबह अथवा देर शाम बाद ही क्षेत्र के मार्गो एवं बाजारों में दिखाई देते है।गर्मी के शुरुआती दौर में ही तीव्र प्रकोप धारण करने से दिनभर नगर एवं ग्रामीण अंचल के मार्गो व बाजारों में देर शाम तक सन्नाटा पसरा रहता है।जिससे क्षेत्र के प्रतिष्ठानों,फल-फ्रूट,सब्जी सहित व्यापारी वर्ग को दिनभर गर्मी कम होने का इंतजार रहता है।यहां गर्मी का प्रभाव कम होने पर देर शाम तक पुनः आमजन की रेलमपेल बाजारों एवं मार्गो पर दिखाई देती है।

इधर गर्मी से बचाव हेतु आमजन पंखे,कूलर,एसी आदि हवा देने वाले उपकरणों की और रुख करना प्रारंभ कर दिया है। साथ ही पैदल राहगीरों एवं दुपहिया वाहनदारियों को आवागमन दौरान मुंह को कपड़े से ढककर गर्मी से बचाव करते देखा जा सकता है।साथ ही क्षैत्र में बढ़ती गर्मी के तहत तरबूज, खरबूज,आम,अंगूर,बर्फ गोला,शीतल पेय,सोडा, शिकंजी,दही,छाछ आदि का उपयोग कर आमजन द्वारा गर्मी से राहत पाने का प्रयास किया जाता है।

## महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में सकल जैन समाज कपासन द्वारा आज सामूहिक नवकार महामंत्र जाप

### कल भव्य शोभायात्रा एवं प्रतिभावान विद्यार्थियो हेतु सम्मान समारोह

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्रीय सकल जैन समाज के तत्वावधान में 2624वां महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव विभिन्न कार्यक्रमों के साथ हर्षौल्लासपूर्वक मनाया जायेगा।जिसमे आज सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं द्वारा नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया जायेगा।

श्रमण संघ अध्यक्ष कपासन सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि सकल जैन समाज कपासन के तत्वावधान में जैन समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा नगर कपासन में 2624वां महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव विभिन्न कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया जायेगा।जिसके अंतर्गत सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं द्वारा आज बुधवार प्रात: 8 से 9 बजे तक सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप किया जायेगा।जिसमे बड़ी संख्या में क्षेत्रीय सकल जैन समाज के महिला,पुरुष एवं युवा वर्ग द्वारा भाग लिया जायेगा। इधर 10 अप्रैल गुरुवार प्रात: 9 बजे महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के तहत नगर के मुख्य मार्गो से सकल जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा।इसके उपरांत 10.30 से 11.30 बजे तक ओसवाल पंचायती भवन में प्रवचन के बाद सम्मान समारोह का आयोजन होगा।जिसमे सकल जैन समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियो को प्रोत्साहित करने हेतु सम्मानित किया जायेगा।

## कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष का अपमान कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी- त्रिपाठी

### नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के अपमान के विरोध में भाजपा की पर्ची सरकार का जिला कांग्रेस ने किया पुतला दहन

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** मंगलवार को भाजपा के नेता द्वारा दलित विरोधी मानसिकता के तहत राजस्थान विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के विरुद्ध की गई निम्न स्तरीय टिप्पणी के विरोध में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार भीलवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में द्वारा पर्ची सरकार का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का अपमान कांग्रेस बर्दाश्त नहीं करेगी। दुर्गेश पानेरी ने बताया कि, इस अवसर पर पूर्व नगर परिषद सभापति मधु जाजू ,कैलाश सेन, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम धर्मेंद्र पारीक, भगवान जी मुक्कड़ विधानसभा प्रभारी मंडल विकास वालों का ब्लॉक अध्यक्ष मांडल महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष रेखा हिरण ,

सेवादल जिला अध्यक्ष योगेश सोनी, पीसीसी मेंबर मनोज पालीवाल ,महेश सोनी, अविचल व्यास ,आशीष राजस्थला ओमप्रकाश तेली, ईश्वर खोईवाल, संजय मेवाड़ा,मोहम्मद मोहम्मद रफीक शेख,हारुन रंगरेज ,कलीम काजी, गुडविन मसीह , मुकेश खोईवाल, दीपमाला लोट ,करिश्मा धौलपुरिया, कांग्रेस कार्यालय सचिव मुश्ताक अली मंसूरी शिवराज सुराणा, शांतिलाल धौलपुरिया, विकास सुवालका, कुणाल ओझा ,नरेंद्र गुर्जर, मुकेश गुर्जर, बलवीर सिंह, नवीन कुमार माली, गणेश माली, सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

जिला कलक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

## विभागीय कार्यों व योजनाओं की प्रभावी क्रियान्वयन कर समस्त पात्र व्यक्तियों को करे लाभान्वित - जिला कलक्टर



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने कहा कि अधिकारी विभागीय कार्यों व योजनाओं का प्रभावी व बेहतर क्रियान्वयन कर समस्त पात्र व्यक्तियों को ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित कराए। जिला कलक्टर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे ।

जिला कलक्टर ने विभागीय कार्यो व योजनाओं की प्रगति की विभागवार समीक्षा करते हुए ई-फाइल व ई-डाक की पेंडेंसी कम करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग, नगर विकास न्यास, पंचायती राज के ज्यादा लंबित प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को स्वयं के स्तर पर समीक्षा कर ई-फाइल व ई-डाक के प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी स्वयं के विभागों में बेहतर कार्य करने वाले अधीनस्थ कार्मिकों के सम्मान हेतु मुख्य निष्पादन संकेतक मानकों के अनुसार छटनी करें जिससे कि बेहतर कार्य करने वाले कार्मिकों को सम्मानित किया जा सके। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से विभाग के कार्यो में आ रही समस्याओं की जानकारी ली व त्वरित समाधान किया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सिटी श्रीमती प्रतिभा देवठिया, नगर विकास न्यास के ओएसडी चिमन लाल, जिला सांख्यिकी अधिकारी श्रीमती सोनल राज सहित समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

## बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्रामीण स्तर पर कार्मिकों के दल गठित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, ( नि.स. )।** अक्षय तृतीया, पीपल पूर्णिमा एवं अन्य अवसरों पर समाज में बाल विवाह की कुरीति की रोकथाम के लिए जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अक्षय गोदारा ने आदेश जारी कर ग्रामीण स्तर पर कार्यरत कार्मिकों के दलों का गठन किया है। ग्रामीण स्तर पर गठित दल में संबंधित जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, वार्ड पंच, स्कूल के प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्य, शिक्षक, भू अभिलेख निरीक्षक, पटवारी, ग्राम सेवक, कृषि पर्यवेक्षक, महिला पर्यवेक्षक, महिला सुरक्षा सखी, एएनएम, जीएनएम, राजकीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, संरक्षण अधिकारी महिला अधिकारिता,आशा सहयोगिनी को शामिल किया गया है।आदेशानुसार गठित दलों में शामिल कार्मिक अपने-अपने कार्यक्षेत्र में भ्रमण करेंगे और यह ध्यान रखेगें कि कोई बाल विवाह सम्पन्न नही होने पावें। गाँव में किसी प्रकार की रंगाई पुताई हुई हों, किन्हीं बच्चे-बच्चियों ने मेहन्दी लगा रखी हों, बच्चे स्कूल से अनुपस्थित चल रहे हों, किसी परिवार ने बैण्ड, ढोल, जीप, पण्डित, बस या अन्य कोई वाहन आदि बुक कर रखे हो तो भ्रमण के दौरान पता लगाकर यह सुनिश्चित करेगें कि प्रस्तावित विवाह नाबालिग बच्चों का तो नहीं है। यदि पूर्व में यह स्पष्ट हो जावें कि प्रस्तावित विवाह नाबालिग बच्चों का है तो तत्काल ही संबंधित उपखण्ड मजिस्ट्रेट/कार्यपालक मजिस्ट्रेट (तहसीलदार) अथवा निकटतम पुलिस स्टेशन को इसकी सूचना देगें। सम्बंधित अधिकारी सूचना प्राप्त होने पर बाल विवाह को तत्काल रोकने की कार्यवाही करेंगे। साथ ही संबंधित न्यायिक मजिस्ट्रेट से निषेधाज्ञा प्राप्त कर नाबालिग बच्चों के बाल विवाह करने वाले आयोजकों, अभिभावकों, माता पिता को पाबन्द करावेगें।

## कोटा से 140द्मद्ब दूर,श्योपुर से लिया शाइन इंडिया ने नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



झालावाड़ ( नि.स. )। वर्ष 2017 में बिजली घर के पास स्टेशन रोड, श्योपुर निवासी, डॉ खेमचंद जैन की धर्मपत्नी मनोरमा जैन का आकस्मिक निधन हुआ था । तब संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन के ज्योति मित्र ज्ञानचंद जैन की प्रेरणा पर कोटा से देर रात टीम ने पहुंचकर परिजनों ने नेत्रदान का कार्य संपन्न करवाया था । उस समय परिवार के सदस्यों ने नेत्रदान की सरल,रक्तविहीन प्रक्रिया को देखा था,और सभी ने यह मानस बनाया था कि कभी भी परिवार - रिश्तेदारों में कहीं कोई शोक की घटना होती है तो उनके नेत्रदान का प्रयास किया जायेगा। सोमवार 07-04-2025 को देर रात 11 बजे स्व. मनोरमा जैन के पति डॉ खेमचंद जैन का हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया एवं पूर्व की भांति ज्योति-मित्र ज्ञानचंद ने तुरंत ही खेमचंद के काका जी महेंद्र, भाई सौभाग मल,लाभचंद एवं बेटे पंकज,कोमल व राजेन्द्र से सहमति लेकर,कोटा में शाइन इंडिया के डॉ कुलवंत गौड़ को संपर्क किया । दिवंगत की आँखों को पूरा बंद कर और उन पर गीली पट्टी रखने के निर्देश देकर कोटा से डॉ कुलवंत गौड़ टैक्सी करके रात 12 बजें कोटा से 140 द्मद्ब दूर श्योपुर के लिए तुरंत रवाना हो गए। रात 2.30 बजे शोकाकुल परिवार के सदस्यों के बीच डॉ गौड़ ने नेत्रदान की प्रक्रिया को पूरा करके सुबह 6.00 कोटा पहुंचे।

## गौरक्षा हिंदू दल राशमी तहसील अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से पदाधिकारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** गौरक्षा हिंदू दल राशमी की कार्यकारिणी में तहसील अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से नवीन पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया है। गौरक्षा हिंदू दल जिला अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने बताया कि गौरक्षा हिंदू दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेद नागर,राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष लालूराम पटेल एवं प्रदेश महासचिव हरीश पाटीदार के निर्देशन में कपासन विधानसभा क्षैत्र की राशमी तहसील में गौरक्षा हिंदू दल के अध्यक्ष पद पर राजू पुर्बिया को सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है।यहां आम कार्यकर्ता की नियुक्ति से क्षेत्रीय युवा वर्ग में हर्ष व्याप्त है।

## पी.टी.ई.टी.-2025 परीक्षा के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 17 अप्रैल

बढ़ता राजस्थान

भीलवाड़ा (अमित शर्मा)। पी.टी.ई.टी.-2025 परीक्षा के जिला समन्वयक प्राचार्य से.मु.मा.राजकीय कन्या महाविद्यालय प्रोफेसर डॉ. सावन कुमार जांगिड़ ने बताया कि बी.एड. पाठ्यक्रम के सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए वर्द्वमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 17 अप्रैल कर दी गयी है।

अतः पात्र अभ्यर्थी पी.टी.ई.टी. की वेबसाइट श्चह्लद्गह्ल1द्वश्चह्वद्मश्चह्लड्ड2025.ष्श्रद्व पर 17 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

# ठेकेदारो से आहत पेटी कॉन्ट्रेक्टर ने किया सुसाइट

## तीन घंटे तक चला विरोध प्रदर्शन, चार ठेकेदारो के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर सैनी)।** थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुरा निवासी शंकरलाल बंजारा (45) ने ठेकेदारो से आहत होकर सेल्फॉस की तीन गोलिया खा कर अपनी जीवन लिला समाप्त कर ली। सुसाइड के बाद प्रकरण का खुलासा हुआ तो बंजारा समाज सहित अन्य लोगो ने भी पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा कर हंगामा कर दिया। मृतक के परिजनो ने बताया कि शंकरलाल बंजारा ठेकेदारी का कार्य करता है। वह दूसरे की फर्म के कार्यो को पेटी में लेकर अपने स्तर पर कार्य करवता है। टेलीफोन केबल डालने का ठेका उसने अश्विनी शर्मा निवासी भीलवाड़ा की फर्म से लिया गया। राजस्थान सहित अन्य प्रदेशो में उसने लेबर एंव मशिनो से खुदाई करके केबल डाली गई। फर्म से 21लाख में काम लिया था। फर्म द्वारा 14लाख का भुगतान भी किया गया लेकिन शेष 7लाख 45 हजार एंव 6लाख अतिरिक्त कार्य यानी 13लाख का भुगतान अश्विनी की फर्म द्वारा नहीं किया गया। इसके अलावा चैथमाता कन्ट्रेक्शन जो उसकी नीजी फर्म है। इस पर राज बना उसके पिता जयसिंह एंव सुपरवाइजर शिवदयाल से वन विभाग का कार्य पेटी में लिया गया। इस फर्म द्वारा भी शंकर



ठेकेदार को 37 लाख 18 हजार 3999 का भुगतान नहीं किया गया। जिससे शंकर लाल ठेकेदार काफी परेशान था। सोमवार को उसने पुलिस थाने में चार ठेकेदारो के खिलाफ परिवाद देकर घर चला गया। रात्रि में उधारी मांगने वाले एंव किया गया कार्यो का भुगतान नहीं किया जाने से आहत होकर घर में रखा हुआ सेल्फांस खा लिया जैसे ही तबियत बिगड़ी तो परिजन सीधे ही लक्ष्मीपुरा से बून्दी चिकित्सालय ले गये। जहां रात्रि को ही शंकरलाल बंजारा ने दम तोड़



दिया। सवेरे जैसे ही मामला जानकारी में आया तो आग की तरह सुचना फैल गई। बून्दी चिकित्सालय की मोर्चरी में मृतक का पोस्टमार्टम के बाद शव को नैनवां पुलिस थाने के सामने रख कर प्रदर्शन किया जाने की सुचना पूरे जिले की पुलिस अर्लट हो गई। करवर,देई,दबलाना,नैनवां सहित पुलिस जाप्ते को मॉनेटरिंग में लगा दिया। मृतक को प्राईवेट ऐम्बूलेंस में लेकर परिजन जैसे ही दुगारी गांव पहुँचे तो पुलिस ने गाड़ी का पीछा किया गया। इस पर परिजन दौलतपुरा होकर सीधा खेड़ा मानपुरा तिराहे पर पहुँचे तो पुलिस ने ऐम्बूलेंस को रोक दिया। इसकी सुचना होने पर नैनवां पुलिस थाने पर आये ग्रामीणजन वापिस खेड़ा मानपुरा तिराहे पर पहुँचे जहां सभी ने नैनवां वाया दुगारी मार्ग को जाम करने की कोशिश की गई लेकिन डीएसपी राजूलाल मीणा,देई थानाधिकारी रामेश्वर चैधारी, करवर थानाधिकारी मुकेश की सर्तकता से जाम नहीं लग पाया। लेकिन ग्रामीणो ने जमकर प्रदर्शन किया एंव उन ठेकेदारो के खिलाफ मामला दर्ज करके पैसा दिलवाये जाने की मांग की गई।

### मातम के माहौल में प्रदर्शन

*खेड़ा मानपुरा तिराहे पर मृतक प्राईवेट ऐम्बूलेंस में था। पास में ही मृतक की पत्नि सहित अन्य महिलाए विलाप करते हुए जमीन पर लोटपोट हो रही थी। मौके पर बंजारा समाज एंव अन्य लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे थे। कुछ लोग प्रशासनिक अधिकारियो एंव जनप्रतिनिधियो को मौके पर बुलाने की जिद कर रहे थे। लेकिन वहां तीन घंटे तक शव के साथ प्रदर्शन होता रहा लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि एंव प्रशासनिक अधिकारी मौके पर नहीं पहुँचे। कुछ युवाओ द्वारा पुलिस की कार्य शैली पर सवाल उठाने से पुलिस ने एंव युवक को हिरासत में लेने की कोशिश करने से माहौल तनाव पूर्ण हो गया। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू हो गई लेकिन डीएसपी राजूलाल मीणा ने माहौल की नजाकत को देखते हुए पुलिस जाप्ते को अर्लट कर दिया। इसके बाद बंजारा समाज के प्रमुख लोग एंव मृतक के परिजनो द्वारा पुलिस अधिकारियो के बीच वार्ता हुई। इस पर डीएसपी ने बताया कि पुलिस ने अश्वनी शर्मा,राजबन्ना, जयसिंह,शिवदयाल सुपरवाईजर के खिलाफ मामला दर्ज करके शीघ्र ही कार्यवाही का आश्वासन दिया गया। इस पर बंजारा समाज के लोगो ने सहमती दिखाते हुए प्रदर्शन खत्म किया गया।*

## जे. के. लक्ष्मी समूह द्वारा धन्यवाद 2024-25 का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** भारत का प्रसिद्ध सीमेंट समूह जे.के.लक्ष्मी सीमेंट द्वारा वित्तीय वर्ष समाप्त होने पर ''धन्यवाद 2024-25'' का अयोजन किया गया। इस अवसर पर कम्पनी के विजेन्द्र सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष में कम्पनी को दिये गये सहयोग के प्रति समस्त अधिकृत विक्रेताओं एवं उप विक्रेताओं को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आशा व्यक्त की है कि अगले वित्तीय वर्ष में कम्पनी को नई ऊँचाईयों की तरफ दुगुने उत्साह के साथ ले जायेगे। कम्पनी के विपणन प्रबंधक अमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि अयोजित संक्षिप्त समारोह के पश्चात सभी मेहमानों को सिकन्दर मुवी दिखाई गयी। इस अवसर पर कम्पनी के विक्रेता बन्धुओं के साथ निपुल गर्ग, अंशुल जैन, सुभाष वैष्णव एवं कम्पनी के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## परिसीमन को लेकर ग्रामीणों ने जताई नाराजगी, देवास व रीछमाल को अलग करने पर आपत्ति

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** ग्राम पंचायत परिसीमन के तहत ग्राम रीछमाल को ग्राम पंचायत देवास से अलग कर जीवाणा पंचायत में शामिल किए जाने के निर्णय का ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है। मंगलवार को अजमेर डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी एवं ग्राम पंचायत देवास की प्रशासक गीतादेवी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपखण्ड कार्यालय ब्यावर पहुंचकर जिला प्रशासन को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। डेयरी अध्यक्ष रामचन्द्र चौधरी ने बताया कि ग्राम रीछमाल, ग्राम देवास का ही एक छोटा हिस्सा है, जिसकी जनसंख्या लगभग 180 है। उन्होंने बताया कि रीछमालिया व देवास का चारागाह क्षेत्र भी साझा है और दोनों गांवों के पशुपालक उसी पर निर्भर हैं। ऐसे में रीछमालिया को अलग पंचायत में शामिल करने से पशुपालकों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। चौधरी ने बताया कि रीछमाल की भौगोलिक स्थिति ग्राम पंचायत जीवाणा से मेल नहीं खाती। दोनों के बीच लगभग 8 से 10 किलोमीटर की दूरी है, जिससे ग्रामीणों को जीवाणा जाकर कार्य करवाना असुविधाजनक




होगा, खासकर जब उनके पास आवश्यक संसाधनों की भी कमी है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि पुनर्गठन पर पुनः विचार किया जाए और रीछमाल ग्राम को पूर्ववत ग्राम पंचायत देवास में ही शामिल रखा जाए ताकि ग्रामीणों की सुविधाएं प्रभावित न हों।इस मौके पर आशीषपाल पदावत (ब्यावर लघु उद्योग संघ), कांग्रेस नेत्री पुष्पांजलि पारीक, जिला कांग्रेस महासचिव अज़मत काठात, सरपंच लालाराम, ईश्वरलाल जाट, देशराज जाट, ज्ञानचंद जाट, लेखराज गुर्जर, ताराचंद गुर्जर, दुदाराम गुर्जर, गोपाल सिंह रावत, मेवानाथ, प्रभुसिंह रावत, भगवान सिंह रावत, पाचुलाल मेघवंशी, मादुराम

## तरुण राठौर जिला बॉक्सिग़ एसोसिएशन के बने उपाध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बून्दी जिला बॉक्सिग़ एसोसिएशन के चुनाव सम्पन्न हुए। डा. मोहन ताल सोनी अध्यक्ष, विजेन्द्र मेघवाल सचिव चुने गये। बून्दी जिला बॉक्सिग़ एसोसिएशन के चुनाव बून्दी जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन बून्दी की कार्यकारी निकाय द्वारा नियुक्त चुनाव अधिकारी नन्दकिशोर जेतवाल, द्वारा पर्यवेक्षक व राजस्थान बॉक्सिंग एसोसिएशन प्रभारी नरेन्द्र कुमार निर्वाण, राजस्थान बॉक्सिंग एसोसिएशन प्रभारी सचिव देव सिंह भाटी, बूंदी जिला खेल अधिकारी हर्ष वर्धन सिंह एवं जिला ऑलम्पिक संघ बून्दी राम सिंह की उपस्थिती में सम्पन्न हुए। जिसमे निम्न पदाधिकारी सर्वसम्मती द्वारा चुने गए। बून्दी जिला बॉक्सिग़ एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष डा. मोहन लाल सोनी, उपाध्यक्ष अमय देव शर्मा, उपाध्यक्ष तरुण राठौर, सचिव विजेन्द्र बधवाल, सयुक्त सचिव सुरेश सिंह परिहार, विष्णु कुमार सैनी, कोषाध्यक्ष गणेश लात सैनी को चुनाव में चुना गया।

## भगवान महावीर के जन्मोत्सव पर महिलाओं ने रचायी मेहन्दी, आज होगी सांस्कृतिक संध्या

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** जैन जागृति परिषद् उपनगरीय क्षेत्र हिरण मगरी द्वारा महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अन्तर्गत चार दिवसीय कार्यक्रम की श्रृंखला के दूसरे दिन आज महिला प्रकोष्ठ द्वारा मेहन्दी व चौबीसी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजिका वन्दना बाबेल ने बताया कि इस भव्य आयोजन में 1300 महिलाओं ने भाग लिया। सभी ने वाद्य यंत्रों के साथ भगवान महावीर के गीतों के स्तवन आदि की प्रस्तुति दी। नृत्य नाटिकाओं के माध्यम से भगवान महावीर का पावन के जन्म के उपलक्ष में हाथों पर मेहन्दी रचायी। मेहन्दी की लाभार्थी सरला बांठिया एवं विद्या खटवड़ थी। कोल्ड ड्रिंक के लाभार्थी अरूण बया एवं दिनेश नन्दावत थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम संयोजक वंदना बाबेल,चंचल माण्डावत,उषा मेहता, उषा कुणावत, सह संयोजक विद्या खटवड़,प्रमिला दलाल,प्रीति नागदा,सरिता कावड़िया ने बताया कि सभी कार्यक्रमों में महिलाओं ने उत्साह एवं उल्लास के साथ सहभागिता निभायी। संचालन वंदना बाबेल एंव चंचल माण्डावत ने किया। कार्यक्रमों की श्रृंखला में कल 9 अप्रेल को होने वाले सांस्कृतिक संध्या में की मुख्य संयोजक वंदना बाबेल सहित अन्य सदस्याओं ने बताया कि कल सायंकाल साढ़े सात बजे हिरणमगरी. से. 4 स्थित विद्यानिकेतन स्कूल में सांस्कृतिक सांया आयोजित की जायेगी। जिसमें सकल जैन समाज के महिला संगठनों दशा नरसिंहपुरा सास-बहु बेटी से.3 से 5,महावीरम त्रिशला महिला मण्डल, श्रमण संघ महिला मण्डल से. 4, सुन्दरी बहु मण्डल से. 5, पुष्प बहु मण्डल से. 3, नवकार बहु मण्डल, जैन महिला मंच, बीसा हुमड़ दिगम्बर वर्धनी मण्डल, बीसा नरसिंहपुरा युवा महिला संस्थान, महावीर चैत्यालय, चंदनबाला महिला मण्डल, महावीर महाविद्यालय, श्वेताम्बर महिला मण्डल, सुविधि महिला मण्डल, महावीर चैत्यालय नेमिनाथ नगर की महिलाओं द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।

## जल सेवा उत्तम सेवा-विधायक ताराचंद कोलपोल में जल सेवा का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** श्री कोलपोल व्यापार संघ द्वारा आज आम जनता की सेवार्थ अमृतम जलम् जल सेवा का शुभारंभ हुआ। व्यापार संघ के महामंत्री दीपक जैन ने बताया की सभी अतिथियों का स्वागत व्यापार संघ के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश चित्तौड़ा ने किया। जल सेवा का उद्घाटन शहर विद्यायक ताराचंद जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षता भाजपा नेता एवं व्यापार संघ संरक्षक डॉ जिनेंद्र शास्त्री ने की विशिष्ट अतिथि मुखर्जी मंडल उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने की। इस अवसर पर शहर विद्यायक जैन ने कहा कि व्यापार संघ द्वारा यह सेवा कार्य वास्तव में पुण्य का कार्य है,जो कि निरंतर संचालित किया जा रहा है। डॉ शास्त्री ने कहा कि विगत चार वर्षों से अनवरत चल रहे अमृतम् जलम् के माध्यम से जल सेवा से आमजन को प्रेरणा मिलती हैं। व्यापार संघ अध्यक्ष सूर्य प्रकाश चित्तोड़ा ने व्यापार संघ द्वारा सेवा के पुनीत कार्य एवम निरंतर संचालन पर सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया, संचालन महामंत्री दीपक जैन ने किया, इस अवसर पर उपाध्यक्ष मनोज मराठा, मंत्री विजय मेहता, कोषड्यक्ष सुशील जैन, कन्हैयालाल सोनी, विशाल धर्मावत, दक्ष मेहता, सुनील जैन, अनिल सोनी, भावेश जैन, दावूद भाई, हरीश सोनी, दीपांक सोनी, कैलाश शर्मा, राकेश शर्मा, जगदीप पोरवाल इत्यादि सदस्य उपस्थित थे।



## भाजपा स्थापना दिवस की श्रृंखला में मेडिकल हेल्थ चेकअप व दवा वितरण कार्यक्रम हुआ आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर चलाए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार को दलेलपुर स्थित देवनारायण मंदिर में मेडिकल हेल्थ चेकअप व दवा वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ । शहर संयोजक अशोक जैन ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत से पूर्व जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने बालाजी महाराज के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर की । मेडिकल शिविर में क्षेत्र के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ब्लड शुगर बीपी की जांच भी की गई जरूरतमंद लोगों को निशुल्क दवा वितरित की गई। स्कूली छात्र छात्राओं का भी इस दौरान स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में 80 लोग लाभान्वित हुए। मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि इस दौरान सर अध्यक्ष राजकुमार श्रंगी, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत ,जिला संयोजक संजय लाठी ने अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान शहर सहसंयोजक मनोज गौतम, पार्षद बालकिशन सोनी, गीत राम मीणा सहित ग्रामीण मौजूद थे। शिविर में चिकित्सा विभाग की ओर से डॉक्टर तरुण साल्वी, रिजवान कुरैशी, सपना सेन, फातिमा, प्रवीण गौतम ,पूजा गुर्जर, शिखा सैनी ने शिविर में अपनी सेवाएं दी।

### जलदाय मंत्री ने टोंक कलेक्ट्रेट सभागार में ली अधिकारियों की बैठक

## गर्मी में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित हों, अवैध जल कनेक्शन पर सख्त कार्रवाई करें : कन्हैया लाल चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल मंत्री श्री कन्हैयालाल चौधरी ने मंगलवार को जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में टोंक जिले में जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के हर घर को शुद्ध एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जल जीवन मिशन को वर्ष 2028 तक बढ़ाया है। इसके लिए अधिकारी पूरी निष्ठा से कार्य करें। जलदाय मंत्री ने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए जिले में चल रही पेयजल योजनाओं पर चर्चा कर अधिकारियों को पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, कहा कि अवैध जल कनेक्शनों पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएं। जिले में लगाए जाने वाले सभी नये हैंडपंप, ट्यूबवेल का काम अति शीघ्र पूरा करें। ग्रामीण क्षेत्रों में खराब हैंडपंप की शिकायत मिलने पर उसका समाधान तत्काल किया जाएं, ताकि आमजन को पेयजल के लिए परेशान नहीं होना पड़े। इस कार्य को गंभीरता से लें। श्री चौधरी ने राज्य सरकार की पेयजल संबंधी बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर



अधिकारियों से अपडेट स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन समय सीमा के भीतर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आमजन तक स्वच्छ पेयजल नियमित रूप से उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जल जीवन मिशन के तहत अधूरे कार्य जल्द पूर्ण कराकर आमजन को लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि जो ठेकेदार समय पर कार्य नहीं कर रहे हैं उन पर कार्यवाही करें। जलदाय मंत्री ने विधानसभा वार प्रगतिरत पेयजल परियोजनाओं की समीक्षा की तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों से पूर्ण हुए एवं होने वाले कार्यों की मॉनिटरिंग करने की बात कही। विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। लापरवाह कार्मिकों पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में देवली-उनियारा विधायक श्री राजेंद्र, गुर्जर, निवाई-पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, एडीएम रामरतन सौकरिया, एएसपी गीता चौधरी, चंद्रवीर सिंह चौहान, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, ओमप्रकाश गुप्ता समेत जलदाय विभाग के सभी अभियंता मौजूद

## श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ का शपथग्रहण व स्नेह मिलन समारोह, 10 अप्रैल को लोकरंजन परिषद् में आयोजित होगा

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर (नि.स.)।** लोक रंजन परिषद सरदारशहर में श्री छः न्याति ब्राह्मण समाज का शपथग्रहण एवं स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम हेतु तैयारियों व विप्र बन्धुओं से सम्पर्क हेतु आवश्यक बैठक रखी गई। संस्था के मीडिया प्रभारी ताराचंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया दिनांक 10 अप्रैल को संस्था का शपथ ग्रहण समारोह एवं स्नेह मिलन समारोह आयोजित होगा। जिसमें साधु संतों का सानिध्य मिलेगा। साधु संतों के आशीर्वाद से सरदार शहर में श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ की कार्यकारिणी की विधिवत शुरुआत होगी। छगनलाल सेवदा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज मे शिक्षा से विमुख परिवारों को जागरूक कर उनको सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने का प्रयास करना चाहिए। दाधीच समाज के अध्यक्ष सुरेन्द्र दाधीच ने कहा समाज के कई ऐसे प्रतिभावान व्यक्ति जो शिक्षा, स्वास्थ्य, ज्योतिष या अन्य किन्ही क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं। समर कैंप के माध्यम से समाज के बच्चों को एक स्थान पर एकत्रित करके उनको विभिन्न प्रकार का ज्ञान व धर्म की शिक्षा प्रदान करनी चाहिए।

## हज यात्रियों की पहली फ्लाइट 1 मई से शुरू होगी-जावेद इकबाल

### जिले के 119 हज यात्री समेत राजस्थान से 3 हजार 420 हाजी हज यात्रा पर जाएंगे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** हज यात्रा 2025 के लिए सांगानेर एयरपोर्ट जयपुर से गुरुवार, 1 मई से हज यात्रियों की पहली फ्लाइट शुरू होगी। यह फ्लाइट सांगानेर जयपुर एयरपोर्ट से मदीना एयरपोर्ट जाएगी। राजस्थान स्टेट हज कमेटी के सदस्य जावेद इकबाल ने बताया कि हज यात्रियों की वापसी जद्दा एयरपोर्ट से सांगानेर एयरपोर्ट के लिए होगी। उन्होंने बताया कि राज्य के हज यात्रियों के लिए राजस्थान को एयर इंडिया एक्सप्रेस एयरलाइंस मिली है। कमेटी सदस्य इकबाल ने बताया कि संपूर्ण राजस्थान से 3 हजार 420 हाजी हज यात्रा पर जाएंगे जिसमें टोंक जिले के 119 हज यात्री भी शामिल है।



## ज्योतिबा फुले के किरदार में नजर आएंगे प्रतीक गांधी : एक्टर बोले-

# ‘मुझे हमेशा ऐसा काम करना था, जिससे ऑडियंस के जेहन में बस जाऊं’

**स्कैम 1992 के बाद प्रतीक गांधी दर्शकों के दिलों पर छा जाने वाले अभिनेता के रूप में उभरे हैं। वह अपनी हर भूमिका में नया रंग भरते हैं। धूम धाम की सफलता के बाद, अब वे फुले में ज्योतिबा फुले के किरदार में नजर आएंगे। इस इंटरव्यू में, उन्होंने अपने करियर, चुनौतियों और भविष्य की योजनाओं पर खुलकर बात की...**

### ‘धूम धाम’ को लेकर किस तरह की प्रतिक्रियाएं मिलीं?

‘धूम धाम’ के लिए बहुत अच्छी प्रतिक्रिया मिली। लोगों ने बहुत प्यार और सराहना दी। मुझे बहुत मजा आया। सारा परिवार एक साथ बैठ के देख पाए ये वैसी फिल्म थी। इसलिए शायद हर एक अलग-अलग उम्र के लोगों को बहुत पसंद आई है। वैसे ज्यादा प्रतिक्रिया तो यही मिली कि फिल्म एंटरटेनिंग है। बाकी हम तक सोशल मीडिया के जरिए या अखबारों के जरिए जो प्रतिक्रियाएं आती हैं वहीं पहुंचती हैं। कभी-कभार जब इंटरव्यू में इंट्रैक्शन होता है, तब पता चलता है कि हम दर्शकों का कहां तक प्रभावित कर पाए हैं।

### ‘फुले’ के लिए किस तरह की तैयारियां रहीं? किरदार को आत्मसात करने में कितना समय लगा?

मैं इसके पहले भी ‘अग्नि’ में मराठी किरदार कर चुका हू ?। ऐसे में मराठी भाषा या मराठी लहजा पकड़ने में उतनी दिक्कत नहीं हुई। कुछ सालों से मुंबई में रह के मराठी सुन-सुन के सीख गया हूं। मैं तो पढ़ा भी जलगांव में हूं। ग्रेजुएशन वहीं से की तो मराठी से इतना भी अपरिचित नहीं था। हां, उसका व्याकरण अभी एकदम से दिमाग में नहीं आता कि धारा-प्रवाह बोल पाऊं। लेकिन जब डायलॉग्स लिखे होते हैं उससे बोलने में आसानी होती है।

मैंने फिल्म ‘फुले’ में ज्योतिबा फुले का किरदार किया है। उन्होंने इतिहास, समाज या पूरे देश में परिवर्तन के लिए जो काम किया था, वो दिखाने की कोशिश की है। उनका किरदार निभाने से पहले उनके बारे में जानना ज्यादा जरूरी था। स्कूल में जो पढ़ा है, वो बहुत ही संक्षेप में था। फिर जब रिसर्च की तो इस कहानी के माध्यम से मुझे बहुत डिटेल में उनकी शख्सियत और जीवन के बारे में जानने को मिला है। बाकी इसके डायरेक्टर अनंत महादेवन जी हैं। राइटर भी वहीं है तो इसके लिए रिसर्च तो जमकर हुई है। उनका मानना था कि अंग्रेजों से अगर लड़ना है या किसी भी बाहरी ताकत से लड़ना है तो वो लड़ाई अस्त्र-शस्त्र से नहीं जीती जा सकती। वो सिर्फ ज्ञान से ही जीती जा सकती। तो उनके इस चरित्र के बारे में जानना ज्यादा जरूरी था।

### ‘फुले’ के लिए आपको कब अप्रोच किया गया था?

मैंने अनंत महादेवन जी के साथ ‘स्कैम 1992’ में भी काम किया था। स्कैम’ सीरीज के रिलीज होने के बाद उन्होंने मुझे अप्रोच किया था। उन्होंने मेरा ‘मोहन नो मसालो’ नाम का नाटक भी देखा, जो हिंदी, गुजराती और अंग्रेजी में था। जब वह ‘फुले’ डायरेक्ट करने की सोच रहे थे, तब उन्होंने मुझसे कहा था कि एक सब्जेक्ट है, अगर आपको अच्छा लगता है तो हम साथ में काम करेंगे।

### पत्रलेखा के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?

पत्रलेखा के साथ काम करने के अनुभव अच्छा था। उनके साथ काम करने में बहुत मजा आया। वो बड़ी सुलझी हुई कलाकार हैं। उनकी परफॉर्मेंस देने और स्क्रिप्ट को समझने की एक बड़ी ही नेचुरल सी प्रक्रिया है। हम काफी कुछ सीन पर पहले ही चर्चा कर लेते थे। कई बार इम्प्रोवाइज भी करते थे, क्योंकि हमने ये पूरी फिल्म सतारा रीजन में शूट की है। हम सब लोग घर से दूर थे, एक कैंप में ही रह रहे थे। इस फिल्म के दौरान ही मैं पत्रलेखा से मिला, उनसे दोस्ती हुई। इसमें वह मेरी पत्नी सावित्री बाई फुले के रोल में हैं।



### आपको ऑडियंस हर रोल में पसंद कर रही है। क्या कहना है?

अगर ऐसा है तो मैं क्या ही कहूं। मेरे लिए बड़ी बात है। जब ऐसी बातें कही जाती हैं तो अच्छा लगता है कि चलो मैं यही चाहता था। और अब यह हो रहा है। हर एक एक्टर की ख्वाहिश होती है कि वह ऑडियंस के दिल तक पहुंच जाए। बतौर एक्टर हमारी भी यह कोशिश होती है कि ऐसा काम करें कि लोगों को दिलों में उतर जाएं। मेकर्स के जेहन में बस जाएं। जब भी कोई फिल्ममेकर प्रोजेक्ट बनाने का सोचे तो सबसे पहले उनके दिमाग में आपका फेस आए।

### क्या आपने एक्शन फिल्म करने का सोचा है?

मेरा बहुत मन है फुल ऑन एक्शन फिल्म करना का। मैं तो एक भी जॉनर नहीं छोड़ना चाहता हूं। मैं हर तरह का काम करना चाहता हूं। पर्सनली कहूं तो मुझे फिजिक्स के दायरे से बाहर का एक्शन खुद समझ नहीं आता है।

ऐसे एक्शन सीन में मुझे हंसी आ जाती है कि एक आदमी जमीन पर पैर पटकता है और कई लोग गिर जाते हैं। लेकिन क्या करें, लोगों को पसंद भी वही आ रहा है। मुझे ऐसे सीन देखकर वीडियो गेम वाली फील आती है। बाकी मौका मिलने पर जरूर करूंगा। मेरे पास एक-दो एक्शन फिल्म की स्क्रिप्ट आई थीं, लेकिन वो मुझे अच्छी नहीं लगीं।

### आने वाले प्रोजेक्ट्स को लेकर कुछ शेयर करेंगे कि किस स्टेज पर हैं?

‘घमासान’ करके एक फिल्म है, जो तिग्मांशु धूलिया ने डायरेक्ट की है। वह एक कॉप ड्रामा है। वह बनकर तैयार है। पिछले दिनों इसे सिनेवेस्टर अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिखाया गया। उससे पहले मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में भी इसे सराहा गया था। ये फिल्म जल्द ही रिलीज होगी। बाकी 11 अप्रैल को ‘फुले’ रिलीज हो रही है।

# कंगना रनोट बोलीं- पीएम मोदी मनुष्य नहीं अवतार

## 2014 से पहले देश को सब खा रहे थे, प्रधानमंत्री आए तो विकास शुरू हुआ

**हिमाचल के मंडी से बीजेपी सांसद एवं बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी साधारण मानव नहीं अवतार हैं। 2014 तक वह वोट देने भी नहीं जाती थीं। नेताओं से नफरत सी हो गई थी, लेकिन अब अच्छा खासा काम छोड़कर राजनीति में आ गई हैं। क्योंकि अब हमारे पास नरेंद्र मोदी के रूप में अच्छे नेता हैं। इससे पहले देश को सब खा रहे थे, बर्बाद कर रहे थे। कंगना रनोट ने ये बात सोमवार को मंडी में जोगिंद्रनगर के लडभड़ोल में आयोजित एक जनसभा में कही। इस दौरान उन्होंने हिमाचल सरकार पर भी निशाना साधा। कंगना रनोट इससे पहले भी पीएम मोदी को भगवान राम का अवतार बता चुकी हैं। कंगना ने जनवरी 2024 में लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान कहा था कि मैं पीएम मोदी में रामचंद्र भगवान का अंश देखती हूं। मैं उनकी सेना में हूं। मैं तो स्वयं रामसेतु निर्माण की उस गिलहरी की भांति हूं जो अपना योगदान इस पार्टी में अब देने जा रही हूं। मेरे लिए यही सबसे बड़ा सौभाग्य है।**





## जनसभा में सांसद कंगना रनोट ने कहीं 3 बड़ी बातें...

### 1. 2014 से पहले राजनीति को दुर्भाग्य समझते थे

कंगना रनोट ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा - 2014 से पहले तो हम भी राजनीति को एक तरह से दुर्भाग्य समझते थे। हालांकि यह शर्मिंदगी की बात है, लेकिन हम वोट भी देने नहीं जाते थे। युवाओं के दिलों में एक कशिश थी या कहे कि नफरत थी पॉलिटिशन को लेकर, सोचते थे कि क्या करते हैं वो। उन्होंने कहा सब खाया जा रहा था, बर्बाद किया जा रहा था, कुछ नहीं था। नरेंद्र मोदी 2014 में आए, तो हमने ये दिन देखा। अब देश विकास के पथ पर तेज रफ्तार से दौड़ रहा है।

### 2. हिमाचल की दुर्दशा देखकर दुख होता है

कंगना ने आगे कहा हिमाचल की दुर्दशा देखकर दुख होता है। कांग्रेस सरकार के राज में हिमाचल प्रदेश के हालात बेहद बिगड़े हुए हैं। अपने प्रदेश की यह दुर्दशा देखकर उन्हें बहुत दुख होता है। कांग्रेस ने मंडी की महिलाओं को बदनाम करने के लिए कैसी-कैसी साजिश रची। मंडी की महिलाओं के भाव पूछे गए। मगर जैसा तमाचा मंडी से लगा है, दूसरी बार कभी किसी महिला का अपमान नहीं कर पाएंगे।

### 3. संसद में वोट करते वक्त आती है हिमाचल की याद

उन्होंने कहा कि जब वह लोकसभा में बैठकर वोट करती हैं तो हिमाचल की जनता की याद आती है। उन्होंने कहा कि वह धन्य हैं कि एक सामान्य बेटी को लोगों ने संसद में भेजा है। इस दौरान कंगना ने पहाड़ी भाषा में कहा कि बॉलीवुड में रहते हुए भी वह हिमाचल आने को तरसती थीं। सांसद चुनी जाने के बाद जल्द से जल्द लोगों से मिलना चाहती थीं।

## कंगना रनोट को देखने उमड़ी भीड़

कंगना को सुनने और देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ी। उनके कार्यक्रम से पहले ही लोग सभास्थल के पास पहुंच गए थे। जब कंगना पहुंची तो लोगों के साथ बीजेपी कार्यकर्ताओं ने उन्हें गुलाब के फूल देकर स्वागत किया।

## पहले भी कई बार पीएम मोदी की तारीफ कर चुकी हैं

**सितंबर 2023:** कंगना ने पीएम मोदी को उनके जन्मदिन पर बधाई देते हुए उनकी तुलना भगवान राम से की। उन्होंने कहा, आप भारत के प्रधानमंत्री ही नहीं बल्कि भगवान राम की तरह आपका नाम इस देश की चेतना में हमेशा के लिए अंकित हो गया है। ?

**जनवरी 2024 :** पीएम नरेंद्र मोदी आंध्र प्रदेश के लेपाक्षी में वीरभद्रा मंदिर पहुंचे थे। यहां उन्होंने पूजा-अर्चना की थी। यहां पूजा करते हुए उनकी एक फोटो कंगना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। साथ ही लिखा- हम सभी जानते हैं कि मोदी जी हममें से एक हैं। ऐसा क्या है जो उन्हें इतना असाधारण बनाता है... मेरा मानना है कि उनके इरादे, भावना, इमोशंस और एक्शन। आज की यह तस्वीर देखो, उनकी आंखें देखो, सिर्फ एक लुक है.... लेकिन यह तेज तलवार से भी ज्यादा तेज और चमकदार है।

**मई 2024 :** एक साक्षात्कार में कंगना ने कहा था- जो छोटे मुकाम से इतनी उपलब्धियों पर आए तो ये कहना गलत नहीं हैं कि मोदी जी के साथ कोई दैवीय शक्ति तो है, जिसका आशीर्वाद उनको मिला हुआ है।

**नवंबर 2024 :** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर कंगना ने कहा था कि आज भारत की जनता ब्रांड पर विश्वास करती है और पीएम मोदी एक ब्रांड का नाम है।

# मलाइका अरोड़ा के खिलाफ फिर जमानती वारंट जारी : 13 साल पुराने मामले में सुनवाई होगी



**मलाइका अरोड़ा के खिलाफ मुंबई की लोकल कोर्ट ने फिर से जमानती वारंट जारी किया है। मामला सैफ अली खान से जुड़ा हुआ है। दरअसल, 13 साल पहले सैफ और उनके दो दोस्तों पर मुंबई के 5 स्टार होटल में साउथ अफ्रीकन बिजनेसमैन और उसके ससुर पर हमला करने का आरोप लगाया गया था। मलाइका भी उस वक्त सैफ के साथ मौजूद थीं, लेकिन वो गवाह के तौर पर कोर्ट में पेश नहीं हुईं।**

### मलाइका अरोड़ा के खिलाफ जमानती वारंट जारी

मुंबई की एस्प्लेनेड कोर्ट के एस झंवर इस मामले की जांच कर रहे हैं। कोर्ट ने सबसे पहले 15 फरवरी को मलाइका अरोड़ा के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। सोमवार को यह वारंट फिर से जारी किया गया क्योंकि वह अदालत में पेश नहीं हुईं। इस मामले की अगली सुनवाई 29 अप्रैल को होगी।

### साल 2012 की घटना में मलाइका का नाम

यह घटना 22 फरवरी 2012 की है। सैफ अली खान अपनी वाइफ करीना कपूर खान, करिश्मा कपूर, मलाइका अरोड़ा, अमृता अरोड़ा और कई दूसरे मेल फ्रेंड्स मौजूद थे। सभी मुंबई के एक फाइव-स्टार होटल में डिनर के लिए गए थे।

### सैफ समेत कई लोगों का नाम शामिल

पुलिस के मुताबिक, शर्मा ने एक्टर और उनके दोस्तों के जोर-जोर से बोलने का विरोध किया था, तो सैफ अली खान ने उन्हें धमकी दी और उनकी नाक पर मुक्का मारा था, जिस कारण उनकी नाक में फ्रैक्चर आ गया था। हत्रञ्ज बिजनेसमैन ने सैफ और उनके दोस्तों पर उन्हें और उनके ससुर रमन पटेल के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया था।?

### सैफ ने भी लगाए थे आरोप

सैफ का दावा- इकबाल ने महिलाओं पर भद्दे कमेंट्स पास किए सैफ ने दावा किया था कि इकबाल ने उस दौरान वहां मौजूद महिलाओं पर भद्दे कमेंट किए थे, जिस कारण झगड़ा हुआ था। पुलिस ने 21 मार्च 2012 को इस मामले में चार्जशीट दाखिल की थी। जिसके तहत सैफ अली खान और उनके दोनों दोस्तों को इंडियन पीनल सेक्शन 325 (जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाने) और सेक्शन 34( मारपीट) के तहत आरोपी पाया गया है।

बुरों के प्रति बुरा बनने में नहीं, बल्कि उनसे दूर रहने में भलाई है।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## जयपुर में 11 अप्रैल से शुरू होगा ऑपरेशन भौकाल : बिना परमिट चलने वाले वाहनों पर होगी सख्त कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में 11 अप्रैल से बिना परमिट, बिना टैक्स और तय रूट के बाहर चल रहे वाहनों के खिलाफ बड़ा अभियान शुरू किया जाएगा। ऑपरेशन भौकाल नाम से चल रहे इस अभियान को आरटीओ प्रथम और ट्रैफिक पुलिस मिलकर संचालित करेंगे। इसमें खासतौर पर मैजिक टैम्पो, ई-रिक्शा और निजी बसों को टारगेट किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान जिन वाहनों में परमिट शर्तों का उल्लंघन पाया जाएगा, उन्हें मौके पर ही सीज कर दिया जाएगा। आरटीओ प्रथम राजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया- यह अभियान शहर को भीड़भाड़ से राहत दिलाने, कर अपवंचन रोकने और ऐसे वाहनों पर शिकंजा कसने के लिए शुरू किया जा रहा है। जो लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुके हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में नारायण सिंह सर्किल से अवैध पार्किंग हटाकर जाम की समस्या को काफी हद तक नियंत्रित किया गया है। अब शहरभर में नियम विरुद्ध चल रहे वाहनों को रोकने के लिए यह संयुक्त अभियान शुरू किया जा रहा है।

### आरटीओ और ट्रैफिक पुलिस का संयुक्त अभियान

आरटीओ शेखावत ने बताया कि कुल छह टीमों का गठन किया गया है, जो डीसीपी ट्रैफिक शाहीन सी और उनके निर्देशन में काम करेंगी। ये टीमें लोक परिवहन की बसें, स्टेज कैरिज, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज, फैक्ट्रियों में चल रही बसें और स्कूल वैन जैसी बाल वाहिनी पर खास नजर रखेंगी। अभियान में टैक्स और परमिट की अनियमितता पाए जाने पर मौके पर ही चालान और वाहन सीज की कार्रवाई की जाएगी।

## राजस्थान में 30 के बजाय 50 हजार को कराएंगे तीर्थयात्रा

### सीनियर सिटीजन के लिए अब एसी ट्रेन, बोगियों पर महापुरुषों के चित्र



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में इस साल से कई बदलाव होने जा रहे हैं। राज्य सरकार बुजुर्गों के लिए तीर्थ यात्रा आकर्षक और आरामदायक बनाने जा रही है। स्लीपर के बजाय इस बार एसी ट्रेन होगी।

इसके अलावा 10 सालों में पहली बार यात्रियों की संख्या में भी इजाफा कर दिया गया है। अब 30 हजार के बजाय 50 हजार वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा कराई जाएगी। यात्रा में राजस्थान की कला-संस्कृति,पर्यटन और आध्यात्म की भी झलक देखने को मिलेगी।

### ट्रेन में धार्मिक स्थल और महापुरुषों के चित्र

वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की ट्रेन का स्वरूप इस बार बदला-बदला नजर आएगा। देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत ने अधिकारियों को राजस्थानी शैली के अनुरूप कस्टमाइज डिजाइन तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

ट्रेन को इस प्रकार से डिजाइन किया जाएगा कि दूसरे राज्यों में भी ये आकर्षण का केंद्र बन सके। विशेष ट्रेन के बाहरी हिस्सों पर राजस्थानी कला-संस्कृति की झलक दिखने के साथ ही प्रमुख पर्यटन स्थलों-धरोहर,धार्मिक स्थल और महापुरुषों के चित्र उकेरे जाएंगे। हालांकि, इंटीरियर में बदलाव की गुंजाइश नहीं है, लेकिन ट्रेन की खिड़कियों और गेट की भी सजावट की जा सकती है।

### सामान्य स्लीपर के बजाय एसी ट्रेन में यात्रा

साल 2013 से जारी योजना में अब तक सामान्य स्लीपर ट्रेन में यात्रा का प्रावधान किया हुआ था। इस बार ये यात्रा एसी ट्रेन में होगी। दरअसल,ये तीर्थ यात्रा गर्मियों के दिनों में होती है। ऐसे में नॉन एसी होने के कारण बुजुर्गों के लिए थोड़ी मुश्किल भरी होती है। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि एसी ट्रेन होने से बुजुर्गों के लिए यात्रा आरामदायक होगी।

### पहली बार यात्रियों की संख्या व बजट में इजाफा

अब तक वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना में ट्रेन से 30 हजार यात्रियों को यात्रा कराने का प्रावधान था। इस साल से अब 50 हजार यात्रियों को तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जाएगी। यात्रियों की संख्या में इजाफा करने के पीछे मुख्य कारण यह है कि पिछले साल प्रदेशभर से करीब डेढ़ लाख आवेदन आए थे। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों को यात्रा कराने के उद्देश्य से संख्या में बढ़ोतरी की गई है।





## वक्फ कानून आज से लागू : पश्चिम बंगाल में हिंसा, प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया, गाड़ियां जलाईं; पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस छोड़े

बढ़ता राजस्थान

**मुर्शिदाबाद।** वक्फ संशोधन कानून मंगलवार से देशभर में लागू कर दिया गया है। गृहमंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को लोकसभा से, 3 अप्रैल को राज्यसभा से पास हुआ था। 5 अप्रैल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बना था। इससे पहले पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में मंगलवार शाम को वक्फ कानून के विरोध के दौरान हिंसा भड़क गई है। कई वाहनों को प्रदर्शनकारियों ने आग लगा दी है। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों से झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हैं। वक्फ कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद में मुस्लिम संगठन प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। पुलिस ने उन्हें खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया। भीड़ हिंसक हो गई। लोगों ने पुलिस के वाहन और अन्य वाहनों में आग लगी दी। इसके बाद भारी पुलिसबल मौके पर तैनात किया गया है। वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अबतक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 11 अप्रैल से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

कांग्रेस का 84वां अधिवेशन

## भाजपा-संघ के विचारधारा वाले लोग गांधीजी का चश्मा-छड़ी चुरा सकते हैं, उनके आदर्श नहीं : खड़गे

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद ( एजेंसी )।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत है। यह हास्यास्पद है कि आज वह संगठन, जिसका स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान नहीं है, उनकी विरासत का दावा कर रहा है। खड़गे ने आरोप लगाया कि आज भाजपा और संघ परिवार के लोग गांधी से जुड़ी संस्थाओं पर कब्जा कर रहे हैं और उन्हें उनके वैचारिक विरोधियों को सौंप रहे हैं। उन्होंने वाराणसी में सर्व सेवा संघ पर भी कब्जा कर लिया है। आप सभी जानते हैं कि गुजरात विद्यापीठ में क्या हुआ।खड़गे ने आरोप लगाया कि गांधीवादी और सहकारी आंदोलन के लोगों को हाशिए पर रखा जा रहा है। ऐसी सोच रखने वाले लोग गांधीजी का चश्मा चुरा सकते हैं और छड़ी मार सकते हैं। लेकिन वे कभी भी उनके आदर्शों का पालन नहीं कर सकते। खड़गे अहमदाबाद में कांग्रेस के 84वें अधिवेशन में बोल रहे थे।

### भाजपा जानबूझकर नेहरू-पटेल को एक-दूसरे का विरोधी बताती है

उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सुनियोजित साजिश की जा रही है। कांग्रेस पार्टी के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है, जिसका पिछले 140 वर्षों से देश की सेवा और लड़ाई का गौरवशाली इतिहास है। उन्होंने भाजपा-आरएसएस पर हमला करते हुए कहा कि उनके पास स्वतंत्रता संग्राम में अपने योगदान के रूप में दिखाने के लिए कुछ भी नहीं है।




**पटेल और नेहरू के किस्से सुनाए**-खड़गे ने कहा- कई घटनाएं और दस्तावेज पटेल और नेहरू के सौहार्दपूर्ण संबंधों के गवाह हैं। खड़गे ने 1937 में गुजरात विद्यापीठ में सरदार पटेल के भाषण का हवाला देते हुए एक घटना सुनाई। उन्होंने बताया- उस दौरान नेहरू कांग्रेस के अध्यक्ष थे और गुजरात के युवा चाहते थे कि उन्हें प्रांतीय चुनावों में प्रचार के लिए बुलाया जाए। सरदार पटेल ने 7 मार्च 1937 को कहा था कि जिस दिन गुजरात इस चुनाव आंदोलन में विजयी होकर कांग्रेस के प्रति अपनी वफादारी साबित करेगा, हम कांग्रेस अध्यक्ष नेहरूजी का फूलों से स्वागत करेंगे। आप इस बात से समझ सकते हैं कि सरदार नेहरूजी से कितना प्यार करते थे।

**सरदार पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया**-खड़गे ने कहा- पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत थी। उन्होंने संगठन पर प्रतिबंध भी लगाया था।

लेकिन यह हास्यास्पद है कि आज उस संगठन के लोग सरदार पटेल की विरासत का दावा करते हैं। उन्होंने दावा किया कि महात्मा गांधी और सरदार पटेल ने बाबा साहेब अंबेडकर को संविधान सभा का सदस्य बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी

## कुंभलगढ़ अभयारण्य में लगी भीषण आग

### मेवाड़ से मारवाड़ तक फैली, वन्यजीवों और वनसंपदा पर संकट गहराया

**बाली।** राजसमंद ज़िले के कुंभलगढ़ वन्य अभयारण्य की बोखाड़ा रेंज में लगी भीषण आग अब फैलकर मारवाड़ सीमा अभयारण्य की सादड़ी रेंज तक पहुंच चुकी है। यह आग पर्वतमालाओं में भारी तबाही मचा रही है, जिससे वन्यजीवों और अमूल्य वनसंपदा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। राजसमंद के उप वन संरक्षक कस्तूरी प्रशांत सुले और सहायक वन संरक्षक प्रमोदसिंह नरुका के नेतृत्व में आग पर नियंत्रण पाने के प्रयास जारी हैं। सोमवार देर रात तक पर्वतीय क्षेत्रों से आग



की लपटें साफ नजर आ रही थीं। सूखी घास और लेन्टाना झाड़ियों ने आग की तीव्रता को और बढ़ा दिया है। आग का प्रभाव अब मेवाड़ के सायरा सामाजिक वानिकी अरण्य, सेजिया महादेव जोड़, और मालगढ़ क्षेत्र से होता हुआ मारवाड़ सीमा के लाटाडा, पीपला और राणकपुर सूर्य मंदिर तक फैल चुका है। यहां तक कि नलवानिया बांध के निकट स्थित एक निजी रिसॉर्ट की पहाड़ियों में भी आग की लपटें देखी गईं।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# राजस्थान में लू का रेड अलर्ट जारी...

### अब रात भी गर्म होने लगी, जैसलमेर-बाड़मेर में पारा 45 पार, 11 अप्रैल को बारिश की संभावना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में गर्मी के तेवर तल्ख होने लगे हैं। अब दिन के साथ रात भी गर्म होने लगी है। कुछ शहरों का पारा 45 के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग ने आज (मंगलवार) बाड़मेर जिले में हीटवेव का रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 6 जिलों के लिए ऑरेंज और 12 जिलों के लिए येलो अलर्ट है। उधर, 11 अप्रैल को मौसम बदलेगा। बादल छाएंगे और बारिश होने की भी संभावना है। फलोदी जिले में रात का न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जोधपुर, उदयपुर में भी रात का न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं जा रहा। जैसलमेर-बाड़मेर में दिन का अधिकतम तापमान दूसरे दिन भी 45 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### 9 अप्रैल तक सताएगी गर्मी

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, राज्य में भीषण गर्मी का दौर 9 अप्रैल तक जारी रहने की संभावना है। 11 अप्रैल से प्रदेश में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके असर से बादल छाने और कहीं-कहीं हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है। इसके बाद लोगों को इस तेज गर्मी से थोड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे अधिक तापमान 45.6 बाड़मेर में और 45.4 जैसलमेर जिले में दर्ज हुआ। इन दोनों ही शहरों में कल दिन का तापमान औसत से करीब 8 डिग्री सेल्सियस ऊपर दर्ज हुआ। इन दोनों ही शहरों में दिन में तेज गर्मी रही और हीटवेव का सबसे अधिक प्रभाव रहा। इसी तरह श्रीगंगानगर, जोधपुर, चूरू में अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 44.3, फलोदी में 43.4, चित्तौड़गढ़ में 44.4, कोटा में 44.1, जयपुर में 41.8, अजमेर में 42.1, भीलवाड़ा में 43, अलवर, सीकर में 41.5, उदयपुर में 41.9, डूंगरपुर में 42.3, नागौर, बारां में 41.4 और पाली में 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

### रात में भी तेज हुई गर्मी

फलोदी, जोधपुर, बाड़मेर, बीकानेर, उदयपुर, अजमेर में रात का न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं आ रहा। कल (सोमवार) फलोदी में रात का न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग केन्द्र जयपुर ने आज से 9 अप्रैल तक राज्य में दिन के साथ रात में गर्मी तेज पड़ने की आशंका जताते हुए वार्म नाइट का अलर्ट जारी किया है।

### 10 अप्रैल से गर्मी से राहत मिलने की संभावना

10 अप्रैल को तेज गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने केवल श्रीगंगानगर, झुंझुनूं, अलवर और भरतपुर जिलों के लिए ही येलो अलर्ट जारी किया है। 11 अप्रैल से राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और कहीं-कहीं उत्तर-पश्चिमी राजस्थान के जिलों में बादल छाने, आंधी चलने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इस दौरान तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है।